दैनिक

# सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

शिवपुरी ■ शुक्रवार 31 जनवरी 2025 ■ वर्ष -25 ■ अंक-241 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**

परमात्मा कभी किसी का भाग्य नहीं लिखता। हमारी सोच, कर्म, व्यवहार ही हमारा भाग्य बनाते हैं।

# सिस्मेक्स को मध्यप्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश का ऑफर

## जापान दौरे के दौरान सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया आमंत्रित

## रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का भी दिया सुझाव



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का कोबे (जापान) में सिसमैक्स कॉर्पोरेशन सॉल्यूशन सेंटर में एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट शिनजिरो आकामात्सु ने स्वागत किया।

- कोबे में मप्र की मेडिकल टेक्नोलॉजी में निवेश को लेकर की बैठक
- कोबे में सिस्मैक्स कारपोरेशन सॉल्यूशन सेंटर भी गए

सत्ता सुधार ■ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने जापान के कोबे स्थित सिस्मैक्स कारपोरेशन सॉल्यूशन सेंटर का दौरा कर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मेडिकल टेक्नोलॉजी और जीवन विज्ञान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर गहन चर्चा की। सिस्मैक्स टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है, उन्नत चिकित्सा अनुसंधान और हेल्थकेयर नवाचार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने सिस्मैक्स कोबे को मप्र में मेडिकल डायग्नोस्टिक उपकरणों की विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव देकर आमंत्रित किया। उन्होंने सिस्मैक्स को प्रदेश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का सुझाव भी दिया। मुख्यमंत्री ने सिस्मैक्स सॉल्यूशन सेंटर के निर्माण और अनुसंधान केन्द्र का दौरा कर कंपनी की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया। उन्होंने सिस्मैक्स के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में हेल्थकेयर और मेडिकल टेक्नोलॉजी क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार इस क्षेत्र के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होकर सिस्मैक्स जैसी कंपनियों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए तैयार है।

### उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क

मुख्यमंत्री ने सिस्मैक्स को आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार उज्जैन के समीप एक मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित कर रही है, जिसमें विश्व स्तरीय आधारभूत सुविधाएं और विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मप्र पहले से ही फार्मास्युटिकल सेक्टर में बेहतर स्थिति में है, जिससे मेडिकल डिवाइस उद्योग के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं। पीथमपुर स्पेशल इकोनॉमिक झोन जिसमें 80 से ज्यादा फार्मा इकाइयां स्थापित हैं। देश की टॉप 10 फार्मा कम्पनीज में से 6 की यूनिट मध्यप्रदेश में स्थापित हैं।

### कर सकते हैं अनुसंधान केंद्र स्थापित

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में स्थापित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। इस केंद्र में भारत के लिए नए और उन्नत मेडिकल उपकरणों पर अनुसंधान किया जा सकता है। जापानी विशेषज्ञ भारतीय इंजीनियरों और तकनीशियनों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं। सरकार नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे एआई-संचालित मेडिकल टेस्ट, डिजिटल हेल्थ सेवाएं और मोबाइल हेल्थ यूनिट जैसी सुविधाएं विकसित की जा सकें।

### निवेशकों के लिए फायदेमंद

सीएम ने यह भी बताया कि मप्र का देश के केन्द्र में स्थित होना निवेशकों के लिए फायदेमंद है। यहां से पूरे भारत में मेडिकल उपकरणों की सप्लाई आसानी से की जा सकती है और वैश्विक स्तर पर निर्यात को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। सरकार निवेशकों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी, जिसमें बेहतर आधारभूत सुविधाएं, टैक्स में विशेष रियायतें और उद्योगों को अनुकूल माहौल उपलब्ध कराना शामिल है।

## ब्रीफ न्यूज

### गोल्ड मेडल जीतने वाले मुक्केबाज ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने वाले पूर्व मुक्केबाज मनोज कुमार ने गुरुवार को कोचिंग में अपना करियर शुरू करने के लिए संन्यास लेने की घोषणा की। 39 वर्षीय मनोज कुमार ने 2010 के दिल्ली खेलों में अपना पहला और एकमात्र राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक जीता था। वह दो बार एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता भी हैं।

### कनाडा बोला-निज्जर की हत्या में भारत का हाथ नहीं

**ओटावा।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का कोई सबूत नहीं मिला है। यह बात विदेशी हस्तक्षेप पर कनाडा सरकार की तरफ से गठित मैरी जोसी हॉग आयोग ने कही है।

### सावधान! देश के 16 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** दो नए पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने के चलते फरवरी महीने के पहले हफ्ते में उत्तर भारत में मौसम बिगड़ने वाला है। भारत मौसम विभाग विभाग ने 16 राज्यों में हल्की से भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सात राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

### बड़ी राहतः अब बिना वीजा भी रूस जा सकेंगे भारतीय

**मुंबई।** अगर लोग समूह में रूस की यात्रा पर जा रहे हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि बिना वीजा के यात्रा करने की अनुमति मिल जाए। मॉस्को सिटी टूरिज्म कमेटी के चेयरमैन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब पर्यटकों का कोई समूह एक साथ रूस की यात्रा कर रहा है, तब बिना वीजा के यात्रा के लिए दस्तावेज में उन सभी की संख्या लिखनी होगी।

### हैदराबाद के एयरपोर्ट पर बम होने की धमकी

**नई दिल्ली।** राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बम की धमकी वाला कॉल आया, जिसके बाद हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बम निरोधक दस्ते के साथ गहन जांच की। अधिकारियों ने आगे बताया कि नितिन नाम के व्यक्ति ने कथित तौर पर हवाई अड्डे पर लगभग 100 कॉल की थीं।

### बापू को श्रद्धांजलि के बाद सीएम नीतिश ने बजाई ताली

**पटना।** गुरुवार को महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि थी। पूरे देश ने उन्हें याद किया। पटना में भी बापू के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। सीएम नीतीश महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद ताली बजाने लगे।

### बिहार में कांग्रेस सांसद को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**पटना।** सासाराम के कांग्रेस सांसद मनोज कुमार पर जानलेवा हमला हुआ। कैमूर के मोहनिया में सांसद मनोज राम पर हमला हुआ। पैक्स चुनाव के बाद निकल रहे जुलूस और स्कूल बस के ड्राइवर के बीच झड़प हो गई थी।

# जेके सीमेंट प्लांट हादसा पांच श्रमिकों की मौत



- 30 घायलः पन्ना में निर्माणाधीन छत का स्लैब गिरा
- छत गिरने से कई मजदूरों के दबे होने की आशंका

सत्ता सुधार ■ पन्ना

मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के अमानगंज स्थित पुरैना जेके सीमेंट प्लांट फैक्ट्री में गुरुवार सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां बन रही दूसरी यूनिट का एक हिस्सा मजदूरों के ऊपर गिर गया। इसमें दबे मजदूरों को बाहर निकालने का काम देर शाम तक जारी रहा। वहीं हादसे में पांच लोगों की मौत और 30 लोग गंभीर रूप से घाल हो गए। दरअसल, फैक्ट्री के अंदर बन रही दूसरी यूनिट का काम लंबे समय से चल रहा था। गुरुवार सुबह 8 बजे जब यूनिट की साइट पर काम चल रहा था, तभी अचानक निर्माणाधीन बिल्डिंग का एक हिस्सा अचानक साइड पर काम कर रहे मजदूरों पर गिर गया। इसमें 50 से ज्यादा मजदूर दब गए। वहीं जेके सीमेंट फैक्ट्री में हुए हादसे को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही भी उजागर हुई। यहां जिला प्रशासन के द्वारा भेजी गई 108 एंबुलेंस को भी फैक्ट्री के अंदर नहीं जाने दिया गया। फैक्ट्री का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। जहां कई घंटे गाड़ियां बाहर ही खड़ी रहीं।

## बाब-बाल बचे जीतू पटवारी ट्रक ने कार को मारी टक्कर



**सीहोर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को फंदा टोल के पास इंदौर-भोपाल हाईवे पर पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं आई है। खजूरी थाना में घटना की शिकायत कर क्षतिग्रस्त कार को थाने में खड़ा कराया गया है। गुरुवार सुबह 11 बजे इंदौर से भोपाल जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और कार में सवार स्टाफ जब लसूड़िया परिहार और फंदा टोल के बीच पहुंचे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद दूसरी गाड़ी से पटवारी और उनका स्टाफ भोपाल के लिए रवाना हो गया।

# छिंदवाड़ा में सिवनी सीएमओ के घर छापा

**चार कार, तीन दुकान और एक मकान मिला**

## सिवनी-बालाघाट के आवास पर भी दबिश

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ सिवनी



सिवनी नगर पालिका की सीएमओ और बालाघाट की प्रभारी दिशा डेहरिया के नागपुर रोड स्थित आवास पर ईओडब्ल्यू ने गुरुवार सुबह छापा मारा। टीम छिंदवाड़ा के अलावा उनके सिवनी और बालाघाट स्थित घर पर भी पहुंची। 10 घंटे की कार्रवाई के बाद ईओडब्ल्यू को छिंदवाड़ा में दिशा डेहरिया के नाम से 4 कार, 3 दुकानें और एक मकान मिला है। छापे में कुल संपत्ति ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा पाई गई है। आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के बाद जबलपुर ईओडब्ल्यू की टीम ने सुबह 6:30 बजे पुलिस बल के साथ दबिश दी। सुरक्षा कारणों से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मकान के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। किसी को भी परिसर में घुसने नहीं दिया गया।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव भाजपा की हरप्रीत कौर जीतीं

**21 वोट होकर भी हार गया कांग्रेस-आप गठबंधन**

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में एक बार फिर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के साथ खेल हो गया है। बहुमत का आंकड़ा होने के बावजूद आप और कांग्रेस केंद्र शासित चंडीगढ़ में अपना महापौर नहीं बना पाई है। क्रॉस वोटिंग की वजह से भाजपा की हरप्रीत कौर मेयर का चुनाव जीत गईं। आप की प्रेमलता के खिलाफ 3 साइलेंट और 1 खुले आम क्रॉस वोटिंग हुई है। दिलचस्प बात है कि मेयर चुनाव हारनी वाली आप और कांग्रेस ने सीनियर डिप्टी मेयर का चुनाव जीत लिया है। चंडीगढ़ में गठबंधन के पास कुल 21 वोट था। इनमें आप के 13 पार्षद, कांग्रेस के 7 पार्षद और एक सांसद का वोट शामिल है।

# पांच फरवरी को इतना जोर से बटन दबाना कि शीशमहल के शीशे टूट जाएं

## रोहिणी में चुनावी जनसभाः अमित शाह ने केजरीवाल पर हमला बोला, कहा

- विधानसभा चुनावः आठ फरवरी को आप पार्टी का हो जाएगा सूपड़ा साफ

एजेंसी ■ नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के रोहिणी में जनसभा की। शाह ने जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। इस दौरान शाह ने मतदाताओं से आह्वान किया कि पांच फरवरी को इतना जोर से बटन दबाना कि केजरीवाल के शीशमहल के शीशे टूट जाएं। केजरीवाल अपनी हार जान गए हैं, इसलिए यमुना में जहर मिलाने का आरोप लगाया है। केजरीवाल को बताना चाहिए कि यमुना में कौन सा जहर मिलाया। जहर का नाम बताइए। कौन सी लेबोरेटरी की रिपोर्ट की है, उन्हें बताना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि आठ फरवरी को मत पेटी खुलने दीजिए, आप पार्टी सूपड़ा साफ हो जाएगा। 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे, तारीख नोट कर लीजिए। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था होगी। शाह ने कहा कि आम आदमी पार्टी वाले वादे करके मुकरने वाले लोग हैं, हम वादे के लिए जान देने वाले लोग हैं। इस मंच से कहकर जा रहे हैं एक भी गरीब कल्याण की योजना बंद नहीं होगी। साथ ही, हमारे वादे भी पूरे होंगे।

### स्वाति ने केजरीवाल के घर फेंका कचरा, गिरफ्तार

**चेतावनीः सुधर जाओ, वरना, जनता सुधार देगी**



इधर, आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को गुरुवार को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मालीवाल दिल्ली में सफाई के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल के घर कूड़ा फेंकने गई थीं। इससे पहले मालीवाल लोडिंग ऑटो लेकर विकासपुरी पहुंचीं। यहां उन्होंने लोगों के साथ सड़क से कचरा उठाया और ऑटो में भरकर केजरीवाल के घर गईं। यहां उन्होंने सारा कचरा सड़क पर फेंक दिया। इस दौरान दिल्ली पुलिस उन्हें बार-बार चेतावनी देती रही कि आप सड़क पर कचरा नहीं फेंके, वरना कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मालीवाल नहीं मानी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मालीवाल ने कहा कि पूरा शहर कूड़ेदान में बदल गया है। मैं केजरीवाल से बात करने आई हूं। मैं उनसे कहूंगी सुधर जाओ, नहीं तो जनता सुधार देगी। मैं न तो उनके गुंडों से डरती हूं और न ही उनकी पुलिस से।

### केजरीवाल बोले- चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कर रहे राजनीति

**इधर,** केजरीवाल ने कहा-दिल्ली में खुलेआम पैसे और चादरें बांटी जा रही हैं। आयोग इस पर कार्रवाई नहीं करता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। यमुना के पानी की 3 बोतलें भेजेंगे। राजीव कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस में पानी पीकर दिखा दें। राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। उन्हें रिटायरमेंट के बाद नौकरी चाहिए। उन्होंने चुनाव आयोग का कबाड़ा कर दिया। यदि राजीव कुमार को राजनीति करनी है तो वे दिल्ली की किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ लें।

**जनता को उम्मीद** — एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 8वीं बार पेश करेंगी देश का बजट

# पेट्रोल-डीजल होगा सस्ता! 10 लाख तक की कमाई टैक्स फ्री

एजेंसी ■ नई दिल्ली



एक फरवरी को देश का बजट आएगा। ये वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार 8वां बजट होगा। इसमें जनता को कई बड़ी घोषणाओं की उम्मीद है। एक्साइज ड्यूटी में कटौती से पेट्रोल और डीजल की कीमतें घट सकती है। अभी पेट्रोल पर 19.90 रुपए और डीजल पर 15.80 रुपए ड्यूटी लगती है। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े पार्ट्स की इम्पोर्ट ड्यूटी घट सकती है। अभी इस पर 20 फीसदी ड्यूटी लगती है। इससे मोबाइल जैसे आइटम सस्ते हो सकते हैं। गोल्ड-सिल्वर पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाई जा सकती है। अभी इस पर 6 प्रतिशत ड्यूटी लगती है। इससे सोना-चांदी के दाम बढ़ सकते हैं। नए रिजीम के तहत 10 लाख तक की सालाना इनकम टैक्स-फ्री की जा सकती है। 15 लाख से 20 लाख के बीच की इनकम के लिए 25 फीसदी का नया टैक्स ब्रैकेट लाया जा सकता है। अभी इसमें 6 टैक्स ब्रैकेट हैं। 15 लाख रुपए से ज्यादा की इनकम पर 30 प्रतिशत टैक्स लगता है। नए रिजीम के तहत बेसिक एग्जम्प्शन लिमिट को 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख किया जा सकता है।

**ग्रामीणों के लिए इंटर्नशिपः** एकीकृत राष्ट्रीय रोजगार नीति लाई जा सकती है। इसमें रोजगार देने वाली अलग-अलग मंत्रालयों की योजनाओं को एक छतरी के नीचे लाया जाएगा। ग्रामीण इलाकों के सरकारी ऑफिसों में काम करने के लिए इंटर्नशिप प्रोग्राम की घोषणा हो सकती है। ये इंटर्नशिप केवल ग्रेजुएट युवाओं के लिए होगी। हेल्थ सेक्टर का बजट 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकता है। चिकित्सा उपकरणों पर आयात शुल्क कम हो सकता है। अभी इस पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 7.5 से 10 फीसदी के बीच है। अगले 5 साल में मेडिकल कॉलेजों में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य सरकार ने रखा है।

### किसान सम्मान निधि होगी 12 हजार

इधर, देशभर के किसानों को उम्मीद है कि पीएम किसान सम्मान निधि सालाना 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 12 हजार रुपए की जा सकती है। इस योजना में अभी 9.4 करोड़ से ज्यादा किसानों को तीन किश्तों में 2-2 हजार रुपए ट्रांसफर किए जाते हैं। वहीं आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाया जा सकता है। अभी आर्थिक रूप से कमजोर और 70 साल से ज्यादा के बुजुर्गों को इस योजना का फायदा मिलता है। इस योजना में 36 करोड़ से ज्यादा कार्ड बनाए जा चुके हैं। अटल पेंशन की राशि दोगुनी यानी,10 हजार की जा सकती है। फिलहाल, मैक्सिमम मंथली पेंशन 5 हजार रुपए है। योजना में 7 करोड़ लोग रजिस्टर हैं।

# प्लेन और चॉपर नदी में गिरे 25 शव मिले, सवार थे 64 लोग

- अमेरिकन एयरलाइंस के विमान की मिलिट्री हेलीकॉप्टर से टक्कर
- व्हाइट हाउस से पांच किमी दूरी पर हादसा, ट्रंप ने उठाया सवाल

एजेंसी ■ वाशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बुधवार रात को एक यात्री विमान और एक हेलीकॉप्टर टकरा गए। क्रैश के बाद दोनों पोटोमैक नदी में गिर गए। प्लेन में 4 क्रू मेंबर समेत 64 लोग सवार थे। देर रात तक 25 शव बरामद कर लिए गए थे। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक घटना रोनाल्ड रीगन एयरपोर्ट के पास हुई। हादसा यूएस एयरलाइन्स के सीआरजे-700 बॉम्बार्डियर जेट और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुआ। सेना के अधिकारियों के मुताबिक हेलीकॉप्टर में 3 लोग सवार थे। अमेरिकन एयरलाइन्स का जेट कंसास राज्य से वॉशिंगटन आ रहा था। एयरपोर्ट पर सभी उड़ानें और लैंडिंग रोक दी गई हैं। दोनों विमानों का मलबा पोटोमैक नदी में है। वॉशिंगटन के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख जॉन डोनेली ने हादसे पर दिए बयान में कहा कि पानी में सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। यहां स्थितियां खराब हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम ने फोन पर कहा-श्रद्धालुओं के लिए करें समुचित व्यवस्था



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज में हुई भगदड़ को ध्यान में रखते हुए मुख्य सचिव अनुराग जैन और रीवा संभाग के आयुक्त बीएस जामोद से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा से महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ में एक दुखद घटना हुई, जिसमें कई श्रद्धालु काल के गाल में समा गये। उन्होंने कहा कि प्रयागराज की दुर्घटना में मध्यप्रदेश के भी कुछ श्रद्धालुओं की मृत्यु की जानकारी मिली है। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सीएम जी-2-जी और बी-2-बी बैठकों में होंगे शामिल

**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा के चौथे दिन की शुरुआत गवर्नमेंट-टू-गवर्नमेंट और बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकों से करेंगे। इन बैठकों में राज्य के औद्योगिक विकास और जापान के साथ व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण चर्चा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान के उच्च अधिकारियों और प्रमुख उद्योगपतियों से मिलकर मध्यप्रदेश में निवेश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे।

### जल संसाधन विभाग में हुई सबसे ज्यादा अनुकंपा नियुक्तियां

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने 42 अभ्यर्थियों को जल संसाधन विभाग में नियुक्ति के आदेश दिए। इनमें अनुकंपा नियुक्ति के 25 तथा कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से की गई नियुक्तियों के 17 नियुक्ति पत्र शामिल हैं। 2020 से अभी तक जल संसाधन विभाग में सर्वाधिक 331 व्यक्तियों को उनके परिजन की मृत्यु उपरांत अनुकंपा नियुक्ति दी गई हैं। मंत्री सिलावट ने अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने के साथ ही उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा से अपना कार्य करें। जल संसाधन विभाग आपका परिवार है, इसमें आपको अपनी सेवाएं देना है। शासकीय नौकरी जनता की सेवा करने का एक अवसर है, इसे व्यर्थ न जाने दें।

### हर कार्यालय में बनाए जाएंगे शिकायत प्रतितोष अधिकारी

**भोपाल।** प्रमुख सचिव एवं आयुक्त निःशक्तजन मध्यप्रदेश सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने कहा कि दिव्यांगजनों की समस्याओं व शिकायतों के स्थानीय स्तर पर समाधान के लिये शासकीय कार्यालय में शिकायत प्रतितोष अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। इन अधिकारियों की नियुक्ति की सूचना न्यायालय आयुक्त निःशक्तजन मध्यप्रदेश को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि दिव्यांग अपनी शिकायत पर हुई कार्यवाही से संतुष्ट नहीं तो उसे जिला स्तरीय समिति के पास जाने का अधिकार होगा। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांगजनों को त्वरित और प्रभावी न्याय दिलाना है, जिससे शिकायतों का समाधान स्थानीय स्तर पर हो और उन्हें लंबी कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना न पड़े।

---

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

# प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा में प्रशासन पूरी तत्परता से कार्यरतः शुक्ल

सत्ता सुधार ■ भोपाल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रयागराज में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने रीवा मार्ग से प्रयागराज जा रहे सभी श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने की विनम्र अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन उनकी सेवा में पूरी तत्परता से कार्यरत है और हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जापान यात्रा के दौरान लगातार प्रशासन से संपर्क में हैं। प्रयागराज महाकुंभ में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के संदर्भ में उनसे विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता और सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

शुक्ल ने कहा कि स्थानीय प्रशासन एवं सामान्य जनों के सहयोग से व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार इस स्थिति को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है और महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की हर समस्या का समाधान करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा है कि वे लगातार स्थानीय प्रशासन से सीधे संपर्क में हैं और स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं एवं सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

---

# एसीएस होम मिश्रा आज होंगे रिटायर, अनिरुद्ध मुखर्जी हुए प्रमोट

### मुखर्जी को प्रमोशन का लाभ एक फरवरी 2025 से मिलेगा

सत्ता सुधार ■ भोपाल



अपर मुख्य सचिव गृह, जेल और परिवहन शिवनारायण मिश्रा शुक्रवार को रिटायर हो जाएंगे। उनके स्थान पर इन विभागों के लिए नए प्रशासनिक चीफ की तलाश मोहन सरकार कर रही है। उधर मिश्रा के रिटायरमेंट के चलते दिल्ली में पदस्थ आवासीय आयुक्त अनिरुद्ध मुखर्जी को एसीएस पद पर प्रमोट कर दिया गया है। दूसरी ओर मुखर्जी के प्रमोशन के बाद रिक्त होने वाले प्रमुख सचिव पद के लिए जीएडी में पदस्थ सचिव एम. सेलवेंद्रन को 11 माह इंतजार करना होगा। प्रदेश के सभी प्रमुख विभागों में अपनी सेवाएं दे चुके अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा 31 जनवरी को रिटायर हो रहे हैं। इनके रिटायरमेंट के बाद गृह, जेल और परिवहन विभाग की जिम्मेदारी किसे सौंपी जाना है, इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच सहमति बनने के बाद ही इसके आदेश जारी होंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि मंत्रालय स्तर पर सीनियर अफसरों के विभागों में बदलाव और पदस्थापना के आदेश जल्द जारी किए जाएंगे। मिश्रा के रिटायर होने के बाद रिक्त होने वाले अपर मुख्य सचिव पद पर राज्य शासन ने दिल्ली में पदस्थ आवासीय आयुक्त अनिरुद्ध मुखर्जी को एसीएस पद पर प्रमोट कर उनकी पदस्थापना दिल्ली में उसी पद पर रहने के आदेश जारी कर दिए हैं। मुखर्जी को प्रमोशन का लाभ एक फरवरी 2025 से मिलेगा। डीओपीटी ने नियम जारी किए हैं कि 25 साल की सेवा पूरी किए बगैर कोई भी आईएएस अफसर प्रमुख सचिव के पद पर प्रमोट नहीं हो सकता। इसी नियम के चलते अनिरुद्ध मुखर्जी के प्रमोट होने के बाद प्रमुख सचिव का पद रिक्त होने के बावजूद सचिव कार्मिक एम. सेलवेंद्रन प्रमुख सचिव नहीं बन पाएंगे। उन्हें इसके लिए 11 माह का इंतजार करना होगा। सेलवेंद्रन एक जनवरी 2026 को प्रमुख सचिव पद पर प्रमोट होंगे। उनकी ही 2025 में रिक्त होने वाले कुल छह एसीएस के पदों पर प्रमुख सचिव के रूप में काम करने वाले आईएएस तो एसीएस बनते जाएंगे लेकिन प्रमोशन पाने वाले प्रमुख सचिवों के रिक्त पदों को एक जनवरी 2025 की स्थिति में ही भरा जा सकेगा।

---

- पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड के साथ सीएम ने ओसाका में की बैठक
- इलेक्ट्रिक वाहनों और हाई परफॉर्मेंस बैटरी निर्माण में निवेश पर चर्चा

# औद्योगिक विकास के लिए हरसंभव मदद देगी सरकार

### प्रदेश में रिसर्च और डेवलपमेंट केंद्र स्थापित करने का दिया प्रस्ताव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पैनासोनिक एनर्जी से अपेक्षाएं जताईं कि वह राज्य में अपनी स्किल डेवलपमेंट पहल को बढ़ावा दे, ताकि प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर मिल सकें। मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी को ऊर्जा भण्डारण और सस्टेनेबल बैटरी निर्माण के लिए पीथमपुर में अपनी इकाई का विस्तार करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने प्रदेश में रिसर्च और डेवलपमेंट केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव भी दिया। इससे प्रदेश में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वृद्धि हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने अपनी जापान यात्रा के तीसरे दिन पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पैनासोनिक के अधिकारियों से मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और सहयोग की संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। उन्होंने पैनासोनिक एनर्जी के साथ मध्यप्रदेश में विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी निर्माण और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में नई यूनिट्स स्थापित करने पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नीति और पैनासोनिक एनर्जी के लिए विशेष वित्तीय सहायता योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इससे पैनासोनिक को मध्यप्रदेश में और अधिक निवेश करने के अवसर मिल सकते हैं। मुख्यमंत्री ने पैनासोनिक एनर्जी को आगामी 24-25 फरवरी 2025 को भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित किया, जिससे वे राज्य में निवेश के नए अवसरों पर विचार कर सकें और मध्यप्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को और बेहतर समझ सकें। उन्होंने पैनासोनिक एनर्जी के प्रतिनिधियों को प्रदेश के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व वाले स्थलों जैसे सांची का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया। सीएम ने पैनासोनिक एनर्जी के साथ मध्यप्रदेश में एक दीर्घकालिक और मजबूत साझेदारी की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पैनासोनिक होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी पैनासोनिक एनर्जी लिमिटेड, ऊर्जा समाधान में एक ग्लोबल लीडर है, जिसका मुख्यालय जापान में है। कंपनी लिथियम बैटरी, वाहन में उपयोग के लिए लिथियम-आयन बैटरी, औद्योगिक या उपभोक्ता के लिए लिथियम-आयन बेटरी, भंडारण बैटरी मॉड्यूल आदि उत्पाद बनाती है। कंपनी की निर्माण इकाई उत्तरी अमेरिका, यूरोप और एशिया स्थित है। कंपनी टेस्ला जैसे प्रमुख ऑटोमोटिव ब्रांडों के लिए एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है।



#### जापान यात्रा, मप्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मैं मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश लाने और विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों के सृजन लिए जापान की यात्रा पर आया हूं। मुझे संतोष है कि जापान का रूझान अन्य देशों के साथ भारत की ओर भी बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर उन्नति कर रहा है। ऐसे में सभी राज्य अपने यहां औद्योगिक निवेश को बढ़ाये, जिससे जीडीपी में वृद्धि हो और युवाओं के लिये अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। उन्होंने कहा कि जापान, आर्थिक रूप से समृद्ध देश है, जो उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग अनुशासित जीवन जीते है, जिससे अनेक संभावनाएं जन्म लेती है। सीएम ने कहा कि जापान की यह यात्रा भारत, विशेष रूप से मध्यप्रदेश के संदर्भ में मील का पत्थर साबित होगी। मुझे विश्वास है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के परिणाम बेहतर साबित होंगे और प्रदेश आर्थिक रूप से समृद्धि की ओर बढ़ेगा।

#### मध्यप्रदेश, ग्लोबल इन्वेस्टमेंट के लिए है बेस्ट डेस्टिनेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान के इंडिया क्लब में उद्योगपतियों से मिलकर मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, ग्लोबल इन्वेस्टमेंट का बेस्ट डेस्टिनेशन बन गया है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की अपार संभावनाएं हैं और निवेशकों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हीरे और सोने की प्रचुरता के साथ ही समृद्ध वन्यजीव, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत मेल है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में हो रही क्षेत्रीय कॉन्क्लेव की सफलता के बाद ग्लोबल, इन्वेस्टर्स समिट ने दुनिया के शीर्ष निवेशकों को मध्यप्रदेश की ओर आकर्षित किया है। सीएम ने कहा कि जापानी व्यवसायियों की मध्यप्रदेश में विशेष रूचि है, जो औद्योगिक सहयोग और आर्थिक साझेदारी को और अधिक मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश के साथ पर्यटन के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कोबे में उद्योगपति भवन झावेरी और सागर रोहेरा को चंदेरी पेंटिंग्स भेंट की।

---

# केन्द्रीय विद्युत राज्यमंत्री नायक ने ली मंत्री समूह की पहली बैठक

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों की जानकारी



सत्ता सुधार ■ भोपाल

केन्द्रीय विद्युत राज्य मंत्री श्रीपद येसो नायक की अध्यक्षता में मंत्री समूह की पहली बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित की गई। मंत्री समूह में मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उत्तर प्रदेश के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, आन्ध्र प्रदेश के मंत्री गोट्टिपती रवि कुमार, राजस्थान के मंत्री हीरालाल नागर, तमिलनाडु के मंत्री थिरु.वी. सेन्थीबालाजी और महाराष्ट्र की मंत्री श्रीमती मेघना दीपक शामिल हुईं। सचिव ऊर्जा पंकज अग्रवाल भी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि प्रदेश में लगभग एक करोड़ 80 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं और प्रति व्यक्ति विद्युत खपत लगभग 1283 यूनिट है। प्रदेश की कुल उपलब्ध क्षमता 23 हजार 789 मेगावॉट है। इसमें नवकरणीय विद्युत क्षमता 7 हजार 100 मेगावॉट है। दिसम्बर माह में प्रदेश की अधिकतम माँग 19 हजार 72 मेगावॉट की सफलतापूर्वक पूर्ति की गई। प्रदेश में लगभग 35 लाख कृषि उपभोक्ता हैं। इनका प्रदेश की जीडीपी में लगभग 45 प्रतिशत का योगदान है। लगभग 60 प्रतिशत उपभोक्ता ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत हैं। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के महत्वाकांक्षी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ाने के लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा फ्लेक्सी प्लॉन के माध्यम से कृषि क्षेत्र की ऊर्जा मांग को दिन के समय सस्ती सौर ऊर्जा से पूर्ति के प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में लगभग 13 लाख स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके हैं। अधोसंरचना विकास के साथ ही उपभोक्ता संतुष्टि में वृद्धि के लिये पर्याप्त मानव संसाधन बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही जन-संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है। राज्य सरकार द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही हैं। इससे प्रदेश के सभी अंचलों में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने के साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

---

'स्टूडियो किचन शोकेस' में गराडू चाट और खोपरा पेटिस का सजीव प्रदर्शन

# भारत पर्व 2025 में मप्र की पाककला और संगीत की दी गई मनमोहक प्रस्तुति

सत्ता सुधार ■ भोपाल



दिल्ली के लाल किले में आयोजित भारत पर्व 2025 में गुरुवार को मध्यप्रदेश की पाककला और संगीत कला की मनमोहक प्रस्तुति हुई। 'स्टूडियो किचन शोकेस' में प्रदेश के प्रसिद्ध पकवान गराडू चाट और खोपरा पेटिस का लाइव किचन प्रदर्शन और 'देखो अपना देश' सांस्कृतिक संध्या में जबलपुर के श्री जानकी बैंड ने प्रस्तुति दी। मध्यप्रदेश टूरिज्म के एग्जीक्यूटिव शेफ निशिकांत ने होटल प्रबंधन, खानपान एवं पोषाहार संस्थान, पूसा के तत्वाधान में आयोजित 'स्टूडियो किचन शोकेस' में गराडू चाट और खोपरा पेटिस का सजीव प्रदर्शन किया। सत्र के दौरान शेफ ने व्यंजनों को बनाने की विधि के साथ दर्शकों को इनकी पोषक विशेषताएं और बनाने की सावधानियां भी बताई और दर्शकों की जिज्ञासाओं और प्रश्नों के उत्तर दिए। सत्र के अंत में फूड टेस्टिंग करवाई गई, जिसके माध्यम से दर्शकों को व्यंजनों का स्वाद चखा और पाककला को सराहा। जबलपुर के श्री जानकी बैंड ने सांस्कृतिक संध्या में संगीत प्रस्तुति दी। 'भजो रे रामा हो', 'चंदा चकोर' और 'खूब लड़ी मर्दानी झांसी वाली रानी' की संगीतमय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसका संयोजन और परिकल्पना देवेंद्र सिंह ग्रोवर तथा संगीत निर्देशन डॉ. क्षिप्रा सुल्लेरे ने किया। सितार पर मुस्कान सोनी, गिटार पर उन्नति तिवारी और माही सोनी, तबला पर मनीषा तिवारी और मानसी सोनी, ढोलक पर श्रेया ठाकुर, सरोद पर श्रुति जैन तथा वायलिन पर शालिनी अहिरवार ने संगत की। श्री जानकी बैंड बुंदेली लोकगीत, भक्ति संगीत, रविन्द्र संगीत, कबीर वाणी, गुर वाणी, शास्त्रीय और उप शास्त्रीय संगीत के लिए विख्यात है।

---

सीएम के जापान से वापस आने के बाद आदेश होंगे जारी

# बदलेंगे कई जिलों के एसपी आईपीएस के तबादलों की तैयारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल



मप्र में सरकार नए सिरे से अफसरों की तैनाती कर रही है। अभी हाल ही में आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं। अब आईएएस अफसरों के तबादलों के बाद आईपीएस अफसरों के तबादलों की तैयारी तेजी से चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जापान से वापस आने के बाद आईपीएस अफसरों के तबादला आदेश जारी किए जाएंगे। बताया जा रहा है कि आईपीएस अफसरों की पहली तबादला सूची में आधा दर्जन से अधिक जिलों के एसपी बदले जाएंगे। वहीं जिलों में पदस्थ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के भी तबादले किए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रशासनिक और पुलिस विभाग के मुखिया की पदस्थापना के बाद सरकार अब नए सिरे से आईएएस और आईपीएस अफसरों की जमावट कर रही है।

इस क्रम में अभी तक सबसे अधिक आईएएस अफसरों के तबादले हुए हैं। अब सरकार आईपीएस अफसरों के तबादले करेगी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति के बाद आईपीएस अफसरों की नए सिरे से पदस्थापना की जाएगी। बताया जाता है कि आगामी सालों में प्रशासनिक व्यवस्था को दुरूस्त करने के मद्देनजर आईपीएस अफसरों को उनकी परफॉर्मे के आधार पर जिलों की कमान सौंपी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि पुलिस महानिदेशक बनने के बाद कैलाश मकवाना ने आईपीएस अफसरों की कार्यप्रणाली का आकलन करवाया है। इसलिए अब उनकी मंशानुसार अफसरों को पदस्थापना दी जाएगी। कैलाश मकवाना के डीजीपी बनने के बाद आईपीएस अफसरों की पहली बड़ी तबादला सर्जरी होगी।

---

**बधाई**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सभी निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को लिखा पत्र

# निष्ठा से संगठन के दायित्वों का निर्वहन कर कार्यकाल को सर्वश्रेष्ठ बनाएं

### पंच निष्ठायें पार्टी के लिए सर्वोपरि, इसे राजनीतिक व्यवहार में उतारें

सत्ता सुधार ■ भोपाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी के संगठन पर्व-2024 के तहत प्रदेश के सभी निर्वाचित मंडल अध्यक्षों को पत्र लिखकर बधाई दी और अहम दायित्व को निभाने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। शर्मा ने सभी मंडल अध्यक्षों को लिखे पत्र में कहा है कि पंच निष्ठाएं पार्टी के लिए सर्वोपरि है। सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष इसे अपने राजनीतिक व्यवहार में उतारें। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है। इस कारण सरकार और समाज के बीच सेतु के कार्य करने वाले आप सभी कार्यकर्ताओं की दोहरी भूमिका भी है। मंडल अध्यक्ष पार्टी की बहुत महत्वपूर्ण इकाई है और मंडल अध्यक्ष ही क्षेत्र में पार्टी का चेहरा होता है। सामूहिकता हमारी पार्टी की कार्यपद्धति की बड़ी विशेषता है। सबको साथ लेकर चलना, हर कार्यकर्ता को कार्य और हर कार्य के लिए कार्यकर्ता यह हमारे संगठन की शैली है। किसी परिवार, जाति या नेता से नहीं बल्कि पार्टी को सामूहिकता के भाव से आगे बढ़ाना है। आप सभी पूरी निष्ठा से संगठन के दायित्वों का निर्वहन करें और अपने कार्यकाल को सर्वश्रेष्ठ बनाएं। योजनापूर्वक सभी समाजों का प्रतिनिधित्व भी पार्टी में बढ़ाएं। पार्टी कार्य संचालन के लिए उपयोगी पुस्तक 'पूर्णांक की ओर' भी भेज रहा हूं। इसे बार-बार पढ़ें और समझें और इसे अपने राजनीतिक व्यवहार में उतारें। भाजपा की यह पंच निष्ठाएं आपके राजनीतिक जीवन को निखारने के साथ राजनीति में होने के उद्देश्य को स्पष्ट करेंगी। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि जनता के आशीर्वाद से पीएम मोदी और सीएम डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र व राज्य में सरकारें हैं। इस कारण समाज और सरकार के बीच सेतु का कार्य करने वाले आप सभी पार्टी कार्यकर्ताओं की दोहरी भूमिका भी है। आप सभी पार्टी के मंडल अध्यक्ष के नाते कार्यक्रम, अभियान और विभिन्न गतिविधियों में योजनापूर्वक सभी समाजों का प्रतिनिधित्व बढ़ाएं। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास यह पीएम मोदी का मात्र एक नारा नहीं, बल्कि कार्य करने का एक मंत्र है, जिसे आपको अपने मंडल में बार-बार सिद्ध करना है।शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश के पार्टी संगठन की गौरव गाथा पूरे देश में बताई जाती है। मध्यप्रदेश के पार्टी संगठन को समय-समय पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा की गई है। संगठन पर्व में ही युवाओं को पार्टी से जोड़ने और रिकॉर्ड सदस्यता कराने के साथ 100 प्रतिशत बूथ डिजिटलाइजेशन के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संगठन के नेताओं व वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा समय-समय पर प्रशंसा की गई है। शर्मा ने कहा कि भाजपा जैसे विलक्षण दल को समझने के लिए मैं आपको भाजपा की पंचनिष्ठा भेज रहा हूं। इसे बार-बार पढ़ें, समझें और इसे अपने राजनीतिक व्यवहार में उतारें। मैं यह पूरे आत्मविश्वास से कहता हूं कि भाजपा की ये पंच निष्ठाएं आपके राजनीतिक जीवन को निखारने के साथ ही राजनीति में होने के उद्देश्य को स्पष्ट करेंगी। संगठन के संचालन की दृष्टि से आपको एक उपयोगी पुस्तक 'पूर्णांक की ओर' आपके घर भेज रहा हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि आपका कार्यकाल संगठन की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ होगा। आप पूरी मेहनत और निष्ठा से संगठन के दायित्व का निर्वहन करेंगे।

---

# एल्डरमैन बनने का इंतजार कर रहे भाजपा के कार्यकर्ता

सत्ता सुधार ■ भोपाल

एल्डरमैन की नियुक्ति में ये बात पिछले 7 सालों से बेमानी साबित हो रही है। पिछला कार्यकाल भी बिना एल्डरमैन के आलोक शर्मा ने पूरा कर लिया था और अब महापौर मालती राय का आधा कार्यकाल भी एल्डरमैन के बिना पूरा हो चुका है। एल्डरमैन बनने की चाह में भाजपाई सत्ता और संगठन के नेताओं की ओर टकटकी लगाकर देखने को मजबूर हैं। 2022 में नगर निगम चुनाव निपटने के बाद सरकार की ओर से घोषणा की गई थी कि सभी नगरीय निकायों में एल्डरमैन, यानी वरिष्ठ पार्षदों की नियुक्ति की जाएगी। इससे उन कार्यकर्ताओं को अवसर मिलते, जिन्हें या तो निगम चुनाव में टिकट नहीं मिला था या फिर जो वरिष्ठ हो चुके हैं। यही नहीं, सरकार ने भोपाल और इंदौर जैसे नगरीय निकायों में तो एल्डरमैनों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी थी। इंदौर में एल्डरमैन बनाए जाते तो एक विधानसभा से दो वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मौका मिलता। लेकिन ढाई साल बीतने के बाद अभी तक एल्डरमैन की नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके बाद विधानसभा और लोकसभा चुनाव आए, तब भी संगठन की ओर से कहा गया कि जल्द ही चुनाव निपटने के बाद इन पदों पर नियुक्ति कर दी जाएगी, लेकिन न तो सत्ता की ओर से इस बारे में कोई पहल की गई और न ही संगठन की ओर से।

## ब्रीफ न्यूज

### आनंद उत्सव की गतिविधियों के उत्कृष्ट फोटो और वीडियो के चयन पर मिलेंगे पुरस्कार

**शिवपुरी।** ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मकर संक्रांति पर्व 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत सांस्कृतिक और परम्परागत खेलकूद की गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रमों के फोटो एवं वीडियो के चयन के लिये एक प्रतियोगिता आयोजित की गई है। आनंद उत्सव कार्यक्रम से जुड़े आनंदक, नागरिक और आयोजक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। कोई भी व्यक्ति राज्य आनंद संस्थान की वेबसाईट पर 5 फरवरी 2025 तक आयोजन के फोटो और वीडियो अपलोड कर सकता है। इन अपलोड किये गये फोटो एवं वीडियो में से तीन उत्कृष्ट फोटो एवं तीन उत्कृष्ट वीडियो का चयन कर पुरस्कृत किया जायेगा।

प्रत्येक प्रतिभागी अधिकतम 3 फोटो एवं 2 वीडियो ही अपलोड कर सकेगा। वीडियो लगभग 2 मिनिट और फोटो का साईज 3 एमबी तक का हो सकता है। जिस नाम से फोटो और वीडियो अपलोड किया जायेगा, चयनित होने पर पुरस्कार की राशि उसी व्यक्ति को देय होगी। यदि एक ही फोटो/वीडियो एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा भेजा जाता है तो जिस व्यक्ति की प्रविष्टि पहले होगी, चयनित होने पर पुरूस्कार उसी को प्रदान किया जायेगा।

### किसानों को उपज बेचने में मदद करता है एमपी फार्म गेट ऐप

**शिवपुरी।** एमपी फार्म गेट÷ मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित एक मोबाइल ऐप है। यह किसानों को अपनी फसलों की बिक्री एवं बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद करता है। इस ऐप के माध्यम से किसान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों को आसानी से बेच सकते हैं। यह ऐप किसानों को उपज बेचने में सुरक्षित लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है। यह ऐप एमपी स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड और एनआईसी एमपी द्वारा विकसित किया गया है। गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से एप को मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकता है।

### समग्र एप्लीकेशन का अपग्रेडेशन एवं उन्नत सर्वर इंफ्रा (एसडीसी 2.0) का कार्य 5 फरवरी से 10 फरवरी तक किया जाएगा

**शिवपुरी।** एमपीएसईडीसी द्वारा संचालित समग्र एप्लीकेशन पोर्टल एवं समस्त सम्बंधित एप्लिकेशंस ( समग्र पोर्टल/एसपीआर पोर्टल/बीपीएल पोर्टल/बेव सर्विस फॉर एपीआई ) को शीघ्र ही नये सर्वर इंफ्रा पर माइग्रेशन की प्रक्रिया की जानी है। सर्वर इंफ्रा (एसडीसी 2.0) पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन सॉफ्टवेर से बेहतर सेवाएँ प्राप्त हो सकेंगी। नये सर्वर सेटअप में बेहतर सुरक्षा, उन्नत इनक्रिप्शन स्टैंडर्ड्स एवं मज़बूत फायरवेल के माध्यम से बेहतर एप्लीकेशन एवं डाटा सुरक्षा प्राप्त होगी। सर्वर माइग्रेशन का कार्य फ़रवरी माह के दूसरे सप्ताह में 5 फरवरी से 10 फरवरी तक किया जाना प्रस्तावित है। अधिकारियों को निर्देशित कर समग्र पर निर्भर पोर्टल एवं एप्लीकेशन की गतिविधियों को सुनियोजित करने एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर एमपीएसईडीसी को अवगत कराते हुए समग्र तकनीकी टीम से समन्वय कर 31 जनवरी तक सूचित कराने कराएं।

### जनसमस्या निवारण शिविर के सफल संचालन हेतु अधिकारी नियुक्त

**शिवपुरी।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का 08 और 09 फरवरी को शिवपुरी भ्रमण पर आएंगे। भ्रमण के दौरान तहसील शिवपुरी, कोलारस एवं पिछोर क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान संपूर्ण आवश्यक व्यवस्थायें किये जाने के लिए अनुभाग कोलारस एवं पिछोर अंतर्गत जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं अनुभाग शिवपुरी अंतर्गत एडीएम दिनेश चंद्र शुक्ला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# जिस क्षेत्र में रुचि है, उसी में आगे बढ़ने का प्रयास करें : कलेक्टर

## अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रावास के बच्चों ने किया कलेक्टर से संवाद

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

हमें अपने करियर को कैसे बेहतर बनाना है और आप कलेक्टर कैसे बने। यह सवाल पूछे छात्रावास के बच्चों ने। गुरुवार को अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास के बच्चे कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी से भेंट के लिए पहुंचे। एक छात्रा ने उन्हें पेंटिंग भेंट की। उसके बाद सभी बच्चों ने उत्सुकता के साथ इस संवाद में भाग लिया। एक छात्र ने उनसे कैरियर के बारे में जाना। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि खुद को किसी से कम ना समझे। अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन करें और विशेष कर जिस क्षेत्र में रुचि है उस क्षेत्र में आगे



बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करें। न केवल शिक्षा बल्कि कोई भी क्षेत्र हो। यदि आप अधिकारी बनना चाहते हैं या खिलाड़ी बनना चाहते हैं या कला के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं। सभी में कड़ी मेहनत करना होगी, तभी आप लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि यदि आप आगे शिक्षित होकर अच्छी नौकरी पाना चाहते हैं, तो उसके लिए अपनी स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाएं। जो भी पढ़ाई कर रहे हैं उसे रुचि के साथ समझकर पढ़ें।

इस संवाद कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन भी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को बताया कि सबसे पहले अपनी रुचि को पहचाने। उसी के अनुसार अपना करियर चुने। जिस क्षेत्र में हमें रुचि होगी, उसमें हम अपनी मेहनत के साथ बेहतर परिणाम प्राप्त कर पाएंगे। किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए यह जरूरी है कि आपकी बेसिक शिक्षा जो स्कूल, कॉलेज की शिक्षा है उसमें आप बेहतर करें। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने कहा कि जनजातीय छात्रावास के बच्चों के लिए जो कोचिंग की सुविधा दी जा रही है उसमें बेहतर शिक्षकों को रखा जाए और समय-समय पर विषय विशेषज्ञ को बुलाया जाए जिससे बच्चों को बेहतर जानकारी मिलेगी। बच्चों से छात्रावास की व्यवस्थाओं के बारे में भी जाना।

# नवीन परिसीमन को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक



सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

नवीन परिसीमन के अंतर्गत जिला, अनुभाग, तहसील, जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों की सीमाओं में होने वाले परिवर्तन के संबंध में सुझाव के लिए गुरुवार को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, करैरा विधायक रमेश खटीक, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से परिसीमन को लेकर बैठक में चर्चा हुई, जिससे आमजन को सुविधा हो। प्रशासनिक कामकाज को लेकर संबंधित पंचायत या निकाय को प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से परिसीमन किया जा सके। जिसमें जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त हुए।

दिनारा को दतिया में मिलने के प्रस्ताव पर सभी ने असहमति दी। करेरा विधायक रमेश खटीक ने कहा कि दतिया में शामिल कुछ गांव, जिन्हें करेरा में शामिल किया जाना है। शिवपुरी विधायक ने बघरवारा और अमरपुर देवड़ा ग्राम पंचायत जो खनियाधाना में है इन्हें पिछोर में शामिल किए जाने का सुझाव दिया। इसके अलावा बामोरकला के चंदेरी में दिए जाने पर असहमति दी गई। बामोरकला शिवपुरी का अभिन्न अंग है, जिसे शिवपुरी में ही रहना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष की ओर से कोलारस में ग्राम पारागढ़ जो गोरा पंचायत से 10 किलोमीटर दूर है, जिसे समीप की डोंगरपुर पंचायत में जोड़ने का प्रस्ताव दिया। ग्राम पंचायत सुनाज एवं टीलाकला, जो कि वर्तमान में बदरवास में शामिल है, उसे कोलारस में जोड़ने का सुझाव आया। इसके अलावा ग्राम पंचायत बड़ी गुरुवार जनपद पंचायत ईसागढ़, जिला अशोकनगर में है,उसे बदरवास में जोड़ने का सुझाव दिया गया। जनप्रतिनिधि आगे भी अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके अलावा यदि आमजन भी इस परिसीमन को लेकर सुझाव देना चाहे, तो वह 8 फरवरी तक योजना सांख्यिकी विभाग के कार्यालय में लिखित में अपने सुझाव दे सकते हैं।

### ब्लॉक स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शिवपुरी।** उत्कृष्ट विद्यालय परिसर करेरा में ब्लॉक स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। एसडीएम अजय शर्मा, तहसीलदार कल्पना शर्मा ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। एसडीएम अजय शर्मा ने कहा कि खेल प्रतियोगिता युवाओं को खेलों से जोड़ने का माध्यम है। खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक दोनों विकास होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय खेल के लिए भी निकालना चाहिए।
इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अजय वीर सिंह ने खेलकूद प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह प्रतियोगिता आज से आयोजित की जाएगी जिसमें स्थानीय खेलकूद भी शामिल रहेंगे। यह अभियान 30 जनवरी से लेकर 31 जनवरी दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें एथलेटिक्स, साइकलिंग, मैराथन, वेटलिफ्टिंग, जूडो कराटे, कुश्ती, रस्सी कूद ,योगासन, मलखंब, कबड्डी खो खो,वॉलीबॉल, सितोलिया, गुल्ली डंडा, हॉकी, हैंडबॉल सहित स्थानीय खेलों को महत्व दिया गया है। यह खेल महाविद्यालय करेरा के प्रांगण में आयोजित होंगे। शुभारंभ अवसर पर मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक भगवत सहाय सक्सेना, प्राचार्य अरविंद यादव, प्राचार्य कविता लोधी, वरिष्ठ शिक्षक संजय दुबे, पत्रकार योगेंद्र पांडे, संवाद मित्र जितेंद्र बैस सहित शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नई मान्यता-नीति के विरोध में शिवपुरी के निजी स्कूल बंद

### किरायानामा और फीस नियमों से नाराज संचालक, हड़ताल को कांग्रेस ने दिया समर्थन




सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

मध्य प्रदेश में निजी स्कूल एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को प्रदेशभर के सभी निजी स्कूल बंद रहे। नई मान्यता नीति के विरोध में की गई इस हड़ताल से हजारों छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई। शिवपुरी में स्कूल संचालकों ने रैली निकालकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

स्कूल संचालकों का कहना है कि सरकार की नई नीतियां स्कूलों के लिए घातक साबित होंगी। विरोध के मुख्य मुद्दों में 40,000 रुपए की एफडी जमा करने का प्रावधान, रजिस्टर्ड किरायानामा की अनिवार्यता, आरटीई के तहत प्रति वर्ष 4,000 रुपए का अतिरिक्त शुल्क और शिक्षकों के आधार सत्यापन की अनिवार्यता शामिल हैं।

प्रदेश में वर्तमान में 38,000 निजी स्कूल हैं, जिनमें 60 प्रतिशत बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वहीं 94,000 सरकारी स्कूलों में मात्र 40 प्रतिशत बच्चे पढ़ते हैं। संचालकों का आरोप है कि नई नीतियों से 60 प्रतिशत निजी स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे।

#### कांग्रेस ने किया समर्थन

हड़ताल को कांग्रेस का भी समर्थन मिला। पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह और कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजय चौहान ज्ञापन सौंपते समय स्कूल संचालकों के साथ मौजूद रहे। स्कूल संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती है, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों की ई-केवायसी प्रक्रिया हुई आसान

### विशेष अभियान चलाकर की जाएगी हितग्राहियों की पहचान


**शिवपुरी।** सामाजिक न्याय दिव्यांगजन विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के ई-केवाइसी प्रक्रिया को आसान बनाया जाएगा। इसके तहत ऐसे हितग्राही जिनके बायोमेट्रिक प्रक्रिया में फिंगर प्रिंट नहीं आ पा रहे है उनका आइरिस ऑथेंटिकेशन कराया जायगा। चलने में असमर्थ हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कराकर पेंशन जारी रखी जाएगी। पेंशन हितग्राहियों का ई-केवाइसी का कार्य 15 फरवरी 2025 तक शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

सामाजिक न्याय विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश में 49 लाख 84 हजार पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाइसी किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों के ई-केवायसी की प्रक्रिया जारी है। जिन हितग्राहियों का बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन नहीं हो पा रहा है, उनका आइरिस ऑथेंटिकेशन (आँख के माध्यम से) कराया जाएगा। जो वृद्धजन/दिव्यांगजन चलन-फिरने में असमर्थ है उनका भौतिक सत्यापन कराकर पेंशन जारी रखी जाएगी। साथ ही जिन हितग्राहियों को बायोमेट्रिक या आइरिस (आँखों से प्रमाणीकरण) ऑथेंटिकेशन नहीं हो पा रहा है। उनका फेस-प्रमाणीकरण कराया जाएगा। जिन हितग्राहियों का उक्त तीनों प्रकार से प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है उनका निवास स्थान पर पहुंचकर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जाएगा। इसके बाद उसे पेंशन पोर्टल पर चिन्हित कर प्रमाणीकरण किया जाएगा। प्रक्रिया के दौरान हितग्राही की पेंशन जारी रखी जाएगी। ऐसे पेंशन हितग्राही जो रोजगार की तलाश में पलायन कर गये हों, उनके बारे में ग्राम पंचायत सचिव अथवा वार्ड प्रभारी से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जायेगी। हितग्राहियों के बैंक और पोस्ट ऑफिस में ट्रान्जेक्शन अथवा मोबाइल नम्बर से सम्पर्क किया जायेगा, सम्पर्क नहीं होने पर ऐसे हितग्राहियों को पलायनकर्ता घोषित कर पेंशन होल्ड कर दी जाएगी। ई-केवाइसी होने पर उनकी पेंशन एरियर सहित जारी कर दी जाएगी। जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड पर प्रदेश के बाहर के पते दर्ज हैं उनकी पेंशन होल्ड कर दी जाएगी। जिन हितग्राहियों के आधार कार्ड उपलब्ध नहीं हैं, उनके आधार कार्ड बनवाने की व्यवस्था कर ई-केवाइसी कराई जाएगी। किसी हितग्राही की दो समग्र आईडी जरनेट हो गई हैं, उनका एक समग्र आईडी डिलीट कराया जाएगा। इस अभियान से स्थानीय निकाय, ग्राम पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व तथा ब्लॉक ई-गर्वनेंस टीम का संयुक्तदल गठित किया जाएगा।

# किसान के घर से लाखों की चोरीः खेत पर था परिवार, फसल बेचकर बचाया कैश और गहने चुरा ले गए बदमाश

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

शिवपुरी के गुरुकुदवाया गांव में एक किसान के घर से चोरों ने लाखों की चोरी कर ली। घटना उस समय हुई जब किसान रामदयाल धाकड़ अपने परिवार के साथ खेत पर गए हुए थे। पुलिस के अनुसार रामदयाल सुबह से खेत पर खराब मोटर की



मरम्मत के लिए गए थे। बाद में उनकी पत्नी और बेटी भी चारा लेने खेत पर पहुंच गई। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर बक्से में रखी करीब 6 लाख नकदी और 4 तोला सोना और साढ़े तीन किलो चांदी के जेवरात चुरा लिए।

**फसल बिक्री से मिली रकम चोरी–** रामदयाल ने बताया कि चोरी की गई नकदी उन्हें हाल ही में फसल बेचने से मिली थी। शाम को जब वो परिवार के साथ घर लौटे, तब चोरी का पता चला। मायापुर थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय करेरा में कैरियर काउंसलिंग मेला का हुआ आयोजन

**शिवपुरी।** उत्कृष्ट विद्यालय करेरा में छात्र-छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन के लिए कैरियर गाइडेंस मेला (सेमिनार) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम अजय शर्मा ने छात्र-छात्राओं को कैरियर को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कभी भी निराशा हताशा न आने दे। एक शीट मेरे लिए है यह भाव लेकर चलें।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि तहसीलदार सुश्री कल्पना शर्मा ने भी विस्तार से छात्रों के कैरियर को लेकर चर्चा की एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में सहायक संचालक शिक्षा स्वीटी मंगल, प्रबंधक मार्केटिंग सोसायटी भगवत सक्सेना, प्राचार्य कन्या विद्यालय कविता लोधी, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय अरविंद यादव, पत्रकार योगेंद्र पांडे, वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार गुप्ता,पूजा शर्मा,संजय दुबे, ब्रजेंद्र सिंह बैस, सोनू श्रीवास्तव, अनिल पांडे, धर्मेंद्र लोधी सहित अनेक लोगों ने छात्रों की कैरियर को लेकर मार्गदर्शन किया। छात्रों ने इस तरह के आयोजन को लेकर प्रबंधन की सराहना की। इस दौरान निःशुल्क साईकिल वितरण भी किया गया। एसडीएम अजय शर्मा ने पात्र छात्रों को साइकिल वितरण की।

### अस्पताल चौराहे से लेकर जय स्तंभ चौराहे का मार्ग 31 जनवरी से 1 फरवरी तक अवरुद्ध रहेगा

**शिवपुरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सीवर लाइन मिलान के कारण अस्पताल चौराहे से लेकर जय स्तंभ चौराहे का मार्ग 31 जनवरी से 01 फरवरी तक अवरोध रहेगा।
शिवपुरी झील संरक्षण परियोजना के अंतर्गत विभाग द्वारा शिवपुरी शहर में सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया गया है। वर्तमान में विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद शिवपुरी कार्यालय के पास नाले में मिलान कार्य किया जा रहा है, इस कारण अस्पताल चौराहे से लेकर जय स्तंभ चौराहे तक 31 जनवरी से 01 फरवरी तक मार्ग बंद रहेगा।

जरूरी सूचना
शिवपुरी जिले में पिछोर, खनियाधाना, कोलारस, बदरवास, पोहरी, बैराड़, करेरा, नरवर, रन्नौद, लुकवासा में
सत्ता सुधार की एजेंसी एवं रिपोर्टरों की नियुक्ति करना है।
संपर्क करें : दीपक अरोरा
मोबाइल नंबर: +918959194646

# कार शोरूम इंचार्ज ने ग्राहकों से की लाखों की ठगी:9 लोगों से 30 लाख लेकर फरार, मोबाइल बंद, मालिक ने दर्ज कराया केस

सत्ता सुधार ■ शिवपुरी

शिवपुरी में एक कार शोरूम में बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। रॉयल मोटर्स के इंचार्ज मनीष यादव ने नौ ग्राहकों से नई गाड़ियों के लिए करीब 30 लाख रुपये की राशि एकत्र की, लेकिन इस पैसे को कंपनी के खाते में जमा नहीं किया। शोरूम के मालिक अशोक कुमार राठी (74) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनके अनुसार, ग्वालियर निवासी मनीष यादव से जब गबन के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया, तो वह 28 जनवरी की शाम 5 बजे के बाद से लापता हो गया और उसका




मोबाइल फोन भी बंद है। जिन ग्राहकों से धोखाधड़ी की गई, उनमें महेश गुर्जर, हिमांशु अग्रवाल, संजय ओझा, वीरेंद्र शर्मा, शिवराज सिंह, सुखदेव दुबे, विजय सिंह धाकड़, विजय गवारी और भगवानदास लोधी शामिल हैं। आरोपी ने इन सभी से नई गाड़ियों के लिए अग्रिम राशि ली, लेकिन कंपनी के खाते में जमा न करके अपने निजी उपयोग में ले ली। कोतवाली पुलिस ने शोरूम मालिक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।

दैनिक
सत्ता सुधार
विज्ञापन, एजेंसी, समाचार के लिए संपर्क करें
दीपक अरोरा, ब्यूरोचीफ शिवपुरी
मो. 8959194646
कपिल उपाध्याय, जिला संवाददाता
मो. 9893099934

ऊर्जा मंत्री, महापौर व नगर निगम सभापति तोमर सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में हुआ नामकरण

# अब देवेन्द्र सिंह तोमर के नाम से जानी जायेगी पाताली हनुमान-कांचमिल रोडः प्रद्युम्नतोमर

### 1.38 करोड़ की लागत से होने जा रहे सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया




**ग्वालियर।** शहर के हजीरा क्षेत्र में स्थित पाताली हनुमान से कांचमिल होते हुए चंदनपुरा तक का सड़क मार्ग अब देवेन्द्र सिंह तोमर मार्ग के नाम से जाना जायेगा। साथ ही इस सड़क का कायाकल्प योजना के तहत लगभग एक करोड़ 38 लाख रूपए की लागत से निर्माण व सौंदर्यीकरण भी होगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, नगर निगम सभापति मनोज सिंह तोमर व नगर निगम परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरिपाल सहित अन्य अतिथियों की मौजूदगी में गुरुवार को सड़क मार्ग के नामकरण और निर्माण कार्य के भूमिपूजन के लिये बिस्मिल भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद अतिथियों ने पाताली हनुमान पर नामकरण व भूमिपूजन पट्टिका का अनावरण किया। नगर निगम परिषद द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के आधार पर पाताली हनुमान से कांचमिल होते हुए चंदनपुरा तक का सड़क मार्ग का नामकरण ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के ज्येष्ठ भ्राता एवं नगर निगम परिषद के पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर के नाम से किया गया है। नामकरण समारोह में ऊर्जा मंत्री तोमर ने मंचासीन अतिथियों का शॉल-श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। साथ ही नम आँखों से नगर निगम परिषद सहित सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं निवासियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने इस अवसर पर भावुक होकर कहा कि आप सबने हमारे परिवार पर जो उपकार किया है उसे हम ताजिंदगी नहीं भूलेंगे। हम सदैव आपकी सेवा के लिये तत्पर रहेंगे। यहाँ बिस्मिल भवन परिसर में आयोजित हुए सड़क मार्ग के नामकरण व सड़क निर्माण के भूमिपूजन के लिये आयोजित हुए कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष केशव मांझी तथा पार्षद अनिल सांखला सहित नगर निगम के अन्य पार्षदगण एवं अशोक शर्मा सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।

**अपनों को स्वास्थ्य रखने के लिये शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें:** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि सभी ग्वालियरवासी अपने शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लें, जिससे हमारा कोई भी परिजन और मित्र गंदगी की वजह से फैलने वाली बीमारियों से ग्रसित न हो। तोमर ने आह्वान किया कि शहर को साफ-सुथरा रखने में न केवल स्वयं योगदान दें अपितु दूसरों को भी प्रेरित करें। अगर हम साझा प्रयास करेंगे तो निश्चित ही हमारा शहर स्वच्छता में अव्वल बनेगा। उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि पाताली हनुमान से कांचमिल होते हुए चंदनपुरा तक के सड़क मार्ग (देवेन्द्र सिंह तोमर मार्ग) का साझा प्रयासों से सौंदर्यीकरण कर ग्रीन कॉरीडोर बनायेंगे।

**स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की प्रतिमा भी लगवाई जायेगी:** महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने कहा कि नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर के सेवाभाव व उनकी यादें हम सबके दिलों में सदैव जिंदा रहेंगीं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि नगर निगम परिषद के सभी 66 वार्डों के पार्षदगणों द्वारा पाताली हनुमान से कांचमिल होते हुए चंदनपुरा तक के मार्ग को देवेन्द्र सिंह तोमर मार्ग रखने की सहमति दी गई है। उन्होंने कहा कि यहाँ पर स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की प्रतिमा भी लगवाई जायेगी। महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने इस अवसर पर सभी से मिलजुलकर शहर को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने की अपील भी की।

# वर्चस्व की जंग में फायरिंग करने वाला चौथा बदमाश भी दबोचा

■ घटना में शामिल तीन आरोपियों को पूर्व में ही पकड़ चुकी है पुलिस

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

वर्चस्व की जंग में जान से खत्म करने की नीयत से युवक पर फायरिंग करने वाले चौथे बदमाश को भी हजीरा थाना पुलिस द्वारा दबोच लिया गया है। जबकि उसके साथ घटना में शामिल तीन अन्य आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका है।

यहां बता दें कि न्यू कॉलोनी नंबर- दो निवासी सोनू उर्फ देवेंद्र पुत्र विनोद पाल ने हजीरा थाने में शिकायत की थी, कि 20 दिसंबर 2024 की रात को पीएचई कॉलोनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने मुझे कॉल करके कहा था कि मेरा बेटे आज बहुत गुस्से में हैं, वो तुझे खत्म कर देंगे। जिस पर मैंने कहा कि सुबह बात करेंगे। इसके बाद 21 दिसंबर की रात मेरे घर पर फायर होने की आवाज सुनकर मैंने बाहर निकलकर देखा तो पीएचई कॉलोनी निवासी उक्त युवक राइफल से मेरे घर पर फायर कर रहा था, उसके साथ तीन अन्य युवक भी थे, जिन्होंने मुझे देखते ही गोली चलाई जो दीवार में लगी। मैंने शोर मचाया, तो चारों बदमाश कार में बैठकर भाग गए। इस पर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 296 व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर घटना में शामिल तीन आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। जबकि फरार चल रहे चौथे बदमाश की तलाश की जा रही थी। इसी बीच बीती शाम पुलिस को सूचना मिली कि उक्त आरोपी तलवार वाले हनुमान मंदिर पर दर्शन करने के लिए कार से आया हुआ है। जिस पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर वहां मौजूद उक्त आरोपी को घेराबंदी करते हुए धरदबोचा। जिससे पूछताछ में खुद को ग्राम अमनपुरा थाना एंडोरी जिला भिण्ड हाल महाराजपुरा ग्वालियर का रहने वाला बताते हुए उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के पास से घटना में उपयोग की गई कार भी बरामद कर ली गई है। उक्त बदमाश को गिरफ्तार करने में हजीरा टीआई शिवमंगल सिंह सेंगर, एसआई संजेश सिंह भदौरिया, आरक्षक भानू परिहार, समरथ व कमलेश चौरसिया की सराहनीय भूमिका रही।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**ग्वालियर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पीसी गुप्ता के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष दवंडे के् मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रावास न्यू सुरेश नगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा निशुल्क विधिक सहायता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यविधि, एफआईआर लेख कराने की प्रक्रिया एवं अन्य व्यवहारिक कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की तथा कहा कि कानून को जानना जितना जरूरी है उससे कहीं अधिक जरूरी कानूनों को मानना है। कार्यक्रम में डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल ओमप्रकाश भार्गव ने बताया कि किस तरह से विधिक सेवा संस्थान आर्थिक एवं अन्य रुप से अक्षम व्यक्तियों को सक्षम न्याय दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर एड. हरेंद्र सिंह नरवरिया, एड. रोहन, एड. पवन कुमार जाटव, एड. रविंद्र गिल सहित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में निवासरत छात्र उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास के मामले का इनामी बदमाश पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भितरवार।** चीनौर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे 2000 रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी शैलेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी मोहित उर्फ विराट राणा को उसके गांव हस्तिनापुर से पकड़ा गया। यह मामला पिछले महीने चीनौर थाना क्षेत्र के ग्राम बनवार स्थित एक पेट्रोल पंप पर हुई वारदात से जुड़ा है। इस घटना में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से पांच आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे। आरोपी मोहित, जो सरदार सिंह राणा का पुत्र है और ग्राम जखारा थाना हस्तिनापुर का निवासी है, तब से फरार चल रहा था।

## छात्रों और शिक्षकों को प्राचार्य ने दी बधाई

**भितरवार।** पिछले दिनों 76वें गणतंत्र दिवस के विकासखंड स्तरीय मुख्य आयोजन पंडित दीनदयाल स्टेडियम ग्राउंड भितरवार में विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ



भितरवार के सीएम राइज शासकीय मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल के सीनियर वर्ग के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां अद्भुत प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया जिसको लेकर मंगलवार को स्कूल प्राचार्य जयमंती मिंज के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी कराने वाले शिक्षकों और परफॉर्मेंस देने वाले छात्रों को बधाई देते हुए स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया।

## कब्बडी, रस्सा-कस्सी और दौड़ प्रतियोगिता में दिखा युवाओं का उत्साह

**भितरवार।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र के समता युवा मंडल द्वारा विकासखंड स्तरीय खेल



प्रतियोगिता का आयोजन नगर के महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में किया गया जिसमें युवाओं के लिए देशी खेल जैसे कबड्डी, खो खो, रस्सा कस्सी और दौंड जैसी खेलों की प्रतियोगिता कराई गई तथा जीतने वाले प्रतिभागी और समूह को खेल किट,शील्ड और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया ।पार्क में आयोजित रस्सा कस्सी और दौंड प्रतियोगिता में आस पास के युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया इस मौके पर अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने कहा कि कहा कि खेल से जीवन में अनुशासन आता है और स्वास्थ भी बेहतर बना रहता है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में लैंगिक उत्पीड़न संबंधी बचाव एवं सुरक्षा विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**ग्वालियर।** लैंगिक उत्पीड़न संबंधी बचाव एवं सुरक्षा के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आदिम जाति जनजाति छात्रावास घाटीगाँव में



किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र जादौन ने छात्रावास के बच्चों से कहा कि बच्चों को किसी प्रकार से डरने की जरूरत नहीं है। अगर कोई परेशान करता है तो उसकी सूचना अपने शिक्षकों अथवा 1098 पर दे सकते हैं, गुड टच – बैड टच के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग के सीडीपीओ श्री ज्ञानेन्द्र शर्मा ने बच्चों को बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी बाल विवाह करता है तो उसकी सूचना आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा अपने शिक्षक को दे सकते हैं। कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की प्राचार्य श्रीमती ममता नागर ने कहा कि जागरूकता के कार्यक्रम समय–समय पर होते रहना चाहिए, जिससे बच्चों में जागरूकता आए और वे अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें। कार्यक्रम के प्रारंभ में सपोर्ट पर्सन श्री अरविंद कुशवाह ने बच्चों को पॉस्को एक्ट एवं बाल विवाह के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जनजागरूकता कार्यक्रम सपोर्ट पर्सन श्री अरविंद कुशवाह द्वारा कृष्णा पब्लिक स्कूल कुलैथ, शासकीय हाईस्कूल बरई, शासकीय हाई स्कूल घाटीगांव, शासकीय मॉडल स्कूल घाटीगांव में भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

# शराब कारोबारियों पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

■ आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार व अवैध हथियार जब्त

**ग्वालियर।** शराब कारोबारियों पर फायरिंग करने वाले दो बदमाशों को हजीरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार व अवैध हथियार भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों से वारदात में शामिल उनके फरार साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

हजीरा थाना पुलिस को बीती रात मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी, कि बीती 16 जनवरी को शराब कारोबारियों पर फायरिंग करने वाले दो बदमाश गाड़ी लेकर थोडी देर पहले हजीरा तरफ गए हैं। इस पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर सर्चिंग करते हुए वहां मौजूद दो बदमाशों को धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ में खुद को पंजाब सिंह तोमर वाली गली न्यू कांचमील हजीरा एवं कांचमील बिरला नगर हाल नारायण विहार कॉलोनी बताते हुए बीती 16 जनवरी को अपने दो अन्य साथियों के साथ कलारी चौराहा सिरौल पर स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर विवाद होने से गोलियां चलाना बताया। आरोपियों के मुताबिक भीड़ होने पर वह वहां से गाड़ी क्रमांक एमपी07 सीएल 1727 से भागकर कांचमील के पास आ गए थे। जहां उक्त दारू की दुकान वाले चार- पांच लोगों ने पीछे करते हुए हमें घेर लिया, तो हम अपने पास मौजूद पिस्टल से उन पर दो फायर कर भाग गए थे। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त की गई कार व पिस्टल सहित दो






कारतूस भी बरामद कर लिए गए हैं। उक्त कार्रवाई में हजीरा टीआई शिवमंगल सिंह सेंगर, एसआई अशोक सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक अनिल गुप्ता, आरक्षक श्रीकृष्ण राठौर व करन चौरसिया की सराहनीय भूमिका रही।

### शातिर बदमाश हैं दोनों आरोपी

पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों बेहद शातिर बदमाश हैं, जिनके खिलाफ पूर्व से कई आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। जिनमें से एक बदमाश पर आर्म्स एक्ट, मारपीट व हत्या के प्रयास के हजीरा में चार, पड़ाव में दो व ग्वालियर एवं सिरोल थानों में एक- एक मामला तथा दूसरे के खिलाफ हजीरा में छह, गोला का मंदिर में दो एवं सिरोल व ग्वालियर थानों का एक- एक केस मिलाकर कुल 10 अपराध दर्ज हैं। जिनमें आर्म्स एक्ट, मारपीट, हत्या का प्रयास, डकैती, जुआ एक्ट आदि के प्रकरण शामिल हैं।

### इस वारदात को दिया था अंजाम

लवकुश पुत्र भगवान सिंह भदौरिया उम्र 28 साल निवासी गोपालपुरा मुरैना हाल गोविंदपुरी ग्वालियर ने बीती 18 जनवरी को हजीरा थाने में शिकायत की थी, कि वह कलारी चौराहा सिरोल पर अंग्रेजी शराब की दुकान पर काम करता है। बीती 16 जनवरी की रात 10 बजे के लगभग कार क्रमांक एमपी07 सीएल 1727 से चार लोग आए और सेल्समैन राहुल भदौरिया से कम पैसे शराब लेने की डिमांड करने लगे। जब उसने उनकी बात मानने से इंकार किया, तो बदमाश फायर कर कार से भागने लगे। जिस पर मैंने अपने सहकर्मियों के साथ कंपनी की कार से उनका पीछा किया, तो उन्होंने कांचमील में भूसा की टाल के पास अपनी गाड़ी रोकी। इसके बाद उन्होंने गाली- गलौज करते हुए पिस्टल निकालकर हमें टारगेट कर दो फायर ठोंके, जिससे गोली लगने से हम बाल- बाल बचे। फिर आरोपी कार से भाग निकले। इस पर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 109, 296, 351(3) व 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई। वहीं एसपी धर्मवीर सिंह ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी कृष्ण लालचंदानी को इसमें शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करवाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में एएसपी द्वारा महाराजपुरा सर्किल सीएसपी नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में हजीरा थाने की टीम को उक्त आरोपियों की पतारसी में लगाया गया था।

# संगीत विश्वविद्यालयः मधुरम प्रस्तुतियों से दी शहीदों को श्रद्धांजलि

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में गुरुवार को शहीद दिवस मनाया गया। कुलगुरु प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने देश के अमर शहीदों को अपनी आवाज में श्रद्धांजलि दी। साथ ही शहर के वरिष्ठ कलाकार राजेंद्र पारीक ने भी भजनों की मधुरम प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ अमर शहीदों की स्मृति में दो मिनट के मौन धारण से हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता को समस्त विश्वविद्यालय परिवार द्वारा पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। इसके




बाद विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने संगीत की धुन पर शहीदों के लिए धन्यवाद गीत प्रस्तुत किया, कुलगुरु प्रो स्मिता सहस्त्रबुद्धे के मार्गदर्शन में तैयार इस गीत के बोल थे जो समर में हो गए अमर...। इसके बाद उन्होंने गांधी जी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए... की सुंदर प्रस्तुति दी।

### काहे रे मन खोजन जाहि..

इसके बाद शहर के प्रसिद्ध सुगम गायक श्री राजेंद्र पारीक द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुतियां दी गई। उन्होंने काहे रे मन खोजन जाहि..., ऐसे राम दीन हितकारी...। इसके बाद उन्होंने ग़ज़ल की अद्भुत प्रस्तुति की, जिसके बोल थे अच्छी बात कहो अच्छी बात सुनो...। इसी क्रम ऐसो को उदार जग माही..., रघुपति राघव राजा राम...आदि भजनो की मधुरम प्रस्तुतियां मंच से देकर माहौल को भक्ति रस में डुबो दिया। उनके साथ तबले पर संजय राठौर ने सधी हुई संगति की। इस अवसर पर वित्त नियंत्रक डॉ. आशुतोष खरे, सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष डॉ. पारुल दीक्षित सहित डॉ. अंजना झा, डॉ. मनीष करवड़े, डॉ. एसके मैथ्यू, डॉ. संजय सिंह, डॉ. गौरीप्रिया, डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विवेक पांडेय, डॉ. श्याम रस्तोगी, पीआरओ कुलदीप पाठक सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार और छात्र छात्राएं मौजूद रहे। संचालन आनंद राज ने किया।

## ग्वालियर के रोहित वर्ल्ड कप में भाग लेने उज्बेकिस्तान रवाना



**ग्वालियर।** ग्वालियर आर्म रेसलिंग वेलफयेर एसोसिएशन के पैरा आर्म रेसलर रोहित सिंह उज्बेकिस्तान में आयोजित हो रहे वर्ल्ड कप में शिरकत करेंगे। वर्ल्ड कप में एशिया कॉन्टिनेंट के 20 देश शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 30 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। इसमें मध्य प्रदेश से रोहित सिंह इकलौते खिलाड़ी होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय ने बताया कि रोहित सिंह ग्वालियर आर्म रेसलिंग अकेडमी बिरला नगर का खिलाड़ी हैं और वर्ल्ड चैंपियन मनीष कुमार से उन्होंने ट्रेनिंग ली है। आईकॉम सेंटर पर संस्था के अध्यक्ष केशव पाण्डेय सहित सचिव आदित्य भदौरिया, भूपेंद्र कांत, राजेंद्र मुदगल ने खिलाड़ी रोहित सिंह के साथ ही उनके माता–पिता पिंकी लहारिया एवं अरविंद सिंह का स्वागत कर उन्हें पदक जीतने की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## पुरस्कार वितरण के साथ जिला केएजी कराते चैंपियनशिप संपन्न

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

29 एवं 30 जनवरी को द रेडिएंट स्कूल में खेली जा रही ग्वालियर जिला, केएजी कराते चैंपियनशिप एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा के मुख्य



आतिथ्य और प्रिया गुप्ता की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुई। चैंपियनशिप का आयोजन कराते-डो एसोसियेशन ऑफ ग्वालियर के द्वारा किया गया था। इस अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर द रेडिएंट स्कूल के प्राचार्य ब्रह्मजीत सिंह, दीपक तोमर, राजेन्द्र मुदगल एवं एसोसियेशन के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय, उपाध्यक्ष डॉ. आदित्य सिंह भदौरिया, सतीश राजे और धर्मेंद्र नागले भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि निरंजन शर्मा ने खिलाड़ियों को उद्बोधित करते हुए कहा कि मेहनत सभी करते हैं किंतु सभी सफल नहीं हो पाते। यदि आप सभी खिलाड़ियों को इस खेल में अपनी पहचान स्थापित करना चाहते हैं, तो अपने गुरु के बताए अनुसार मेहनत करें, तो सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन सेंसेई सन्तोष पाण्डेय ने किया।

### विजेता इस प्रकार हैं

**बालकों में रुधाव तलेगांवकर, दिव्यनारायण, वैभव धाकड़, शिवेंद्र प्रताप, संजय कुशवाह, अमन शर्मा, चेतन वर्मा, अनिकेत जोशी, वंश राजावत, सार्थक तोमर, अमन उस्मानी, हेमंत मौर्य। बालिका वर्ग में विधि शर्मा, शैली गोले, दीक्षा रजक, खुशी राणा, कामिनी, स्मृति भानु, भक्ति प्रजापति, हेमाद्रिका, स्वस्ति बॉथम, आयुषी परमार।**

# भागवत कथा वह परम तत्व है, जिसकी विराटता अपरिमित व असीम हैः साध्वी वैष्णवी भारती

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



गुरुदेव आशुतोष महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा गंगेश्वर बजरंगदास चौराहा, सेक्टर-9, अमिताभ पुलिया के पास, गोविंदपुर, महाकुंभ मेला, प्रयागराज, उत्तरप्रदेश में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंर्तगत गुरुदेव आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती ने महात्मय के अंर्तगत बताया भगवान श्रीकृष्ण में जिनकी लगन लगी है उन भावुक भक्तों के हृदय में प्रभु के माधुर्य भाव को अभिव्यक्त करने वाला, उनके दिव्य रस का आस्वादन करवाने वाला यह सर्वोत्त्कृष्ट महापुराण है। जिसमें वर्णित वाक्य ज्ञान, विज्ञान, भक्ति एवं उसके अंगभूत साधन चतुष्टय को प्रकाशित करने वाला है तथा माया का मर्दन करने में समर्थ है। श्रीमद्भागवत भारतीय साहित्य का अपूर्व ग्रंथ है। यह भक्ति रस का ऐसा सागर है जिसमें डूबने वाले को भक्तिरूपी मणि-माणिक्यों की प्राप्ति होती है। भागवत कथा वह परमतत्व है जिसकी विराटता अपरिमित व असीम है। वह परमतत्व इसमें निहित है जिसके आश्रय से ही इस परम पावन भू-धाम का प्रत्येक कण अनुप्राणित और अभिव्यंजित हो रहा है। यह वह अखंड प्रकाश है जो मानव की प्रज्ञा को ज्ञान द्वारा आलोकित कर व्यापक चिंतन के द्वार खोल देता है। यह वह कथा है जो मानव के भीतरी दौर्बल्यता के रूपान्तरण हेतु अविरल मन्दाकिनी के रूप में युगों युगों से प्रवाहित होती आ रही है। उन्होंने बताया कि भागवत महापुराण की कथा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। दुर्योधन ने पांड़वों का अधिकार वापिस देने से इन्कार कर दिया। हम जानते हैं कि युद्ध के रुप में भयानक विभीषिका का सामना करना पड़ा। कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन स्वजनों को सामने देख कर मोहाग्रस्त हो गया। रण करने से पूर्व ही शस्त्र का परित्याग कर दिया। श्रीकृष्ण ने देखा कि उनके द्वारा चुना गया यंत्र निराशा, अवसाद, निरुत्साह से ग्रसित हो चुका है। उन्होने उसे अपने सामर्थ्य और बल से परिचित करवाया। विराट रुप का दर्शन करवाया एवं आत्मज्ञान से सराबोर किया। विचारणीय तथ्य यह है कि भीष्म पितामह और द्रोणाचार्य, महारथी कर्ण सभी मिलकर भी दुर्योधन को बचा नहीं सके। उधर मात्र अकेले श्रीकृष्ण ने अर्जुन को विजयी बना दिया। शस्त्र बल से श्रेष्ठ आत्मबल है यह भगवान ने समझाया।

## गूगल मीट बैठक से बिना सूचना के आधा सैकड़ा गायब हुए सचिव व सहायक सचिवों का कटेगा एक दिन का वेतन

**भितरवार।** बीते दिनों भितरवार के जनपद सभागार में ट्रेनिंग कार्यक्रम के दौरान अनुशासनहीनता का मामला सामने आया है। जिसमें जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर गूगल मीट के माध्यम से आवास सर्वे और वन विभाग से भूमि की अनुमति संबंधी सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं को लेकर ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जा रही थी जिसमें से अचानक आधा सैकड़ा पंचायत सचिव और सहायक सचिव बगैर किसी सूचना के गायब हो गए जिसे अनुशासनहीनता की सबसे बड़ी लापरवाही मानते हुए जनपद सीईओ के द्वारा सभी को कारण बताओं नोटिस जारी कर एक दिन का वेतन राजसात करने की कार्यवाही प्रस्तावित की है। जिसके चलते सभी सचिवों और सहायक सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्रेस्टीज में प्री-बजट चर्चा सत्र 'आशा सरकार से' विषय पर हुआ आयोजन



**ग्वालियर।** प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के फाइनेंस क्लब ने गुरुवार को सफलतापूर्वक प्री-बजट चर्चा सत्र 'आशा सरकार से' का आयोजन किया। जहां छात्रों ने वित्तीय विशेषज्ञों के साथ चर्चा की और आगामी केंद्रीय बजट 2025 से अपनी अपेक्षाओं को साझा किया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पैनलिस्ट सीए मुनमुन कोठारी, सीए विकास आर. फुलवधिया और सीए सिद्धार्थ पटनी शामिल रहे, जिन्होंने कराधान (टैक्सेशन), आर्थिक नीतियों, रोजगार सृजन, और उद्योग विकास पर गहरी जानकारी साझा की। इस सत्र में 250 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह एक ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली आयोजन बना। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आगामी केंद्रीय बजट 2025 की संभावनाओं और नीतियों की समझ प्रदान करना था। इस चर्चा के माध्यम से छात्रों को वित्तीय नीतियों, कराधान (टैक्सेशन), रोजगार सृजन, उद्योग विकास, और सार्वजनिक कल्याण योजनाओं के प्रभावों को गहराई से समझने का अवसर मिला। इसके अलावा यह सत्र छात्रों को वित्तीय साक्षरता (फाइनेंशियल लिटरेसी) बढ़ाने, बजट के आर्थिक पहलुओं को समझने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का एक मंच प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था। सत्र के दौरान, पैनलिस्ट्स ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए, जिनमें आयकर सुधार (इनकम टैक्स रिफॉर्म्स), जीएसटी नीतियां, स्टार्टअप प्रोत्साहन, और सार्वजनिक कल्याण योजनाएँ शामिल थीं। सीए मुनमुन कोठारी ने छात्रों के बीच वित्तीय साक्षरता के महत्व को उजागर किया।

## ब्रीफ न्यूज

### ताइवान में महसूस किए गए भूकंप के झटके, 5.6 की तीव्रता से हिली धरती, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**ताइपे।** ताइवान में गुरुवार की सुबह को 5.6 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए। द्वीप पर कई बार भूकंप आए, जिसके कारण थोड़ी क्षति हुई। आने वाले दिनों में और अधिक भूकंप आने की संभावना है। सेंट्रल वेदर एजेंसी और यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, सबसे बड़ा भूकंप सुबह 10-11 बजे चियाई काउंटी के दापु टाउनशिप में 10 किमी की गहराई पर आया। इसके तुरंत बाद दापू में कई कम तीव्रता वाले भूकंप महसूस किए गए। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। इससे पहले 21 जनवरी को 6.4 की तीव्रता से ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिसमें 15 लोग घायल हो गए थे। इलाज के लिए उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इस हादसे में इमारतों और सड़कों को क्षति पहुंची थी। पिछले साल अप्रैल में 7.4की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी। करीब एक हजार लोग घायल भी हुए थे। पिछले 25 वर्षों में यह सबसे शक्तिशाली भूकंप था। भूकंप विशेषज्ञों के अनुसार ताइवान बढ़ी हुई भूकंपीय गतिविधियों के दौर से गुजर रहा है, जिसमें आने वाले दिनों में और भूकंप आने की संभावना है। 1999 में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में 2,415 लोगों की मौत हो गई थी। इसमें इमारतों को नुकसान पहुंचा था। इस हादसे के बाद ताइवान में भूकंप सुरक्षा पर व्यापक सार्वजनिक शिक्षा अभियान चलाए गए।

### एअर इंडिया बम धमाके के आरोपी मलिक के हत्यारे को उम्रकैद

**टोरंटो।** कनाडा की एक अदालत ने 1985 में एअर इंडिया बम धमाके के संदिग्ध रहे रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के लिए दोषी 24 वर्षीय टान्नर फॉक्स को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मलिक को बाद में बरी कर दिया गया था। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट के एक जज ने रिपुदमन सिंह मलिक की हत्या के लिए फॉक्स को 20 साल तक बिना किसी पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई। भारत में खालिस्तान समर्थक बताए गए रिपदमन सिंह मलिक को 15 जुलाई, 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में अपनी कार में बैठे वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मलिक और सह-आरोपी अजायब सिंह बागरी को 2005 में एयर इंडिया बमबारी से संबंधित सामूहिक हत्या और साजिश के आरोपों से बरी कर दिया गया था। मलिक की हत्या के दो हफ्ते बाद, कनाडाई पुलिस ने वैंकूवर से लगभग 75 किलोमीटर दूर ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफ़ोर्ड निवासी फॉक्स और उसके साथी जोस लोपेज को वैंकूवर से गिरफ्तार किया था। उसे शुक्रवार को सजा सुनाई जाएगी। ब्रिटेन में उभरते हुए 9 खतरों में हिंदू राष्ट्रवाद और खालिस्तानी उग्रवाद को शामिल किया गया है। यह जानकारी गृह मंत्रालय के दस्तावेज से लीक हुई है। यह समिति अगस्त 2024 में ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के सचिव यवेट कूपर ने बनाई थी।

### अमेरिकी मूल के हथियार प्रणालियों और प्लेटफार्मों की खरीद बढ़ाने का आह्वान किया

# अमेरिका चाहता है कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी की जमकर खरीददारी करे

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनते ही पूरी दुनिया में हलचल मची हुई है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। अमेरिका चाहता है कि भारत सैन्य प्रौद्योगिकी की खरीदी अमेरिका के मन मुताबिक करे। ऐसे में भारत की स्टार्टअप नीति को लेकर कुछ चुनौतियां हैं। भारत इससे इतर मेक इन इंडिया पर भरोसा जता रहा है। अगर अमेरिका के साथ डिफेंस डील होती भी है तो भारत अपनी शर्तों पर इसे करने की कोशिश करेगा। लड़ाकू विमानों और बख्तरबंद लड़ाकू वाहनों से लेकर एयरो-इंजन और मिसाइलों तक, ट्रंप प्रशासन भारत को अमेरिका से सैन्य खरीद को और बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति ट्रंप का लेन-देन का दृष्टिकोण सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी फोन पर बातचीत में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। जहां उन्होंने भारत से अमेरिकी मूल के हथियार प्रणालियों और प्लेटफार्मों की खरीद बढ़ाने का आह्वान किया। खबर है कि ट्रंप प्रशासन भारत से अमेरिकी सैन्य प्रौद्योगिकी की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करने का आग्रह कर रहा है। इसकी लागत 2007 से अब तक 25 बिलियन



डॉलर से अधिक हो चुकी है। चल रही बातचीत में फाइटर जेट इंजन के लिए सह-उत्पादन सौदे और लड़ाकू वाहनों के संयुक्त विनिर्माण शामिल हैं। इसमें रणनीतिक और तकनीकी सहयोग पर जोर दिया गया है। एक अधिकारी ने कहा, भारत को नए ट्रंप प्रशासन के साथ सावधानी से बातचीत करनी होगी। अमेरिकी सैन्य तकनीक निश्चित रूप से शीर्ष स्तर की है। लेकिन इसे उचित लागत पर विदेशी सहयोग के साथ 'मेक इन इंडिया' की हमारी नीति के साथ तालमेल बिठाना होगा। भारत सीधे खरीद के बजाय सह-विकास और सह-उत्पादन चाहता है। ट्रंप का यह कदम भारत द्वारा अमेरिकी सरकार के साथ 31 हथियारबंद एमक्यू-9बी 'प्रिडेटर' रिमोट से संचालित विमानों के लिए 3.3 बिलियन डॉलर के मेगा अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के बमुश्किल चार महीने बाद आया है। साथ ही ड्रोन निर्माता जनरल एटॉमिक्स के साथ यहां एमआरओ सुविधा स्थापित करने के लिए 520 मिलियन डॉलर का एक और अनुबंध किया गया है।लेकिन यह बाइडन प्रशासन के अंतिम दिनों के दौरान था। ट्रम्प कई मोर्चों पर रणनीतिक अभिसरण के अलावा बड़े सौदों के मामले में अपना हिस्सा चाहते हैं। बेशक, तेजस मार्क-द्वितीय लड़ाकू विमानों के लिए भारत में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ अमेरिकी जनरल इलेक्ट्रिक एफ 414-आईएनएस 6 एयरोइंजन के सह-उत्पादन के लिए पिछले महीने शुरू हुई तकनीकी-व्यावसायिक वार्ता चल रही है। इस सौदे में कुल मूल्य के इंजन भागों की 80प्रतिशत तकनीक का हस्तांतरण शामिल है।

# अहमद अल-शरा बने सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति, 2012 का संविधान किया रद्द

### सभी सशस्त्र गुटों और राजनीतिक संगठनों का राज्य संस्थानों में होगा विलय

**एजेंसी ■ दमस्क**

सीरिया में 50 सालों के असद राज का अंत हो चुका है। बुधवार को अहमद अल-शरा को देश का अंतरिम राष्ट्रपति नियुक्त किया गया और उन्हें विधायिका बनाने का दायित्व सौंपा गया। यह फैसला उस वक्त आया जब इस्लामी विद्रोही गठबंधन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोहियों ने 8 दिसंबर को बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल कर दिया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सैन्य अधिकारी हसन अब्देल गनी ने घोषणा की कि अहमद अल-शरा देश में अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर काम करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सीरिया का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बता दें कि अहमद अल-शरा के सत्ता में आने के बाद देश में 2012 के संविधान को रद्द कर दिया है। असद सरकार की संसद भंग कर दी गई है। नई अस्थायी विधान परिषद का गठन किया जाएगा। उनकी प्राथमिकता देश में शांति स्थापित करना, संस्थानों का पुनर्निर्माण करना और एक स्थिर अर्थव्यवस्था का निर्माण करना होगा। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति चुने गए अहमद अल-शरा 2017 से हयात तहरीर अल-शाम के नेता के रूप में काम कर रहे



हैं। ये समूह सीरिया में अल-कायदा से निकला विद्रोही गुट है, जिसने 2024 में बशर अल-असद को सत्ता से हटा दिया है।

एचटीएस का गठन 2016 में अल-नुसरा फ्रंट से अलग होकर किया था, जिसने उत्तर-पश्चिमी इदलिब को अपना गढ़ बना लिया। इसको संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने एचटीएस को आतंकवादी संगठन घोषित किया। बशर अल-असद के शासन के साथ सीरियाई सेना और अन्य सरकारी एजेंसियां भी प्रभावी रूप से ध्वस्त हो गई हैं। इस मौके पर अब्देल गनी ने घोषणा की कि असद की सेना और सुरक्षा एजेंसियों को भंग किया जाएगा। सभी सशस्त्र गुटों और राजनीतिक संगठनों को राज्य संस्थानों में विलय किया जाएगा। सीरियाई सेना का पुनर्गठन किया जाएगा और एक नया सुरक्षा तंत्र बनाया जाएगा। सीरिया पर दशकों से शासन करने वाली बाथ पार्टी को भी भंग कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि नई सरकार ने राजनीतिक सुधारों और समावेशी शासन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। देश के नए अंतरिम राष्ट्रपति चुने जाने के बाद शरा ने कहा कि देश में संविधान को फिर से लिखने में तीन साल लग सकते हैं। इसके अलावा चुनावों की प्रक्रिया को पूरा करने में चार साल का समय लग सकता है। हालांकि, अभी तक कई मुद्दों पर बात करने लिए राष्ट्रीय स्तर पर किसी तरह का कार्यक्रम या सम्मेलन का आयोजन करने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

पश्चिमी राजनयिकों का एक समूह सीरिया दौरे पर है ताकि नई सरकार के साथ संवाद स्थापित किया जा सके। 2011 में असद शासन के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शनों को कुचलने के बाद सीरिया में गृहयुद्ध शुरू हो गया था। इस संघर्ष में 500,000 से ज्यादा लोग मारे गए और लाखों लोग विस्थापित हो गए। अब जब असद सत्ता से बाहर हो चुके हैं, तो सवाल उठता है कि क्या नई सरकार सीरिया में स्थिरता ला पाएगी?

## ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स सूची में भारत चौथी सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकत बना



### पाकिस्तान को इस सूची में नहीं मिली जगह, वह 12वें नंबर पर

**एजेंसी ■ करांची**

ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2025 जारी कर दिया गया है, जिसमें भारत दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकत बनकर उभरा है। इस इंडेक्स को तैयार करने के लिए सैन्य क्षमता, वित्तीय स्थिति, लॉजिस्टिक सपोर्ट और 60 से ज्यादा कारकों का विश्लेषण किया गया। इस सूची के मुताबिक टॉप सबसे मजबूत देशों की सूची में अमेरिका पहले नंबर पर है, जिसका स्कोर 0.0744 है। इस सूची में जिस देश का स्कोर सबसे कम होता है वह ज्यादा स्ट्रॉंग माना जाता है। इस सूची में अमेरिका के बाद रूस और चीन बहुत मामूली अंतर से दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। भारत सूची में चीन के बाद चौथे नंबर पर है, जिसका स्कोर 0.1184 है। वहीं ठीक बाद साउथ कोरिया का नंबर है, जो पांचवें स्थान पर है। ग्लोबल फायरपावर इंडेक्स 2025 की टॉप 10 सूची में दुनिया के कई देश शामिल है, जिसमें ब्रिटेन (6वें), फ्रांस (7वें), जापान (8वें), तुर्किए (9वें) और इटली (10वें) नंबर पर है। पाकिस्तान इस सूची में शामिल नहीं है वह 12वें नंबर पर है। भारत के मुकाबले पाकिस्तान की एयरफोर्स और नेवी की ताकत कमजोर मानी गई है। भारत के पास कुल 51.37 लाख सेना है। इसमें से 14.55 लाख एक्टिव सैनिक, 11.55 लाख रिजर्व सैनिक और 25.27 लाख अर्धसैनिक बल है। पाकिस्तान के पास कुल 17.04 लाख सैनिक हैं जिनमें 6.54 लाख एक्टिव सैनिक, 5.50 लाख रिजर्व सैनिक और 5 लाख अर्धसैनिक बल है।

# स्तन कैंसर के उपचार में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की

**एजेंसी ■ सिडनी**

शोधकर्ताओं ने स्तन कैंसर के सबसे सामान्य रूप के उपचार में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करने का दावा किया है। इसकी वजह से स्वस्थ होने की दर (क्योर रेट) में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। यह सफलता मेलबर्न स्थित पीटर मैककैलम कैंसर सेंटर द्वारा किए गए एक अंतराष्ट्रीय क्लिनिकल ट्रायल में मिली है, जिसमें यह पाया गया कि अगर सर्जरी से पहले स्तन कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी के साथ इम्यूनोथेरेपी दवा निवोलुमैब दी जाए, तो इलाज के परिणामों में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है। इस परीक्षण में 510 मरीजों ने हिस्सा लिया, जिन्हें ईआर प्लस/एचईआर2- प्रकार का स्तन कैंसर था, जो विश्व भर में सभी स्तन कैंसर मामलों का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा बनाता है। इन मरीजों को सर्जरी से पहले ट्यूमर



को सिकोड़ने के लिए कीमोथेरेपी दी गई थी। ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने यह मूल्यांकन किया कि सर्जरी से पहले निवोलुमैब या प्लेसबो के इंफ्यूजन से इलाज की प्रतिक्रिया पर क्या प्रभाव पड़ा। परिणामों के अनुसार, निवोलुमैब के साथ इलाज किए गए 25 प्रतिशत मरीजों में सर्जरी के बाद कैंसर के कोई लक्षण नहीं पाए गए, जबकि प्लेसबो समूह में यह आंकड़ा केवल 14 प्रतिशत था। पीटर मैक के मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और इस परीक्षण के नेता शेरेन लोई ने कहा, इन रोगियों के ठीक होने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि उनके ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया गया और स्तन और लिम्फ नोड ऊतक के नमूनों में कैंसर कोशिकाएं नहीं पाई गईं। इस अध्ययन से यह उम्मीद जताई जा रही है कि इम्यूनोथेरेपी और कीमोथेरेपी का संयोजन स्तन कैंसर के इलाज में नई संभावनाएं खोल सकता है और क्योर रेट को बेहतर बना सकता है।

### बांग्लादेश में बिस्वा इज्तिमा आज से, भारत के मौलाना साद होंगे शामिल

**ढाका।** बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और फैली अशांति के बीच मुसलमानों के सबसे बड़े इज्तिमा (इस्लामिक सम्मेलन) में से एक बिस्वा इज्तिमा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पहला चरण शुक्रवार 31 जनवरी को बांग्लादेश की तुराग नदी के तट पर होगा। वहीं, बांग्लादेश में होने वाले बिस्वा इज्तिमा में भारत के जाने-माने मौलाना साद कांधलवी भी शामिल होंगे। भारत के मौलाना साद का पूरे बांग्लादेश में काफी अच्छा प्रभाव है। बांग्लादेश यात्रा पर जाने के बाद उनकी मुलाकात बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कई बड़े अधिकारियों और नेताओं से भी हो सकती है। ऐसे में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि वह भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की खटास को इस यात्रा से कम कर सकते हैं। इज्तिमा ग्राउंड के नियंत्रण को लेकर भारत के मौलाना साद और बांग्लादेश के मौलाना जुबैर अहमद के अनुयायियों के बीच झड़प हो गई थी।

# गाजा में युद्ध विराम के बाद भी वेस्ट बैंक में इजरायली सेना ने की एयर स्ट्राइक 10 की मौत

**एजेंसी ■ रामल्ला**

इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम होने के बाद भी शांति दिखाई नहीं दे रही है। बीती रात ही इजरायली सेना ने वेस्ट बैंक में एयर स्ट्राइक कर दी जिससे 10 की मौत मौत हो गई। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बुधवार को इजरायल द्वारा किए गए हवाई हमले में कब्जे वाले पश्चिमी तट पर कम से कम 10 फिलिस्तीनी नागरिकों की जान चली गई। इजरायली सेना ने इस हमले को लेकर बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि यह कार्रवाई सशस्त्र आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए की गई थी।

बुधवार देर रात इजरायली सेना ने कब्जे वाले क्षेत्र में फिलिस्तीनी उग्रवादियों पर कार्रवाई तेज करते हुए तमून के ग्रामीण इलाके पर जेट फाइटर से हमला किया। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, यह हवाई हमला एक घनी आबादी वाले इलाके में स्थित एक घर पर हुआ। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने



आशंका जताई है कि इस हमले में मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलिस्तीनियों का मानना है कि इजरायल द्वारा बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे सैन्य अभियानों से नाराजगी और बढ़ेगी और हिंसा का सिलसिला लंबे समय तक जारी रह सकता है। जेनिन शरणार्थी शिविर में चल रही छापेमारी में अब तक कम से कम 18 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। उनका कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों से हालात और बिगड़ सकते हैं, जिससे रक्तपात का दौर लंबा खिंच सकता है। हमास ने एक बयान जारी कर तमून में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया, लेकिन यह स्पष्ट किया कि वे उसके सदस्य नहीं थे। संगठन ने इजरायल और कब्जे वाले पश्चिमी तट के फिलिस्तीनियों से आह्वान किया कि वे इजरायल के खिलाफ संगठित हों, ताकि उसे ÷अपने अपराधों की कीमत चुकानी पड़े। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिमी तट में इजरायली सेना और बसने वालों ने अब तक कम से कम 873 फिलिस्तीनियों की जान ले ली है।

**सख्ती** ट्रंप के एक फैसले ने बांग्लादेश-पाकिस्तान और नेपाल की बढ़ा दी मुश्किलें

# फंड को तत्काल 90 दिनों के लिए रोक दिया जाए : राष्ट्रपति ट्रंप

**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

भारत के पड़ोसियों पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल जैसे देश मुश्किल में पड़ गए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अमेरिका फर्स्ट के एजेंडे के तहत सभी विदेशी सहायता को निलंबित करने की घोषणा की। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन के बाद ही अमेरिका तय करेगा कि इन देशों को आर्थिक मदद दी जानी चाहिए या नहीं। तब तक अमेरिका की तरफ से दुनिया के देशों में चल रहे सभी सहायता प्रोग्राम स्थगित कर दिए गए हैं। ट्रंप ने 20 जनवरी को पद की शपथ लेने के बाद जिन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किया था, उसमें एक आदेश विदेशी मदद को लेकर भी था। उन्होंने सभी संघीय एजेंसियों को आदेश दिया था कि



विदेशों में विकास के लिए दिए जाने वाले फंड को तत्काल 90 दिनों के लिए रोक दिया जाए और जो विकास प्रोग्राम अभी भी चल रहे हैं, उनका मूल्यांकन किया जाए। इसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने भी ज्ञापन जारी कर घोषणा की कि अमेरिका ने विदेशी सहायता प्रोग्राम के लिए लगभग सभी नई फंडिंग पर रोक लगा दी है। इस निलंबन से इजरायल, मिस्र और अमेरिका के मुख्य मध्य-पूर्वी सहयोगियों को बाहर रखा गया है।

### पाकिस्तान को लगा बड़ा झटका

आर्थिक तंगहाली से गुजर रहे पाकिस्तान में कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स अमेरिकी मदद से चल रहे हैं। लेकिन ट्रंप के आदेश से ये प्रोजेक्ट्स रुक गए हैं। पाकिस्तान में सांस्कृतिक संरक्षण प्रोजेक्ट्स के लिए एंबेसडर फंड को निलंबित कर दिया है और ऊर्जा क्षेत्र की पांच महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स बंद कर दी हैं। ट्रंप के आदेश से पाकिस्तान में आर्थिक विकास से संबंधित चार प्रोग्राम भी प्रभावित हुए हैं और पांच कृषि विकास प्रोजेक्ट्स को सहायता रोक दी गई है।

भारत के पड़ोसी देश नेपाल को भी भारी मात्रा में अमेरिकी मदद मिलती है। नेपाल विकास कार्यों के लिए अमेरिकी मदद पाने वाला दुनिया का 19वां देश है।1951 से यूएसएआईडी ने नेपाल को 1.5 अरब डॉलर की सहायता दी है। वित्त वर्ष 2020-21 में अमेरिका ने नेपाल को 10.594 करोड़ डॉलर और 2018-19 में 12.5 करोड़ डॉलर दिए थे। नेपाल में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर, आर्थिक विकास, मानवीय सहायता और महिला एवं बाल सशक्तिकरण जैसे प्रोग्राम्स अमेरिकी मदद से चल रहे हैं। सहायता रोके जाने से ये प्रोजेक्ट अधर में लटक सकते हैं।

# तालिबान की राह पर बांग्लादेश: महिलाओं पर लगने लगी पाबंदियां

**ढाका।** दुनिया में एक मात्र बांग्लादेश है जिस पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। हर एक देश अपने अपने हिसाब से बांग्लादेश का उपयोग करना चाहता है। यहां तालिबान भी अपने पर फैलाने लगा है। पहले जिस बांग्लादेश में महिलाओं को हर काम करने की छूट होती थी, अब वहां महिलाओं के आगे आकर काम करने पर पाबंदियां लगनी शुरू हो गई हैं। बांग्लादेश की दो मशहूर फिल्म कलाकार महजबीन चौधरी को चटगांव में और तंगेल में पोरी मोनी नामक अभिनेत्री को लॉन्च कार्यक्रमों में भाग नहीं लेने दिया गया। अब उसी तर्ज पर एक अन्य अभिनेत्री अपू विश्वास को भी तालिबानी मदरसों का विरोध झेलना पड़ा। जानकारी के मुताबिक मशहूर अभिनेत्री अपु विश्वास को ढाका के कामरंगेचर इलाके में एक रेस्टरां का उद्घाटन करना था। रेस्टॉरेंट के मालिकों ने इस उद्घाटन को लेकर जब अभिनेत्री अपू विश्वास की पब्लिसिटी शुरू की तो वहां के धार्मिक संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई। इन मौलवियों का कहना था कि किसी महिला द्वारा इस तरह का काम किया जाना अपने आप में वर्जित है। अगर रेस्टॉरेंट के मालिक इस तरह का काम कराएंगे तो उन्हें इसके अंजाम भुगतने होंगे। जिस इलाके में इस रेस्टोरेंट का उद्घाटन होना था वहां आसपास करीब 200 मदरसे हैं।

# बाबाजी का अध्यात्म भगवान राम के आदर्शों पर ठीक नहीं

हरियाणा के झज्जर का रहने वाला अभय सिंह प्रयागराज महाकुंभ में मिले आई आई टी बाबा के टैग से परेशान हो गया है। अभय ने कहा कि मुझे ये पॉपुलैरिटी नहीं चाहिए। मेरे कैरेक्टर को गाली दी जा रही है। यही सब छोड़कर मैं घर से आया था, अब उसी से जोड़ दिया गया है। प्रयागराज में अभय सिंह पर मुझे निजी टिप्पणी नहीं करनी है लेकिन सत्य क़ो बताना भी आवश्यक है आप माता पिता क़ो इस्तेमाल की चीज नहीं बना सकते हैं माता पिता में लड़ाई होती है किसके घर में नहीं हुआ लेकिन घर की चीज मीडिया में लाने की जरुरत क्या है माता पिता आपके लिए जो करते हैं दूसरा क़ोई नहीं कर सकता जरा सोचो माँ पर जिसने बच्चे क़ो जन्म दिया और पिता उसके भविष्य क़ो अच्छा बनाने के लिए क्या क्या नहीं करता पढ़ाई की फीस में क़ोई कमी नहीं रखता भले ही अपने शौक क़ो मार देते हैं पिताजी बच्चे क़ो बोलते हैं तो उनके भले के लिए और कौन अपने बच्चे क़ो पढ़ाई के लिए नहीं बोलता है आप भगवान श्री राम क़ो पूजा करते हैं लेकिन उनके आदर्शों पर चलने क़ो तैयार नहीं होतें ऐ मुझे इसलिए लिखना पर रहा है क्योंकि मैं भी आईआईटी, रूडकी का पूर्व छात्र हूँ और आईआईटी क़ो बदनाम होतें नहीं देखना चाहता हूँ भगवान श्री राम की क्या गलती थी कि 14वर्ष का वनवास मिला लेकिन उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया और उनके साथ माता सीता और भाई लखन भी गए ऐ होती है मर्यादा का पालन करना यदि माता पिता से नाराजगी है तो उसे अपने अंदर ही सोल्व करना चाहिए मीडिया में कीचड़ नहीं उछालना चाहिए। तप या मुनि लोग मुँह क्यों ढककर रखते हैं क्योंकि तप करने से अपने अंदर की सारी बातें सामने आ जाती है और मुँह ढककर रखने का मतलब यही है सोच समझकर बोलना यानि जो उचित हो ऐ आपको ऐसे मालूम नहीं होता जब तपते हैं तो मालूम होता है की भीतर की आग ईर्ष्या के रूप में कितना भयंकर होता है वो दूसरों का नहीं अपना ही नुकसान कर देता है बाप माँ कभी भी बच्चे के प्रति बुरा नहीं सोच सकते हैं सभी आपकी कामयाबी पर अंदर से जलते हैं लेकिन माँ बाप ही बहुत अधिक खुश होतें हैं अतः बच्चे क़ो कभी भी अपने माता पिता के प्रति द्वेष नहीं करना चाहिए ऐ आपको ही नुकसान करेगा श्रवण कुमार से सीखो जिसने रात के अँधेरे



में भी अपने अंधे माता पिता को पानी लाने के लिए कुँआ के पास गया और गलती से राजा दशरथ ने मिर्ग समझकर अनजाने में वध किया और बाद में मालूम हुआ कि ऐ तो माता पिता का सबसे आज्ञाकारी पुत्र है और जब श्रवण कुमार के माता पिता को पता चला तो यह जानते हुए कि गलती से हो गया फिर भी अपने पुत्र के प्रेम में इतना आहत हुए कि उन्होंने बेकसूर राजा दशरथ को ही श्राप दे दिया और वही घूमते हुए राजा दशरथ को अपने प्यारे पुत्र भगवान राम के वियोग में व्याकुल इतना कर दिया कि उनके वियोग में स्वर्गसिधार गए।

# 'राम और रोटी' के साधक : भक्त रैदास

▪ डॉ. उदय प्रताप सिंह

**भक्ति जीवन के माध्यम से संघर्ष की नींव रखने वाले रैदास महत्त्वपूर्ण संत हैं। वह संसार की विपत्तियों (समस्याओं) से पलायन नहीं करते; अपितु प्रभु स्मरण और श्रम के संबल द्वारा उसे पराभूत करने की साधना करते हैं। 'रोटी और राम' उनका जीवन दर्शन है। उनका यह जीवन दर्शन आधुनिक समाज शास्त्रियों को भी अचरज में डाल देता है।**

भक्त शिरोमणि रैदास ने टूटी-फूटी व अनगढ़ भाषा में प्रभु स्मरण का जो लोकधर्मी वातावरण बनाया उसमें सभी रसमग्न होते दिखते हैं। जिन भक्त कवियों ने लोकभाषाओं की डोंगी व भक्ति भाव के पतवार से छपकोरी मारते हुए 'क्षीर सागर' तक पहुँचने का प्रयास किया था उनमें भक्त रैदास का महत्त्वपूर्ण स्थान है। वे सगुण को जानते हुए भी निर्गुण की साधना करते थे। उनकी 'बानियाँ' आभिजात्य वर्ग की जातीय स्मृतियों में भले ही न हों; पर लोकचित्त में उनका स्थायी प्रभाव दिखता है। रैदास की 'वानियाँ' लोककण्ठ की उफली (खजड़ी) में भक्ति का राग बन मनुष्य हृदय को अभिसिंचित कर जाती हैं- 'साँची प्रीति हम तुम सौं जोरी। तुम सौं जोरि अउर संग तोरी।।' वे भक्ति की देहरी पर बैठे सिद्ध संत हैं। भक्ति जीवन के माध्यम से संघर्ष की नींव रखने वाले रैदास महत्त्वपूर्ण संत हैं। वह संसार की विपत्तियों (समस्याओं) से पलायन नहीं करते; अपितु प्रभु स्मरण और श्रम के संबल द्वारा उसे पराभूत करने की साधना करते हैं। 'रोटी और राम' उनका जीवन दर्शन है। उनका यह जीवन दर्शन आधुनिक समाज शास्त्रियों को भी अचरज में डाल देता है। इसी जीवन दर्शन द्वारा रैदास घृणा, आक्रोश और अस्पृश्यता के समापन का एक आदर्श 'बेगमपुरा' के रूप में रखते हैं- 'ऐसा चाहूँ राज मैं जहाँ मिले सभन को अन्न। छोटो बड़ो सभ सम बसैं रविदास रहैं प्रसन्न'।।

उनका परिवार और वह मरे पशुओं की खाल (ढोर) का व्यापार रोटी के लिए करते हैं तो भक्ति साधना सामाजिक समरसता हेतु। वह अलमस्त भक्त थे। उनका समय जूता गाँठने और प्रभु-भजन में ही बीत जाता था। धर्मचेतना के साथ कर्मचेतना को जाग्रत करना स्वामी रामानंद के बारह प्रमुख शिष्यों की प्राथमिकता रही है। कबीर कपड़ा बुनते हैं, रैदास जूता गाँठते हैं, सेन बाल काटते हैं, धन्ना खेती करते हैं, पीपा कपड़ा सिलते हैं। रैदास का कर्म और धर्म में अद्भुत समन्वय है- 'रसना सो हरि नाम जप हत्थन सों करि काम'। क्रमशः उनकी भक्ति चेतना बलवती होती गई। उनका भयंकर विरोध करने वाले समर्थक बन गये। प्रभु के प्रति उनकी गहरी निष्ठा उन्हें सर्वश्रेष्ठ मानव भी बनाती है और भक्त भी-

*जाके कुटुंब ढोर ढोवत अजहूँ बनारस के आसपासा।*
*आचार सहित बिप्र करैं दण्डवत रैदास दासानुदासा।।*

मरे पशुओं की खाल निकालना, उनका जूता बनाने में उपयोग करना अन्यों के लिए लज्जा व अपमान का विषय हो सकता है; पर रैदास के लिए वह सम्मान का बिंदु है। उसमें श्रम की प्रतिष्ठा है और पारम्परिक व्यवसाय के प्रति लगाव है।

भक्ति की देहरी पर बैठे रैदास भक्त शिरोमणि हैं, भक्ति द्वारा जीवन संघर्ष की नींव रखने वाले पहले संत हैं। संसार की समस्याओं से पलायन न कर प्रभु के प्रति आत्यंतिक निष्ठा रखने वाले रैदास की कर्मचेतना भक्तिचेतना से संबल प्राप्त करती है। इसलिए वह 'राम' के साथ 'रोटी' को अपनी साधना में शामिल करते हैं। रैदास की 'बानी' भक्ति रस में सराबोर है, वह पवित्र और निर्मल है, उसमें कल्मष



नहीं है। उनकी 'बानी' द्वारा संसार और प्रभु के बीच का अंतर मिट जाता है- 'प्रभु जी तुम चंदन हम पानी'। रैदास की भक्ति का निहितार्थ वर्णाश्रम के मिथ्या अभिमान से अलग दिखता है- 'ऐसी लाज तुम बिन कौन करै। गरीब निवाज गुसैंया मेरो माथे छत्र धरै'।। रैदास का कहना है कि मोहमाया में लिप्त व सामाजिक दृष्टि से वंचित जीवों के एक मात्र सहारा प्रभु राम ही हैं- 'नीचे ते प्रभु ऊँच कियौ है कह रैदास चमारा'। पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य सब रामकृपा पर ही निर्भर है; पर कर्म से रहित होकर नहीं। मनुष्य स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष, हिंसा और अहंकार से भरा है। कर्म का गुमान कहीं प्रभावी न हो जाय अतः प्रभु भक्ति अपरिहार्य है। रैदास का मानना है कि ईश्वर की कृपा ही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। आभिजात्य वर्ग में जन्म लेने वाले से भी भक्त कई गुना बड़ा है- क्योंकि वह प्रभु का कृपापात्र है-

*ब्राहमन, बैस, सूद्र अरु क्षत्रिय डोम चमार मलेच्छ किन कोई।*
*होइ पुनीत भगवंत भजन तें भगत बराबर अउन न कोई।।*

रैदास श्रम (कर्म) और धर्म की साधना द्वारा प्रमाणित कर देते हैं कि धर्म की साधना में छोटा से छोटा कर्म भी बाधक नहीं है। उनकी वाणियों में समरसता की धारा बहती है। कुल-जन्म के आधार पर स्वयं को महिमामंडित कर देने वाली नासमझी को प्रेम की 'बानी' से बेजान कर देने वाली साधुता से उपजी ऊर्जा का नाम संत-रैदास है। उनकी भक्ति साधना धार्मिक रूढ़ियों द्वारा निर्मित अंधकार के विरुद्ध एक उजाला है। चुनौती भरी ललकार के साथ अंत्यज के पक्ष में खड़े रैदास योगी भक्त, वैरागी और सद्गृहस्थ के मित्र सरीखे हैं। वाराणसी में शिव यदि तमाम दार्शनिक मान्यताओं के प्रतीक हैं तो रैदास धर्म और श्रमसाधना के प्रतीक बन गये हैं। आदमी होते हुए भी आदमी न कहे जाने वाले बेजुबान लोगों की आवाज हैं रैदास। समाज-निर्माण में उनकी भक्ति सनी 'बानियाँ' और कर्म द्वारा प्रबल आत्मबल की चेतना प्रतिशोध का ताप नहीं, शीतल लेप के समान हैं। उनकी 'बानियाँ' तो शब्द हिंसा से भी परहेज करती हैं। उनमें ऊष्मा है; अग्नि और आक्रोश की आँच नहीं है। वहाँ गंगाजल और शीतलता है। उनके मानस में एक समरस समाज बसता है। रैदास पहली बार वन्यजीवी, भिक्षाजीवी, साधुता को जीवन में श्रम से जोड़ते हैं- 'रसना सों हरि नाम जप हत्थन सों करि काम'। जाति-पाँति और विषमता को भक्ति के बल पर चुनौती देने वाले रैदास साधुता से उपजे स्वाभिमान के प्रतिमान हैं। 'राम' के साथ 'रोटी' उनके भक्ति-दर्शन का अभिप्राय है।

भक्त रैदास ने 'ढँपोर' संस्कृति की रूढ़ियों को 'ढोर' संस्कृति की स्वाभिमान पूर्ण साधना (चेतना) और भक्तिभाव की उदारता द्वारा जवाब दिया है। मध्यकाल में बने मठ और आश्रम उपेक्षित जनता का सार्थक संवाद ही तो रहे हैं। इन्हीं मठों और आश्रमों से जनता की भाषा में 'निर्गुण' और 'बाउल' का जन्म हुआ। इसे संतों ने संस्कृत और फारसी से अलग लोकभाषा द्वारा लोकप्रिय बना दिया। यही बानियाँ डफली और करताल पर थिरकती हुई आमजन का आत्मबल बन गई। सामाजिक संरचना की दृष्टि से उनके 'बेगमपुरा' संसार की कल्पना ऐसे समाज की नींव रखती है- जहाँ जनता का तंत्र है और स्वाधीनता का मंत्र है। वहीं देश (शहर) बेगमपुरा होगा। वहाँ प्रेम ही प्रेम है। वहाँ प्रथम, द्वितीय, तृतीय श्रेणी का वर्गीकरण ही नहीं होगा। सबकी श्रेणी एक होगी। प्रेमभावापन्न रैदास कहते हैं कि इस शहर का हर व्यक्ति एक-दूसरे का मित्र होगा- 'बेगमपुरा सहर को नाउ। दुख अंदोह नहीं तिह ठाँउ'।। सब में समता होगी, क्षुधा की शांति होगी। इस अभियान में जाति कहीं बाधक न बन जाए अतः उसका समापन ही बेगमपुरा बनने की शर्त होगी-

*जात-जात में जात है ज्यौं केलन में पात।*
*रबिदास मनुज न जुड सकैं जब लौं जाति न जात।।*

# महाकुंभ के अजब-गजब नज़ारे

प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू सनातन धर्म का महापर्व महाकुंभ की छटा पूरे शबाब पर है। रिपोर्ट लिखे जाने तक अमेरिका की पूरी आबादी से ज्यादा लोगों ने पवित्र संगम में डुबकी लगा ली थी। प्रतिदिन 30 से 50 लाख की संख्या में श्रद्धालु संगम में मोक्ष प्राप्ति की मंशा से डुबकी लगा रहे हैं। अवकाश के दिनों और शाही अथवा अमृत स्नान के दिन इनकी संख्या बढ़ जाती है। समूचा मेला क्षेत्र लगभग 40 किलोमीटर के दायरे में समाया हुआ है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है। वैसे तो हर कुंभ-महाकुंभ में कुछ साधु-महात्मा को महामण्डलेश्वर की उपाधि प्रदान करने की परंपरा रही है, तो कुछ लोग सनसनी बनते रहते हैं। इस बार भी इनकी संख्या बहुतायत है। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान के दिन शाही रथ पर बैठने के कारण मॉडल और एंकर हर्षा रिछारिया को संतों के भारी विरोध को झेलना पड़ा था। कई संतों ने तो इसे सनातन धर्म के अपमान से जोड़ दिया था। नतीजतन, हर्षा




का एक भावुक वीडियो वायरल होने लगा था जिसमें वह रोते-रोते महाकुंभ छोड़कर जाने की बात कहने लगी थीं। हालाँकि अखाड़ा परिषद् के अध्यक्ष महंत रवीन्द्र पुरी से मिलने के बाद हर्षा ने अपना मन बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि उनके जीवन का लक्ष्य सनातन धर्म की ध्वजा फहराना है। इसलिए वह अब कुंभ छोड़ कर कहीं नहीं जाएँगी। उधर, महंत रवीन्द्र पुरी ने भी हर्षा को अपनी धर्मपुत्री बताते हुए कहा है कि हर्षा को फिर से शाही रथ पर बिठाया जाएगा और अमृत स्नान कराया जाएगा। उत्तराखंड की मूल निवासी और झांसी- भोपाल मे पली-बढ़ी हर्षा रिछारिया ने अपने इन्स्टाग्राम पर खुद को मेकअप आर्टिस्ट, सोशल एक्टीविस्ट, ट्रेवल ब्लॉगर और एंकर बताया है। उनका कहना है कि अब वह सबकुछ छोड़कर संन्यास के मार्ग की और बढ़ रही हैं। हालाँकि अभी उन्हें साध्वी कहना ठीक नहीं है। उन्होंने अभी तक दीक्षा नहीं ली है। सिर्फ निरंजनी अखाड़ा के महंत महामण्डलेश्वर कैलाशानंद जी से गुरुमंत्र लिया है। हर्षा रिछारिया के सोशल मीडिया पर 18 लाख फालोवर हैं। महाकुंभ में 90 की दशक में सिल्वर स्क्रीन की सनसनी रहीं ममता कुलकर्णी ने भी संन्यासी का चोला धारण कर लिया है। अब ममता किन्नर अखाड़े की महामण्डलेश्वर बन गई हैं। उन्होंने किन्नर अखाड़े की महामण्डलेश्वर आचार्य लक्ष्मी से दीक्षा ली है और ममता कुलकर्णी से ममतानन्द गिरी बन गई हैं। हालाँकि इसको लेकर भी संत समाज में नई बहस छिड़ गई है। कई साधु-संत ममता को महामण्डलेश्वर बनाए जाने से नाराज बताये जाते हैं। उनका कहना है कि ऐसे ही हर किसी को महामण्डलेश्वर बनाए जाने से तो सनातन धर्म का बंटाधार हो जाएगा। लेकिन ममता का कहना है कि इसके लिए उन्होंने 23 वर्ष तक तपस्या की है। यह अलग बात है कि 90 के दशक में कई हीट फिल्मों की हीरोइन रहीं ममता का नाम ड्रग तस्करी से भी जुड़ा रहा है। ममता की ड्रग तस्कर विक्की गोस्वामी से दोस्ती की चर्चा सरेआम रही है। वह करीब 24 वर्षों तक भारत से दूर केन्या में रहीं और बाम्बे हाईकोर्ट से बरी होने के बाद भारत लौटी हैं। ममता का विरोध करने वालों में बागेश्वर धाम के महंत धीरेन्द्र शास्त्री भी शामिल हैं। उनका कहना है कि किसी को उसके प्रभाव में आकर महंत या महामण्डलेश्वर नहीं कह सकते, जब तक कि उसके अंदर साधुत्व का भाव न प्रस्फुटित हो जाए। महाकुंभ में आजकल आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर हरियाणा के अभय सिंह की चर्चा भी जोरों पर है। उनका दावा है कि 'मुझे अपने पिछले जन्म का सबकुछ पता है और मुझ में भगवान दिखते हैं। और तो और, अभय सिंह श्मशान में हड्डियां खाने का भी दावा करते हैं। कभी लंबी दाढ़ी और बिखरे बाल रखनेवाले अभय सिंह कभी क्लीन सेव भी हो जाते हैं। वह कहते हैं कि भगवान शिव भी रूप बदलते रहते थे। इसीलिए मैं भी रूप बदलते रहता हूँ। हालाँकि अभय सिंह की बातों से न तो उनके परिवार के लोग इत्तेफाक रखते हैं न ही महाकुंभ में आये अनेक साधु-संतों को उनकी बातों पर भरोसा है। वह कभी फूट-फूटकर रोने लगते हैं तो कभी ठहाका लगाकर हँसने लगते हैं। इसीलिए कुछ लोग उन्हें पागल तक करार देते हैं। अभय सिंह के पिता कर्ण सिंह वकील हैं और माता गृहिणी। पिता बताते हैं कि वह पढने में मेधावी था। आईआईटी मुंबई से एयरोस्पेस में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद उसने कनाडा में नौकरी भी की थी। कोरोना के बाद भारत लौटने पर कुछ दिन यहाँ ठीक रहा। हम उसका घर बसाने की तैयारी में थे। लेकिन पिछले 11 माह से बिना बताये घर से चला गया। पिछले छह माह से तो उसके बारे में कुछ पता भी नहीं था। उसने हम घरवालों का फोन नंबर ब्लॉक कर रखा है। महाकुंभ में अभय की जानकारी मिलने के बाद माता-पिता अभय को मनाने महाकुंभ भी गए थे लेकिन अभय सिंह ने उनसे मुलाक़ात करना गंवारा नहीं समझा। अभय सिंह ने कहा कि छह महीने से काशी में था तब क्यों नहीं मिलने आये, अब क्यों आये हैं? अभय सिंह महाकुंभ की शुरुआत में जूना अखाड़े में रहे लेकिन उनके संदिग्ध चरित्र और विवादास्पद हरकतों के कारण उन्हें अखाड़े वालों ने निकाल दिया। जूना अखाड़े के संतों ने अभय पर अपने गुरु को गाली देने और हर समय नशे में रहने का आरोप लगाया। अब वह मेले में रोज नये-नये ठिकानों में दिखाई देते हैं। महाकुंभ में मध्यप्रदेश के महेश्वर से माला बेचने आई मोनालिसा की भी जरदस्त चर्चा रही। मोनालिसा ने एक दिन अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड क्या कर दिया, वह उनके गले की फांस बन गई। लोग उनकी नीली आँखों के इतने फैन हो गए कि दूसरे दिन से उनके यहाँ यूट्यूबरों की लाइन लगने लगी।



राधा रमण

## राजकाज



### हरियाणा महाराष्ट्र जैसा चमत्कार दिल्ली में भी?

दिल्ली विधानसभा का चुनाव का प्रचार चल रहा है। चुनाव परिणाम को लेकर तरह-तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है। भारतीय जनता पार्टी दावा कर रही है। दिल्ली के चुनाव परिणाम आश्चर्यचकित करने वाले होंगे। जिस तरह के चुनाव परिणाम हरियाणा और महाराष्ट्र में आए थे। वैसा ही चुनाव परिणाम दिल्ली में आना तय है। चुनाव आयोग की जिस तरह की भूमिकाचुनाव में है। आम आदमी पार्टी ने नाम काटने और जोड़ने के काम में जरूर अड़ंगा लगाया है। उससे चुनाव आयोग और भाजपा की कुछ मुसीबत तो बढ़ी है। शतरंज के खेल की तरह चुनाव आयोग समय-समय पर सामने वाले खिलाड़ी की चाल को देखकर अपनी चाल बदलकर सामने वाले को चौका देता है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस चुनाव आयोग की चालों का कैसे मुकाबला कर पाएगी? वैसे भी जो जीता, वही सिकंदर। एक बार चुनाव आयोग ने परिणाम घोषित कर दिए, सर्टिफिकेट बांट दिए। उसके बाद जो भी लड़ाई लड़ना है। कोर्ट जाकर लड़ते रहो। कई वर्षों तक फैसला नहीं होगा। सरकार चलती रहेगी। दिल्ली में सरकार तो भाजपा की ही बनेगी। यह दावा भाजपा के नेता कर रहे हैं।

### नीतीश बाबू का बिटवा भी राजनीति में?

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश बाबू के सुपुत्र निशांत भी बिहार की राजनीति में सक्रिय होने जा रहे हैं। नीतीश बाबू कर्पूरी ठाकुर को अपना नेता मानते हैं। कर्पूरी ठाकुर के निधन के बाद उनके बेटे रामनाथ ठाकुर की एंट्री राजनीति में हुई थी। नितीश बाबू की यही सोच थी। समय बदला, नितीश बाबू की सोच भी बदली। नितीश बाबू अपने पुत्र निशांत को विधान परिषद के माध्यम से राजनीति में सक्रिय करने जा रहे हैं। भाजपा भी इसके लिए सहमत है। बेटे के राजनीति में आने के बाद नितीश बाबू मुख्यमंत्री का पद छोड़ सकते हैं। अपने बिटवा निशांत का राजनीतिक कैरियर बना सकते हैं। नितीश बाबू की तबीयत इन दिनों उनके साथ नहीं दे रही है। ऐसे में निशांत ही उनका एक सहारा है। इस तरह की चर्चा बिहार में शुरू हो गई है।

### केरल में राज्यपाल बदले, सरकार का नजरिया भी बदला

केरल में अब सरकार और राजभवन के बीच में सुलह हो गई है। जो काम अटके हुए थे। वह जल्दी-जल्दी पूरे हो रहे हैं। केरल के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार भेज दिया गया है। केरल में अगले वर्ष चुनाव होने हैं। ऐसी स्थिति में केरल की राजनीति तेजी के साथ बदल रही है। केरल की लेफ्ट सरकार ने पहली बार केंद्र की सरकार से हाथ मिला लिए हैं। केरल सरकार के हाथ मिलाते ही केंद्र सरकार ने नया राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथन को बना दिया। राज्यपाल ने विधानसभा में अपना पहला अभिभाषण पढा। जिसमें केंद्र सरकार पर राज्य सरकार ने हमला किया था। राज्यपाल ने बिना ना-नुकुर के अभिभाषण पढ़ा। लंबित बिलों पर राज्यपाल की स्वीकृति मिल गई है। समय बदला, इसके साथ ही केरल की राजनीति में बहुत कुछ बदलता चला जा रहा है।

## फीचर



# साक्षात्कार में भ्रामक जवाब न दें


**अकसर देखा गया है कि साक्षात्कार के दौरान प्रत्याशी से पहला सवाल यही किया जाता है कि उसने सिविल सेवा का क्षेत्र ही क्यों चुना या आवेदित पद के लिए ही वह क्यों आवेदन कर रहा है।**

सिविल सेवाओं की परीक्षाओं में साक्षात्कार बेहद कठिन माना जाता है और इसकी तैयारी करते समय पूरी तरह गंभीर होना जरुरी है। साक्षात्कार द्वारा प्रतियोगी की आवेदित पद हेतु क्षमता का सही-सही आकलन किया जाता है। यह आकलन संबंधित विषयों के विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है, इसलिए प्रत्याशियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सतही ज्ञान के बल पर भ्रामक उत्तर न दें। बेहतर तो यही होगा कि राज्य सेवा के अंतर्गत उपलब्ध पदों के लिए आवेदन करते समय ही उन पदों की प्रकृति तथा आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त कर उसकी पूर्ति हेतु सभी संभावित क्षेत्रों का ज्ञान अर्जित करें। अकसर देखा गया है कि साक्षात्कार के दौरान प्रत्याशी से पहला सवाल यही किया जाता है कि उसने सिविल सेवा का क्षेत्र ही क्यों चुना या आवेदित पद के लिए ही वह क्यों आवेदन कर रहा है। प्रत्याशियों के पास इसका सौद्देश्यपूर्ण जवाब होना चाहिए। महज देशसेवा, समाजसेवा जैसे उत्तर पर्याप्त नहीं होते हैं। जब तक प्रत्याशियों को इस बात का ज्ञान न हो कि साक्षात्कार में किस तरह के प्रश्न पूछे जाएँगे या क्या किया जाएगा तब तक वे इसकी पूर्णरूपेण तैयारी भी नहीं कर पाएँगे। आमतौर पर सिविल सेवा परीक्षा का साक्षात्कार विश्वविद्यालयीन प्रायोगिक परीक्षाओं की मौखिक परीक्षाओं (वाइवा) जैसा नहीं होता है और न ही अन्य नौकरियों के लिए लिए जाने वाले साक्षात्कार की तरह प्रत्याशियों की खिंचाई वाला होता है। इसके बोर्ड में बैठने वाले सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ होने के साथ ही साक्षात्कार लेने के प्रति अत्यंत गंभीर होते हैं। वे प्रत्याशियों को परेशान कर उलझाने के स्वाभाविक तरीके से बातचीत के लहजे में साक्षात्कार लेते हैं।

## प्रेरणा

# एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यो ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता। क्या हित-सिद्धि के भेद की भित्ति पर अभेद का प्रासाद खड़ा किया जा सकता है?



## अपनी बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा, पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। उनके आदर्श हमें एक विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मैं हमारे देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को भी श्रद्धांजलि देता हूं और उनकी सेवा और बलिदान को याद करता हूं।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 23 फरवरी को यहां आयोजित होने वाले 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन करने पर सहमति जताई है, जो 1960 में महाराष्ट्र राज्य के निर्माण के बाद पहली बार राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज़

### रोटरी रॉयल लगाएगा निशुल्क कृत्रिम पैर

**गुना।** दिव्यांग क्षेत्र मे पूर्व से दृष्टि वाधित बच्चों के लिए स्कूल और कृत्रिम हाथ लगाने का उत्कृस्ट कार्य कर रहे रोटरी क्लब गुना रॉयल द्वारा निःशुल्क कृत्रिम पैर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष अंकुर दुसाज एवं सचिव सुयश देव ने बताया की आगामी 11-12 मार्च को श्री महावीर विकलांग सहायता समिति कोटा के सयुंक्त तत्वाधान में निःशुल्क कृत्रिम पैर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए रजिस्ट्रेशन 5 मार्च तक किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया की उक्त पैर के साथ यदि किसी के पुराने कृत्रिम पैर मे किसी प्रकार का सुधार भी होना हैं तो वह भी शिविर मे सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। एलएन 4 चेयरमैन अजिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी जिन व्यक्तियों के हाथ कोहनी से 4इंच नीचे तक हैं उन्हें कृत्रिम हाथ भी लगाए जायेंगे। पारमार्थिक न्यास के चेयरमैन डॉ विम जैन ने न्यास द्वारा स्थाई रूप से चलाये जा रहे दृष्टि वाधित छात्र छात्राओं हेतु साई दृष्टि स्कूल एवं कृत्रिम हाथ केंद्र संचालन की समस्त जानकारिया दी साथ ही कृत्रिम पैर शिविर हेतु रजिस्ट्रेशन के लिए टीम सदस्यों के मोबइल नंबर सहित पोस्टर भी शहर व देहात मे लगाने हेतु विमोचन किया। निःशुल्क कृत्रिम पैर शिविर हेतु पंकज जैन, अवधेश रघुवंशी जीतेन्द्र वर्मा, सोनू पाटनी, अभिषेक जैन, महावीर वेलकम, निखिल छतरपुरिया, ईशान राठौर, आयुष जैन आदि सदस्यो की टीम के साथ अशोकनगर हेतु विशाल चौधरी , एडवोकेट उत्कर्ष सराफ को कोर्डिनेटर बनाया गया है।

### घर-घर बांटे जा रहे जयंती के आमंत्रण कार्ड

**गुना।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में मराठा समाज द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी 19 फरवरी को भव्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। समाज के मीडिया प्रभारी अभिनय मोरे ने बताया कि इस अवसर पर घर-घर एवं आसपास के गांव में आमंत्रण कार्ड बांटने का कार्य शुरू कर दिया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाने के लिए समाज के सदस्य जुलूस का भव्य आयोजन करते हैं। जुलूस शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहां स्थानीय लोगों द्वारा उसका गर्म जोशी से स्वागत किया जाता है। जुलूस के समापन के बाद समाज द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को संजोया जाता है।

### निः शुल्क नेत्र जांच शिविर 2 फरवरी को

**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में रोटरी सदस्य विनीत सेठ की पूज्यनीय माताजी स्व. राममूर्ति देवी सेठ पत्नी स्व. पुरूषोतम दासजी सेठ की पुण्य स्मृति में निः शुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। 2 फरवरी रविवार को रोटरी भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 तक नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा निरूशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाया गया है।

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

## प्रयागराज घटना में मारे गए लोगों के निधन पर जताया शोक

सत्ता सुधार ■ गुना

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने बापू पार्क पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रयागराज महाकुंभ घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के निधन पर कांग्रेस ने मौन धारण कर शोक जताया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ के नेतृत्व में पार्टी के अनेक नेता और कार्यकर्ता गुरुवार को बापू पार्क पहुंचे। सभी ने महात्मा गांधी को पुष्प अर्पित किए और देश की आजादी में दिए गए उनके सर्वोच्च योगदान का स्मरण किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान धाकड़ ने कहा कि बापू ने सत्य, अहिंसा और सदभाव के साथ देश को आजाद करवाया। उन्होंने शांति व अहिंसा के सिद्धांतों का अनुसरण किया और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए भारतीय नागरिकों को स्वदेशी अपनाने का



नारा दिया। गांधीजी का योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा, उनके सिद्धांत हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं। कांग्रेसजन ने प्रयागराज घटना में मारे गए नागरिकों के दुखद निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। हरिशंकर विजयवर्गीय ने कहा कि प्रयागराज की घटना स्थानीय प्रशासन और उत्तरप्रदेश सरकार की लापरवाही का नतीजा है। इस मौके पर सभी कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर नूरूल हसन नूर, हरिशंकर विजयवर्गीय, शेखर वशिष्ठ नपा प्रतिपक्ष नेता, वीरेंद्र सिंह सिसोदिया किसान कांग्रेस, माधो महाराज, रमेश सेंड़ो, प्रकाश सिंह धाकड़, राजेन्द्र तिवारी, पंकज कनेरिया, कैलाश यादव, दीपेश पाटनी, रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष, मुकेश रजक सेवा दल महेन्द्र ओझा, तरुण सेन पार्षद, आसीम भटनागर, बनवारीलाल ओझा, मुनेन्द्र बैरागी, उमाशंकर शर्मा, लखन गिरी, मनोज तिवारी, संजय जाटव, आर्यन सेंड़ो, जीतू जोशी, अनसार मिर्जा, नवदीप कुशवाह, निसार मिर्जा, दुर्गेश ओझा, कैलाश जाटव, इरसाद सहित अनेक कांग्रेसन्न उपस्थित रहे।

## कुंभराज में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# एक विधि विवादित किशोर सहित 3 चोरों ने दिया था वारदात को अंजाम, संपूर्ण माल बरामद



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के कुंभराज थाना पुलिस ने एक सूने मकान में हुई चोरी की घटना का सफलतापूर्वक खुलासा कर चोरी गया संपूर्ण माल बरामद कर लिया है। इस मामले में दो आरोपियों सहित एक विधि विवादित किशोर को पकड़ा गया है। दरअसल खेड़ापति मोहल्ला कुंभराज निवासी हेतराम शर्मा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 23 जनवरी को वह अपनी पत्नी का इलाज कराने कोटा गए थे। लौटने पर उन्होंने घर का ताला टूटा हुआ पाया और सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। चोरी हुए सामान में सोने का एक हार, लेनोवो कंपनी का टैबलेट, एक मोबाइल और पानी का टिल्लू पंप शामिल था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 13/2025, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**तीन चोरों ने दिया वारदात को अंजाम–** जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर कुंभराज निवासी देवेंद्र पुत्र मांगीलाल राजपूत (55 वर्ष), गोविंद पुत्र रामनारायण मीणा (24 वर्ष) और एक विधि विवादित किशोर को हिरासत में लिया। पूछताछ में तीनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने चोरी गया संपूर्ण माल बरामद कर लिया। गिरफ्तारी के बाद देवेंद्र राजपूत और गोविंद मीणा को न्यायालय में पेश किया गया, जबकि विधि विवादित किशोर को अक्षिरक्षा में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इस कार्रवाई में कुंभराज थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह सिकरवार, सहायक उपनिरीक्षक महेशचंद शर्मा, प्रधान आरक्षक वासुदेव शर्मा, प्रधान आरक्षक शिवकुमार रघुवंशी, आरक्षक दिलीप सिंह, आरक्षक शरद यादव, आरक्षक पपेंद्र रावत, आरक्षक विक्रम सिंह, आरक्षक मुकेश साहू, आरक्षक अवनीश जाट और साइबर सेल से आरक्षक कुलदीप भदौरिया की अहम भूमिका रही।

### मधुसूदनगढ़ पुलिस ने जुआरियों पर की कार्रवाई

**गुना।** जिले की मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस ने पंचमुखी हनुमान मंदिर की पहाड़ियों के पास जुआ खेल रहे चार व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से नकदी व ताश की गड्डी जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल सिंह पुत्र तेजसिंह राजपूत निवासी गुना रोड मधुसूदनगढ़, नारायण सिंह पुत्र वंशीलाल सिलावट निवासी लटेरी रोड मधुसूदनगढ़, सलीम पुत्र सिराज खान निवासी भोपाल रोड मधुसूदनगढ़ और फय्याद पुत्र जलील खान निवासी सुठालिया रोड मधुसूदनगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 1080 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद की। आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में आरक्षक अंकित चतुर्वेदी, शैलेन्द्र गुर्जर और पुष्पेन्द्र जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शहीद दिवस पर गुना पुलिस लाइन में दो मिनट मौन रख दी श्रद्धांजलि



सत्ता सुधार ■ गुना

शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु गुना पुलिस लाइन परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को नमन किया। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 30 जनवरी को देशभर में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को सम्मान देने और उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए दो मिनट का मौन रखा जाता है। इसी परंपरा के तहत गुना पुलिस लाइन में सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसका उद्देश्य न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना था, बल्कि समाज को उनकी कुर्बानी को न भूलने की प्रेरणा देना भी था।

**पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति** –इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मान सिंह ठाकुर, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय, पीएस टू एसपी निरीक्षक अनिल कुमार साहू, निरीक्षक सतीश सिंह चौहान, निरीक्षक अरविंद शर्मा, सूबेदार मोनिका जैन सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में सभी ने संकल्प लिया कि शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## गुम नाबालिग दो बच्चों को पुलिस ने तलाश कर परिजनों से मिलाया



सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की चांचौड़ा थाने की बीनागंज चौकी क्षेत्र से नाबालिग दो बच्चों के गुम होने के मामले में पुलिस ने महज 12 घंटों के भीतर दोनों बच्चों को तलाश कर परिजनों से मिलाया है। उल्लेखनीय है कि 29 जनवरी की रात को फरियादी पिता द्वारा चांचौड़ा थाने में सूचना दी गई थी कि उसके 11 वर्षीय और 09 वर्षीय दो लड़के गांव के बाहर पठार पर लोटा लेकर फ्रेश होने के लिए गए थे, लेकिन देर शाम तक वे घर वापस नहीं लौटे । परिजनों द्वारा बच्चों को सभी संभावित स्थानों पर तलाश किया गया, लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चला । इसके बाद चाचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 45/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया । एसपी संजीव कुमार सिंहा द्वारा दोनों बच्चों के गुम होने के मामले को गंभीरता से लिया और बच्चों को शीघ्र सुरक्षित खोजने के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार चांचौडा थाना प्रभारी निरीक्षक मचल सिंह मंडेलिया के नेतृत्व बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ बच्चों की तलाश में सक्रियता से जुट गए और पुलिस की अलग-अलग दो टीमें बनाकर रातभर गांव, नाले, कुंए, तालाब, खेतों और आसपास के गांवों में बच्चों की निरंतर तलाश की गई । गायब हुए बच्चों की खोजबीन में पुलिस के निरंतर एवं अथक प्रयासों के बाद गुरूवार सुबह पुलिस द्वारा दोनों बच्चों को सुरक्षित रुप से खोज निकाल कर उनके परिजनों से मिला दिया गया है। पुलिस की इस सफलता में चांचौडा थाना प्रभारी के निरीक्षक मचल सिंह मण्डेलिया के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, सउनि बृजेश देवरिया, आरक्षक प्रेम सिंह भूरिया, आरक्षक संजय सोलंकी एवं आरक्षक नरेन्द्र ओझा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### चोरों का आतंक, उदगम रेसिडेंसी में मकान का ताला तोड़कर बाइक व अन्य सामान चोरी

**गुना।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। जहां अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर वहां से मोटरसाइकिल, टीवी और पानी की मोटर चोरी कर ली। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। फरियादिया माधवी भार्गव निवासी पायगा मोहल्ला, गुना ने पुलिस को बताया कि उनका एक दूसरा मकान उदगम रेसिडेंसी वरवटपुरा में भी है। वे 14 जनवरी की शाम अपने पायगा मोहल्ला स्थित घर पर आ गई थीं। गत रात करीब 3:30 बजे सोसायटी के सिक्योरिटी गार्ड का फोन आया कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर रखी मोटरसाइकिल गायब है। माधवी भार्गव अपनी मां गिरिजा भार्गव के साथ तुरंत रात 4 बजे उदगम रेसिडेंसी पहुंचीं। वहां जाकर देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखी रॉयल एनफील्ड काले रंग की एमपी 08-4691 गायब थी। इसके अलावा 43 इंच का एलजी टीवी और पानी की मोटर भी चोरी हो चुकी थी। फरियादिया ने चोरी की जानकारी मिलने के बाद खुद ही कुछ दिनों तक सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार उन्होंने कैंट थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में चिंता बढ़ गई है। पुलिस अब इस चोरी के मामले में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके।

# एफडी के नाम पर महिला से लाखों की ठगी, एसपी से लगाई गुहार

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र के बरवटपुरा विकास नगर की एक महिला को लालच देकर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक सहकारी संस्था में निवेश कराने के नाम पर महिला से साढ़े तीन लाख रुपये जमा करवाए गए, लेकिन मेच्योरिटी पूरी होने के बाद भी उसे उसकी राशि नहीं लौटाई गई। जब महिला ने पैसे वापस मांगने की कोशिश की, तो उसे धमकाया गया। परेशान होकर उसने एक बार फिर पुलिस अधीक्षक (एसपी) को लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता पुष्पा बाई पत्नी कैलाश कुशवाह के अनुसार, उसके ही मोहल्ले में रहने वाले नहीम पुत्र निजाम अली ने उसे एलजेसीसी लस्टीनेस जनहित क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। नहींम ने भरोसा दिलाया कि इस योजना के तहत छोटी-छोटी रकम जमा कर बड़ी बचत की जा सकती है और बेटी की शादी के लिए पैसे जोड़ने का यह एक अच्छा विकल्प होगा।



### पहले भी की थी शिकायत, लेकिन नहीं हुई कार्रवाई

यह मामला कोई नया नहीं है। पुष्पा बाई ने बताया कि उसने पहले भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी खुलेआम घूम रहा है और उसे धमका रहा है। अब एक बार फिर उसने एसपी को शिकायत देकर न्याय की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि इस तरह की धोखाधड़ी से न केवल उसकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ गया है। उसने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द उसकी जमा राशि वापस दिलाई जाए और आरोपी पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अन्य लोग भी ऐसी ठगी का शिकार होने से बच सकें।

नहीम की बातों पर भरोसा कर पुष्पा बाई ने तीन खाते खुलवाए–एक 500 रुपये का और दो अन्य 200-200 रुपये प्रतिदिन के। वह नियमित रूप से इन खातों में राशि जमा करती रही और एक साल में उसने कुल 3,28,500 रुपये जमा कर दिए। ब्याज जोड़ने के बाद यह राशि साढ़े तीन लाख रुपये हो गई। पुष्पा बाई की बेटी की शादी फरवरी माह में तय हो गई। वह अपनी जमा की गई राशि वापस लेने सोसायटी पहुंची, लेकिन उसे पैसे देने से इनकार कर दिया गया। शिकायत में कहा गया है कि जब भी उसने अपनी जमा राशि मांगी, तो आरोपी नहींम ने उसे टाल दिया और बाद में धमकाने लगा। पुष्पा बाई ने बताया कि जब उसने पैसे वापस मांगने पर जोर दिया, तो उसे धमकी दी कि उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इतना ही नहीं, आरोपी ने अपने पिता निजाम अली के प्रभाव का हवाला देते हुए लोगों को डराने की कोशिश की। महिला का आरोप है कि नहींम ने उसे उठवा लेने तक की धमकी दी, जिससे वह बेहद डरी हुई है। महिला का कहना है कि वह अपने मवेशियों को चराने के लिए बाहर जाती है और उसे डर है कि उसके साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है। उसने एसपी से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और जल्द से जल्द उसकी पूरी जमा राशि लौटाने की मांग की है।

**शिविर** संयुक्त निरीक्षण और शिविरों का आयोजन, निःशुल्क चिकित्सा शिविर की योजना

# नवागत कलेक्टर की नई पहल, शिकायत निवारण के लिए मोबाइल कोर्ट की तैयारी

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले के नवागत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपनी कार्यशैली में बदलाव लाते हुए आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। खासकर, गरीब और जरुरतमंद नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए उन्होंने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से काम करने की योजना बनाई है। इसी क्रम में उन्होंने मोबाइल कोर्ट लगाने का प्रस्ताव रखा है, जहां नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। गुरूवार को कलेक्टोरेट में पत्रकारों से रूबरू होते हुए अपने योजनाओं और प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला।

कलेक्टर कन्याल ने बताया कि प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारी मिलकर जिलेभर में संयुक्त निरीक्षण करेंगे और स्थानीय स्तर पर



शिकायत निवारण शिविर आयोजित करेंगे। इन शिविरों में एसडीओपी, एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी मौजूद रहेंगे। शिकायतों को मौके पर ही निपटाने की कोशिश की जाएगी, और यदि किसी पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता हुई तो चेतावनी जारी करने के साथ ही कानूनी कदम भी उठाए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाना और उन्हें त्वरित न्याय दिलाना है।

कलेक्टर कन्याल ने आगामी 26 मार्च को मध्यप्रदेश के मुरैना में आयोजित होने वाले एक बड़े स्वास्थ्य शिविर की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में गरीब और जरूरतमंद मरीजों का इलाज पूरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। इसमें जटिल बीमारियों से ग्रसित मरीजों का ऑपरेशन भी किया जा सकेगा। इस योजना के तहत प्रशासन पहले से ही ऐसे मरीजों की पहचान करने के लिए स्क्रीनिंग अभियान चलाएगा, ताकि उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने मीडिया से अपील की कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक प्रचार करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोग इस सेवा का लाभ उठा सकें।

### कार्यालयों का औचक निरीक्षण

मीडिया से बातचीत करने से पहले नवागत कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली और सरकारी फाइलों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों से शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करने और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

### सकारात्मक बदलाव की उम्मीद

नवागत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की इस नई पहल से जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मोबाइल कोर्ट और संयुक्त निरीक्षण जैसी योजनाएं न केवल शिकायत निवारण प्रक्रिया को सरल बनाएंगी, बल्कि आम नागरिकों के प्रशासन पर विश्वास को भी बढ़ाएंगी। इसके साथ ही, नि :शुल्क चिकित्सा शिविर जैसी योजनाएं जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगी। उनके इन प्रयासों से जिले में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

### कुंभराज के धनिया व्यापारी से लाखों की ठगी भुगतान नहीं करने पर दो गुजरातियों पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के कुंभराज थाना क्षेत्र में एक व्यापारी से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने गुजरात के दो व्यापारियों पर धनिया खरीदने के बाद भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी की धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड क्रमांक 02, इंदिरा कॉलोनी कुंभराज निवासी पंकज कुमार मीना ने कुंभराज थाने में आवेदन देकर बताया कि उसकी फर्म पंकज कुमार उमेश कुमार मीना के माध्यम से वह धनिया का व्यापार करता है। 9 अप्रैल 2024 को गुजरात के मेहुल कुमार महेंद्र भाई पटेल निवासी 402 कुमकुम रेसिडेंसी, केपिटल प्लाजा के पीछे, योगी चौक, सावलिया सर्कल, सूरत)और एक अन्य व्यक्ति जयेश भाई उसकी दुकान पर आए और कुल 6,41,271 रुपये मूल्य का धनिया खरीदा।

व्यापारी ने बताया कि उन्होंने 13137 किलो धनिया चूरी 4,00,296 रुपये और 3060 किलो धनिया दाल 2,40,975 रुपये में खरीदा था। डिलीवरी के लिए गाड़ी भेजकर माल नीलकंठ आर्केड, वेलेंजा, सावन रोड, सूरत पर पहुंचा दिया गया। सौदे के अनुसार, भुगतान डिलीवरी के बाद ऑनलाइन किया जाना था, लेकिन कई बार संपर्क करने के बावजूद आरोपियों ने पैसा नहीं दिया और बहाने बनाते रहे।





**कॉस्मेटिक सर्जरी दरअसल प्लास्टिक सर्जरी का हिस्सा होती है, जिसमें सुंदर दिखने की चाह रखने वाले व्यक्ति का चेहरा-मोहरा संवारने के लिए सर्जरी की जाती है। इस क्षेत्र में आकर्षण भी काफी है और स्किन स्पेशलिस्ट, ऑप्थोलमोलॉजिस्ट के लिए भी बहुत कमाई वाला करियर विकल्प है।**

# कॉस्मेटिक सर्जन संवारते हैं सूरत

प्लास्टिक सर्जरी को कई बार लोग कॉस्मेटिक सर्जरी समझ लेते हैं। गंभीर रूप से जले लोग, चेहरे की हड्डियों में फेक्चर, जन्मजात विकृतियां, ट्यूमर तथा अन्य बीमारियां, जिनसे किसी व्यक्ति की सेहत या सूरत बिगड़ जाती है, इनके लिए सर्जिकल उपचार की जरूरत पड़ती है। ऐसे उपचार आमतौर पर जटिल होते हैं, जिनमें व्यक्ति के शरीर के एक हिस्से से या किसी डोनर के शरीर के हिस्से से टिशुओं, त्वचा तथा हड्डियों को लेकर नए सिरे से तैयार या प्रतिस्थापित करने के लिए माइक्रो सर्जरी की जरूरत पड़ती है। रक्त का संचार फिर से शुरू करने के लिए इन्हें नसों या आर्ट्रीज से दोबारा जोड़ना एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें सर्जन को काफी धैर्य का इस्तेमाल करना होता है और काफी सर्जिकल दक्षता की जरूरत होती है। कॉस्मेटिक सर्जरी दरअसल प्लास्टिक सर्जरी का हिस्सा होती है, जिसमें सुंदर दिखने की चाह रखने वाले व्यक्ति का चेहरा-मोहरा संवारने के लिए सर्जरी की जाती है। इस क्षेत्र में आकर्षण भी काफी है और स्किन स्पेशलिस्ट, ऑप्थोलमोलॉजिस्ट के लिए भी बहुत कमाई वाला करियर विकल्प है।

## पारिश्रमिक

सरकारी संस्थान में कॉस्मेटिक सर्जन को उसके अनुभव व विशेषज्ञता के आधार पर 70 से 80 हजार रुपये प्रतिमाह हासिल हो सकते हैं। इसके अलावा उन्हें कई तरह के भत्ते भी मिलते हैं जैसे निशुल्क आवास, मेडिकल बीमा सुरक्षा, सवेतन अवकाश, रुग्ण अवकाश, निशुल्क भ्रमण सुविधा तथा अवकाश प्राप्ति के बाद पेंशन। निजी संस्थान में उन्हें डेढ़ से ढाई लाख रुपये प्रतिमाह मिल सकते हैं। एक अनुभवी व्यक्ति को सरकारी संस्थान में दो लाख रुपये तक मिल सकते हैं, वहीं निजी संस्थान में यह राशि तीन से छह लाख रुपये प्रतिमाह तक जा सकती है।

## दक्षता एवं योग्यताएं


कई डॉक्टर दावा करते हैं कि वे प्लास्टिक सर्जरी कर सकते हैं, लेकिन वे लाइसेंस धारक नहीं होते। किसी भी योग्य सर्जन को अपने प्रशिक्षण की जानकारी देने में किसी तरह की हिचक नहीं होती। इस पेशे की सबसे बड़ी चुनौती होती है किसी रोगी की उम्मीदों व अपेक्षाओं को समझना और क्या संभव हो सकता है, यह उसे अच्छी तरह से समझाना। इसमें काफी ईमानदारी व विवेक की जरूरत होती है। इस काम में सर्जन के पास रीकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के सभी पहलुओं में बेहतर सर्जिकल प्रशिक्षण होना चाहिए और कॉस्मेटिक सर्जरी की प्रक्रियाओं का अनुभव और ज्ञान होना चाहिए। रोगी का इलाज करने के लिए लंबी अवधि तक काम करने की लगन हो तथा उनका उपचार करने की मन में सच्ची भावना हो।

## कैसे हासिल करें मुकाम

फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मुख्य विषय के रूप में बायोलॉजी के साथ साइंस लें। विभिन्न राज्यों तथा स्वतंत्र संस्थानों की प्रवेश परीक्षा में बैठें जैसे पंजाब सरकार द्वारा ली जाने वाली पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा या सीबीएसई इत्यादि द्वारा कराई जाने वाली ऑल इंडिया प्री मेडिकल परीक्षा। एम्स, दिल्ली, गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, चंडीगढ़, आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे जैसे कुछ बड़े उच्चकोटि के संस्थानों द्वारा भी अलग से परीक्षा का आयोजन किया जाता है। आमतौर पर ये परीक्षाएं मई या जून में आयोजित होती हैं। ऐसे कॉस्मेटिक सर्जन, जिन्होंने एस्थेटिक प्रोसीजर में केवल क्रैश कोर्स किया है, उन्हें अपने कार्य के दौरान जटिलताओं को संभालने में दिक्कत हो सकती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अनिवार्य है और अधिक विशेषज्ञता हासिल करने के लिए या रिसर्च कार्य के लिए वह प्लास्टिक सर्जरी में एमसीएच कर सकते हैं।

# गरिमामय करियर टीचिंग

**शिक्षा और शिक्षक का संबंध बहुत गहरा है। किसी भी विद्यार्थी के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने की जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर होती है। यहीं से बात शुरू होती है टीचिंग अथवा अध्यापन की। टीचिंग के प्रोफेशन को प्रारम्भ से ही सम्मानजनक पेशे के रूप में देखा जाता है। आज शिक्षकों का दायित्व कई लिहाज से पहले से अलग नजर आता है। बदलते सामाजिक, आर्थिक समीकरणों और व्यापक होती सोच के बीच शिक्षकों की भूमिका भी व्यापक हुई है।**





भारत में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक पढ़ाने के मौके ही मौके हैं। भारत में शिक्षा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। कई ऐसी प्राइवेट व मल्टीनेशनल कंपनियां हैं, जो प्री-स्कूल, प्राइवेट कोचिंग, टयूटरिंग, टीचर ट्रेनिंग, ई-लर्निंग व आईटी ट्रेनिंग में इनवेस्टमेंट कर रही हैं। यहां के नामी-गिरामी संस्थान भी विदेशी विवि. अथवा संस्थानों से हाथ मिला कर काम कर रहे हैं। इससे देश में नई तकनीक, विदेशी निवेश व उच्च कोटि के शैक्षणिक स्तर का सूत्रपात हो रहा है। टीचिंग के क्षेत्र में कई ऐसे पाठ्यक्रम हैं, जिनके पश्चात शिक्षक बनने का सपना पूरा हो पाता है। ये पाठ्यक्रम स्नातक व परास्नातक, दोनों ही स्तरों पर संचालित किए जाते हैं। कुछ निम्न हैं-

**बीएड (बैचलर ऑफ एजुकेशन)**

दो वर्षीय इस पाठ्यक्रम में प्रवेश स्नातक (50 प्रतिशत) व प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलता है। उप्र में राज्यस्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा के अलावा कई संस्थान जैसे इग्नू, काशी विद्यापीठ आदि भी स्वतंत्र रूप से बीएड का पाठ्यक्रम संचालित कराते हैं और इसके लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं। ये परीक्षाएं हर साल आयोजित की जाती हैं। इसके पाठ्यक्रमों में शिक्षा मनोविज्ञान, दर्शन शास्त्र, भारतीय शिक्षा का इतिहास, शिक्षण साधन व पर्यावरण आदि को शामिल किया जाता है।

**बीटीसी (बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट)**

बीटीसी दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम होता है। यह प्राथमिक व उच्च प्राथमिक तक के बच्चों के अध्यापन के लिए होता है। इस पाठ्यक्रम में तभी प्रवेश मिल पाता है, जब प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की जाए। इसके लिए जिले स्तर पर काउंसिलिंग कराई जाती है। उसी के आधार पर प्रवेश दे दिया जाता है। इसके लिए छात्र का स्नातक 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**डीपीएड (डिप्लोमा इन फिजिकल एजुकेशन)**

विगत कुछ वर्षों से देश में शारीरिक व खेल प्रशिक्षकों की मांग को देखते हुए 'फिजिकल एजुकेशन' को एक पाठ्यक्रम का रूप दे दिया गया है। इन्हीं में से एक डीपीएड भी है। यह दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसमें प्रवेश 10+2 में 50 प्रतिशत अंकों के आधार पर मिलता है। इसमें परीक्षा सेमेस्टर में न होकर एनुअल सिस्टम के रूप में होती है। इसके पाठ्यक्रमों के अंतर्गत छात्रों को शारीरिक संरचना, समस्या एवं निवारण आदि का ज्ञान कराया जाता है। साथ ही उन्हें इनडोर, आउटडोर, योग आदि की प्रैक्टिस कराई जाती है।

**बीपीएड (बैचलर इन फिजिकल एजुकेशन)**

इसका पाठ्यक्रम भी काफी कुछ डीपीएड से मिलता-जुलता है। फिजिकल एजुकेशन में किस्मत आजमाने के लिए बैचलर इन फिजिकल एजुकेशन कोर्स किया जा सकता है। कोर्स दो तरह से होते हैं। पहला, स्नातक छात्र, जिन्होंने स्नातक में फिजिकल एजुकेशन एक विषय के रूप में लिया हो, वे एक वर्षीय बीपीएड कोर्स कर सकते हैं। दूसरा बारहवीं के छात्र, जिन्होंने बारहवीं में फिजिकल एजुकेशन को एक विषय के रूप में लिया हो, वे तीन वर्षीय स्नातक कोर्स कर सकते हैं।

**एनटीटी (नर्सरी टीचर ट्रेनिंग)**

यह पाठ्यक्रम दो वर्षीय होता है। इसमें प्रवेश का स्वरूप अलग-अलग होता है। कुछ संस्थान बारहवीं के अंकों के आधार पर तो कुछ प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश देते हैं। इसकी प्रवेश परीक्षा में करंट अफेयर्स, जनरल स्टडी, हिन्दी, टीचिंग एप्टीटयूड, अंग्रेजी, रीजिनग आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। वैसे तो यह पद्धति सभी राज्यों के लिए है, लेकिन दिल्ली जैसे महानगरों में यह तेजी से प्रचलन में है। अन्य राज्यों में भी इसका विस्तार हो रहा है। कोर्स के पश्चात नगर निगम अथवा प्रमुख नर्सरी स्कूलों में प्रवेश मिल सकता है।

**टीईटी (टीचर एलिजिबिलिटी टैस्ट)**

उत्तर प्रदेश सहित कई प्रमुख राज्यों में अब टीचर बनने के लिए बीएड के साथ-साथ टीचर एलिजिबिलिटी टैस्ट (टीईटी) पास करना जरूरी है। हाईकोर्ट के हालिया आदेश में भी यह बात पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। परीक्षा पास करने के बाद छात्रों को एक सर्टिफिकेट प्रदान कि या जाएगा। यह सर्टिफिकेट पांच साल के लिए मान्य होगा। इसमें छात्र एक परीक्षा या दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। इसमें बैठने के लिए स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण होने के अलावा बीएड पास होना जरूरी है।

**रोजगार के अवसर** -इस क्षेत्र में जॉब की अधिकता के साथ प्रतिस्पर्धा भी खूब है। कोर्स एवं अहर्ता परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों सहित सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में सहायक अध्यापक, लेक्चरर, प्रवक्ता, शिक्षा मित्र व अनुदेशक बना जा सकता है। प्राइवेट संस्थान अथवा कोचिंग सेंटर भी योग्य लोगों को टीचिंग का मौका देते हैं। पीएचडी के बाद शोध का अवसर मिलता है।

**वेतनमान**- शुरुआती दौर में एक शिक्षक के रूप में 25-30 हजार प्रतिमाह की सेलरी आसानी से मिल जाती है। अनुभव बढम्ने के साथ सेलरी में भी इजाफा होता है। समय-समय पर प्रमोशन भी मिलता है। 4-5 साल के अनुभव के बाद सेलरी 40-50 हजार के करीब मिलती है। उच्च शिक्षण संस्थानों में सेलरी काफी आकर्षक होती है।

# बोरियत से बचें




हम सभी, समय-समय पर अपने कार्य, मित्रों, निकटजन व यहां तक कि अपने जीवन से भी ऊब जाते हैं। नीरसता ऐसी मनःस्थिति है, जब हम आसपास की घटनाओं से तंग आ जाते हैं या यह हमारे खाली बैठने के कारण भी हो सकती है। बोर होने के कारण काम को टालने की प्रवृत्ति, अनिर्णय की भावना व कुछ न कर पाने की भावना को प्रश्रय मिलता है। इससे बचने का एक उपाय यह हो सकता है कि आप स्वयं से कुछ प्रश्न पूछें। यदि एक सप्ताह तक भी ऐसा किया तो मनःस्थिति का कारण जान लेंगे। यह निम्नलिखित में से एक या सभी हो सकते हैं -

किसी निश्चित लक्ष्य का अभाव, महत्वपूर्ण कार्य की उपेक्षा या सामाजिक जीवन की अनुपस्थिति से बोरियत हो सकती है। अनुमानतः संसार की केवल 3 प्रतिशत जनसंख्या ही अपने तयशुदा लक्ष्यों तक जा पाती है। हमें भी अपना नाम उन 3 प्रतिशत की सूची में लाना है, जो जानते हैं कि अपने मनवांछित लक्ष्य तक कैसे जाना है। दिनचर्या से थकान व नीरसता होना स्वाभाविक ही है। हमें जीवन के विविध पहलू चाहिए, ताकि हमारा अस्तित्व आकर्षक व रोचक बना रहे। यदि बोरियत से बचना चाहते हैं तो जीवन में कोई लक्ष्य चुनें। मैं तो यह भी कहूंगा कि अस्तित्व के प्रत्येक दिन के लिए हमारे पास लक्ष्य होना चाहिए। यह बोरियत को मिटाने के लिए आवश्यक है। मैं तो किए जाने वाले कार्यो की सूची के साथ ही दिन का आरंभ करता हूं, ये काम अगले बारह घंटों में किए जाने वाले होते हैं, इनका दीर्घकालीन लक्ष्यों से कोई संबंध नहीं होता। इस तरह मुझे पहले से अनुमान होता है कि मैं किस तरह की गतिविधि को कितना समय देते हुए, दिन के अंत में कितने लक्ष्य पूरे कर सकूंगा।

यदि आप जानते ही नहीं कि आप क्या पाना चाहते हैं तो आप उसे कभी नहीं पा सकते। समय प्रबंधन के अनुसार जीवन को संगठित करने से मुझे अल्पकालीन व दीर्घकालीन लक्ष्य पूरे करने में मदद मिलती है तथा बोरियत भी नहीं होती। खाली बैठे रहने से ही सारी समस्याएं व बुराई आरंभ होती है।

कई बार कुछ नापसंद काम भी करने पड़ जाते हैं, उन्हें भी पूरे मनोयोग से करें। उस समय हमें यही सोचना चाहिए कि इस नापसंद काम के सकारात्मक परिणाम हमारे लिए कितने लाभदायक हो सकते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि रवैया ही हमारा परिणाम नियत करेगा। समस्याएं तो सभी के जीवन में हैं, देखने वाली बात यह है कि आप उन्हें किस रूप में लेते हैं। उचित मनःस्थिति व प्रवृत्ति वाले व्यक्ति को कोई भी उसका लक्ष्य पाने से रोक नहीं सकता। नकारात्मक व अवसादग्रस्त मानसिक रवैये वाले व्यक्ति की कोई सहायता नहीं कर सकता।

कोई भी काम आसान होने से पहले मुश्किल ही होता है तो हमें निर्भीक भाव से उस कार्य में जुट जाना चाहिए, जिसे हम करना चाहते हैं। सफलता व उपलब्धि की भावना बोरियत के लिए रामबाण औषधि है। सारी कठिनाइयों व असुविधाओं के बावजूद कामों को प्रभावी तरीके से करते हुए नतीजे पाना ही सफलता कहलाती है। बोरियत को स्वयं से दूर रखने का एक उपाय यह है कि आप सफल व आशावादी लोगों की संगति में रहें। सफलता भी संक्रामक होती है।

हमारे पास इतने अधिक अवसर व रुचियां मौजूद हैं कि बोर होने का कोई बहाना ही नहीं बचता। रूटीन में समय-समय पर बदलाव लाते हुए इस बोरियत से बचने का उपाय करें। दिन के अंत में यह आकलन करें कि आपने उस दिन कितना सार्थक कार्य किया था। इसके अलावा, अपनी सोचने की प्रक्रिया पर भी ध्यान दें। हमारी जैसी सोच होती है, वैसे ही शब्द और फिर आचरण हो जाता है। हम कल वहीं होंगे, जहां हमारे विचार हमें आज ले जाएंगे। प्रतिदिन कुछ नया व रोचक करें। नीरस लोगों की संगति से दूर रहें। नीरस व प्राणहीन जीवन न जिएं।



# एवेंजर्स - एंडगेम निर्देशक के साथ दोबारा जुड़े रणदीप हुड्डा

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा एक बार फिर हॉलीवुड फिल्म में नजर आने वाले हैं। अभिनेता दोबारा एप्पल ओरिजिनल फिल्म्स की आगामी एक्शन थ्रिलर मैचबॉक्स में निर्देशक सैम हार्ग्रेव के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में जॉन सीना भी हैं। इससे पहले उन्होंने निर्देशक के साथ साल 2020 में नेटफ्लिक्स एक्सट्रैक्शन में काम किया था। रिपोर्ट के मुताबिक लाइव-एक्शन फिल्म, जो मैटल की लोकप्रिय मैचबॉक्स टॉय व्हीकल लाइन से प्रेरित है में हॉलीवुड सितारे टेयोना पैरिस, जेसिका बील और सैम रिचर्डसन भी होंगे। मौजूदा समय में फिल्म का प्रोडक्शन बुडापेस्ट में चल रहा है। फिल्म का निर्देशन एवेंजर्स- एंडगेम और एक्सट्रैक्शन 2 के निर्देशक हार्ग्रेव कर रहे हैं।

### क्या है फिल्म की कहानी?

यह फिल्म मशहूर मैचबॉक्स कार लाइन पर आधारित है, जिसकी शुरुआत 1953 में हुई थी जब जैक ओडेल ने अपनी बेटी के लिए माचिस की डिब्बी में फिट होने लायक एक खिलौना बनाया था। मैटल ने रिपोर्ट की है कि दुनिया भर में हर सेकंड दो मैचबॉक्स कारें बिकती हैं।

### हार्ग्रेव के साथ काम करने को उत्साहित हैं हुड्डा

वैरायटी के मुताबिक रणदीप हुड्डा ने हार्ग्रेव के साथ फिर से काम करने को लेकर अपना उत्साह जताया है। अभिनेता ने कहा, सैम के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साहित हूं। 'एक्सट्रैक्शन' में काम करते हुए हमने एक अच्छा समय साथ में बिताया। सैम हाई-ऑक्टेन स्टोरीटेलिंग और एक्शन के मास्टर हैं। बुडापेस्ट में टीम में शामिल होने पर खुशी है।

### रणदीप हुड्डा का वर्क फंट

रणदीप हुड्डा के वर्क फंट की बात करें तो उनके पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं। उन्होंने हाल ही में स्वातंत्र्य वीर सावरकर का निर्देशन और अभिनय किया। उनके आगामी कार्यों में सनी देओल अभिनीत और गोपीचंद मलिनेनी द्वारा निर्देशित जाट है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित अर्जुन उस्तरा से भी जुड़े हुए हैं।



# 12वीं फेल के बाद अब कॉमेडी करती दिखेंगी मेधा शंकर

## निम्रत-सनी भी साथ आएंगे नजर



सनी कौशल, निम्रत कौर और मेधा शंकर जल्द ही एक साथ एक फिल्म में नजर आने वाले हैं। बताया जा रहा है कि यह जासूसी कॉमेडी फिल्म होगी। यह पहला मौका होगा जब तीनों कलाकार एक साथ स्क्रीन साझा करेंगे। हाल ही में रोमांटिक थ्रिलर फिर आई हसीन दिलरुबा में अपनी अदाकारी से दर्शकों का ध्यान खींचने वाले सनी कौशल राजस्थान में अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं।

### कौन बना रहा फिल्म?

हालांकि इस फिल्म के बारे में सनी कौशल की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है। निर्माताओं की ओर से अब तक फिल्म को लेकर कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इसे लक्ष्मण उतेकर और टी-सीरीज मिलकर बना रहे हैं।


### फिर आई हसीन दिलरुबा से सनी ने खूब लूटी वाहवाही

साल 2024 में सनी ने फिर आई हसीन दिलरुबा में एक दिलचस्प भूमिका अदा की थी। फिल्म में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। नेटफ्लिक्स की इस फिल्म में वह तापसी पन्नू और विक्रांत मैसी के साथ नजर आए थे। फिल्म में तापसी और विक्रम ने रानी कश्यप और ऋषभ के किरदारों को फिर से निभाया था।

### इस फिल्म में दिखी थीं निम्रत कौर

निम्रत कौर की बात करें तो उन्हें हाल ही में सजनी शिंदे का वायरल वीडियो में देखा गया था। अब वह जल्द ही अपनी आगामी फिल्म सेक्शन 84 में नजर आएंगी, जिसमें वह अमिताभ बच्चन और डायना पेंटी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी।

इसके अलावा निम्रत कौर जल्द ही स्काई फोर्स में नजर आ रही हैं। फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ आठ साल के बाद पर्दे पर नजर आ रही हैं।वीर पहाड़िया इस फिल्म से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रहे हैं।



# सलमान की 'सिकंदर' से टकराएगी चियान विक्रम की वीरा धीरा सूरन

साउथ अभिनेता चियान विक्रम की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वीरा धीरा सूरन' की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। दिसंबर 2024 में फिल्म का टीजर जारी किया गया था। टीजर ने अभिनेता के फैंस की धड़कनों को तेज कर दिया था और उनकी उत्सुकता को भी बढ़ाया था।

### इस दिन रिलीज होगी 'वीरा धीरा सूरन'

चियान विक्रम की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'वीरा धीरा सूरन' 27 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का सामना बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' से होगा। इसके अलावा साउथ की 'लूसिफर 2', 'रॉबिनहुड' और 'मैड 2' भी सिनेमाघरों में रिलीज होंगी। ऐसे में फिल्म को कलेक्शन को लेकर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। विक्रम अभिनीत इस फिल्म को 'पोंगल 2025' पर रिलीज क्या जाना था, लेकिन जब अजित की 'विदामुयार्ची' को त्योहार के लिए घोषित किया गया, तो 'वीरा धीरा सूरन' की तारीख बदल दी गई।

### पोस्ट प्रोडक्शन में चल रही फिल्म

'वीरा धीरा सूरन' की शूटिंग पूरी हो चुकी है और इसका पोस्ट-प्रोडक्शन का काम फिलहाल जोरों पर है। फिल्म में चियान विक्रम के अलावा एसजे सूर्या, अभिनेत्री दुशारा विजयन और लोकप्रिय मलयालम अभिनेता सूरज वेंजरअमूडू सहित कई कलाकार शामिल हैं। फिल्म को तीन भाषाओं तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा

### चियान विक्रम का वर्क फंट

साउथ अभिनेता चियान विक्रम को आखिरी बार समीक्षकों द्वारा प्रशंसित पीरियड ड्रामा फिल्म 'थंगालान' में देखा गया था। इसके बाद वह 'वीरा धीरा सूरन' में नजर आएंगे। फैंस उनकी इस फिल्म का लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं।

# अलग ढंग से फैंस के साथ बॉबी देओल ने मनाया जन्मदिन, आश्रम सीरीज के लिए एक्साइटेड नजर आए

बॉबी देओल ने जब से 'एनिमल' फिल्म में अबरार का रोल किया है, उनकी फैन फॉलोइंग काफी बढ़ गई है। एक्टर के कुछ फैंस ने 27 जनवरी को उनके घर के बाहर आकर बर्थ डे विश किया। साथ ही बर्थ डे सेलिब्रेशन भी अलग ही ढंग से किया। बॉबी देओल भी अपने फैंस से बड़े ही प्यार से मिलते हुए नजर आए। बॉबी देओल के कई फैंस उनके घर के बाहर एक्टर का जन्मदिन मनाने के लिए पहुंचे थे। घर के बाहर फैंस ने हैप्पी बर्थ डे सॉन्ग एक्टर के लिए गाया। साथ ही कुछ फैंस बॉबी देओल के लिए बड़ा सा केक और एक बड़ा सा लड्डू लेकर पहुंचे। केक और लड्डू को अपने बर्थ डे पर फैंस सामने एक्टर ने काटा। वह इस मौके पर काफी खुश नजर आए। केक काटने के बाद बॉबी देओल ने फैंस को इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया कहा। साथ ही फैंस और पैपराजी के कहने पर बॉबी देओल ने फिल्म 'एनिमल' का एक सिग्नेचर सीन भी करके दिखाया। जब बॉबी ने फिल्म का सीन रिक्रिएट किया तो फैंस ने खूब तालियां बजाई।

### आश्रम सीरीज को लेकर दिया अपडेट

अपने जन्मदिन के मौके पर फैंस को बॉबी देओल ने बताया कि उन्हें अपनी वेब सीरीज 'आश्रम' के अगले सीजन का इंतजार है। वह अपनी इस सीरीज का एक डायलॉग जपनाम भी बोलते हुए देखे गए। इसी सीरीज में बॉबी का किरदार लड्डू खिलाकर, अपने भक्तों को वश में करता था।

इसलिए फैंस बॉबी देओल के लिए बड़ा सा लड्डू बनाकर जन्मदिन पर लाए थे।



# शहनाज गिल ने खुद को ही किया बर्थ डे विश, जन्मदिन पर दोस्तों-फैंस ने भी बरसाया प्यार

शहनाज गिल की सोशल मीडिया पर काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है, उनका अपना अलग ही फैन बेस है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बर्थ डे सेलिब्रेशन की कुछ फोटो शेयर की। इन तस्वीरों में वह केक काटते हुए, अपने दोस्तों के साथ सेलिब्रेशन के अंदाज में दिखी। शहनाज ने इंस्टाग्राम पर जन्मदिन मनाते हुए जो तस्वीर साझा की है, उसके साथ कैप्शन लिखा है- 'हैप्पी बर्थ टू मी'। वहीं शहनाज के दोस्तों और फैंस ने भी उन्हें जन्मदिन पर विश किया है। इन बर्थ डे विशेज को शहनाज के अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में लगाया है। शहनाज को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वालों में अली गोनी, माही विज, अवनीत कौर, एकता कपूर और सोफी चौधरी जैसे कई सेलिब्रिटीज शामिल रहे।

### ये हैं अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

शहनाज गिल के करियर फंट की बात की जाए तो वह एक पंजाबी फिल्म 'इक कुडी' शूटिंग कर रही हैं। इससे जुड़ा अपडेट वह अपने इंस्टाग्राम पेज पर देती रही हैं। हाल ही में शहनाज ने रैपर सिंगर हनी सिंह के साथ भी एक म्यूजिक वीडियो किया है, इसे काफी पसंद किया गया है। शहनाज पंजाबी फिल्मों में एक्टिंग और सिंगिंग करती रही हैं। हिंदी फिल्मों में उनके लिए राह 'बिग बॉस 13' के कारण खुली थी। वह इस रियालिटी शो में बतौर प्रतियोगी शामिल हुई। यहां उनकी मुलाकात सिद्धार्थ शुक्ला से भी हुई। दोनों के बीच एक अलग तरह की केमिस्ट्री, कनेक्शन बन गया था। शो से बाहर आने के बाद भी दोनों साथ नजर आए। ऐसा कहा जाने लगा कि दोनों रिलेशनशिप में थे लेकिन 2021 में सिद्धार्थ शुक्ला का हार्ट अटैक से निधन हो गया। सिद्धार्थ के जाने के बाद शहनाज काफी समय तक सदमे में रही, इससे उबरने में एक्ट्रेस को बहुत समय लगा। अब शहनाज अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रही हैं।





# डांस में शाहिद कपूर को कौन सी अभिनेत्री दे सकती है टफ कंपटीशन बोले- बहुत अच्छी डांसर हैं...

शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आगामी एक्शन फिल्म देवा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। शाहिद अभिनेता होने के साथ ही बेहतरीन डांसर भी हैं, जिसका उदाहरण उनकी कई फिल्मों में देखा जा सकता है। फिल्म देवा के टीजर में शाहिद का डांस हर किसी को पसंद आया। इसी फिल्म के प्रचार के दौरान जब शाहिद से पूछा गया कि वह कौन अभिनेत्री हैं, जो उन्हें डांस में टफ कंपटीशन दे सकती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान जब शाहिद कपूर से पूछा गया कि उनके हिसाब से कौन सी ऐसी अभिनेत्री हैं, जो उन्हें डांस में टफ कंपटीशन दे सकती हैं। जब शाहिद की को-स्टार उनसे कहती कि थोड़ा कम डांस करा कर यार। तो इस पर शाहिद कहते थे कि वह डांस करना नहीं बंद कर सकते। कथित तौर पर शाहिद ने प्रियंका चोपड़ा का नाम लिया और उनकी तारीफ की और उन्हें बहुत अच्छी डांसर बताया। इसके बाद उन्होंने दीपिका पादुकोण, पूजा हेगड़े, कियारा आडवाणी और अमृता राव सहित कई अभिनेत्रियों के नाम बताए, जिनके साथ उन्होंने काम किया है।

### कैटरीना से लेकर पूजा तक की तारीफ की

शाहिद कपूर ने कहा, वैसे तो बहुत सारी अभिनेत्रियां हैं, जो शानदार डांसर हैं। उनमें से कई के साथ मैं पहले भी काम कर चुका हूं। प्रियंका बहुत अच्छी डांसर हैं, दीपिका बहुत अच्छी डांसर हैं। मुझे फिल्म देवा में पूजा हेगड़े के साथ डांस करने में मजा आया। कियारा एक अच्छी डांसर हैं, लेकिन हमने साथ में डांस नहीं किया है। यहां तक कि अमृता भी अच्छी डांसर हैं, जब मैंने उनके साथ काम किया था। मैंने कैटरीना के साथ कभी कोई गाना नहीं किया है लेकिन वह एक शानदार डांसर हैं। शाहिद कपूर और प्रियंका चोपड़ा ने 2009 में फिल्मकमीने और 2012 में फिल्म तेरी मेरी कहानी में साथ काम किया है। वहीं, शाहिद और दीपिका नेपद्मावत में साथ काम किया है। कियारा आडवाणी और शाहिद नेकबीर सिंह में साथ काम किया है, जबकि उन्होंनेविवाह में अमृता राव के साथ काम किया है। अब शाहिद पूजा हेगड़े के साथ फिल्म देवा में नजर आएंगे।

# करीना कपूर के बचाव में आईं ट्विंकल खन्ना, बोलीं-ऐसी बेवकूफी भरी अफवाहें...

सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले पर अब बॉलीवुड सितारे भी खुलकर आए हैं। इस हमले पर अब ट्विंकल खन्ना ने भी बात की है। उन्होंने सैफ पर हुए हमले के बाद करीना कपूर खान पर हुई ट्रोलिंग को लेकर बात की है। ट्विंकल खन्ना ने लिखा, अपने कॉलम में करीना कपूर का बचाव किया है। उन्होंने बताया कि ऐसीबेवकूफी भरी अफवाहें हैं कि घटना के दौरान बेबो घर पर नहीं थीं या अपने पति की मदद करने के लिएबहुत ज्यादा नशे में थीं। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि लोगों को बस पत्नियों पर दोष डालने पर मजा आता है।
विराट कोहली और अनुष्का शर्मा के बारे में भी ट्विंकल खन्ना ने बात की है। उन्होंने कहा, जब विराट कोहली आउट होते हैं, तो अनुष्का को हूटिंग का सामना करना पड़ता है। ट्विंकल खन्ना ने कहा कि ये पैटर्न सिर्फ बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लिए नहीं है। उन्होंने बताया कि पतियों के वजन बढ़ने या घटने के लिए पत्नियों को दोषी ठहराया जाता है। उन्होंने बताया कि कैसे लोग अपने साथी के स्वभाव और यहां तक किगंजेपन के लिए भी पत्नी को दोषी ठहराते हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### कार्यशाला का आयोजन किया गया



**अशोकनगर।** शासकीय हाई स्कूल दियाधरी में गुरुवार को ऊर्जा की बचत विषय पर ओजस एवं इको क्लब के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ऊर्जा के बचत एवं उपयोग को जाना द्यक्लब प्रभारी श्री राजेश रघुवंशी ने ऊर्जा के महत्व को समझाते हुए सभी छात्रों को विस्तृत जानकारी दी, सभी छात्रों व स्टाफ ने मिलकर ऊर्जा की बचत करने की शपथ ली,कार्यशाला में समस्त स्टॉफ और बच्चे शामिल हुए।

### कैरियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया



**अशोकनगर।** शिक्षाविभाग के निर्देशानुसार आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा छात्रों को कक्षा 12 पास करने के पश्चात कॉलेज का चयन एवं आगे की पढ़ाई कैसे की जाए इस पर विस्तृत मार्गदर्शन किया एवं छात्रों को आईआईटी नीट बीएससी एजी तथा कला से संबंधित विषय चयन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं पर विस्तृत प्रकाश डाल छात्रों का मार्गदर्शन किया सहयोगी शिक्षक श्री सीपक कुमार जैन ,सतीश साहू एवं श्री मनमोहन शर्मा द्वारा भी छात्रों का मार्गदर्शन किया गया। कक्षा 10 के छात्रों के लिए परीक्षा पास कर लेने के पश्चात विषय का चयन सबसे बड़ी समस्या होती है कक्षा 10 के छात्रों के सामने बहुत बड़ा संकट उत्पन्न होता है ,इन छात्रों में इतनी समझ नहीं होती है कि वह किस विषय का चयन करें कभी-कभी छात्र अपने छात्र साथी के कहने पर विषय का चयन कर लेता है परंतु बाद में वह उसे विषय को नहीं पढ़ पाता है इससे छात्र में हीन भावना एवं डिप्रेशन आ जाता है।

# सरकार की यही मंशा है कि अधिक से अधिक सुविधाएं आमजन तक पहुंचे : राज्यमंत्री पटैल

**सत्ता सुधार ■ दमोह**

उपस्वास्थ्य केन्द्र समर्पित है, आसपास के लोग भी इसका भरपूर लाभ उठाएं। सरकार की यही मंशा है कि अधिक से अधिक सुविधाएं आमजन तक पहुंचे। सरकार तो यहाँ तक चाहती है कि हर सुविधा आपके घर पहुंचे, छोटे से छोटे काम के लिये आपको भटकना ना पड़े, इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। शहरों में डाक्टर अधिक होने से अब डॉक्टर्स का रूझान गांव की ओर बढ़ चला है, डाक्टर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस आशय के विचार प्रदेश के पुशपालन एवं डेयरी विभाग राजयमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने ग्राम झागर, किन्द्राहो और सतपारा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकापर्ण करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटैल सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा इस समय सबसे महत्वपूर्ण काम प्रधानमंत्री आवास में नाम जुड़वाने का चल रहा है, बहुत सारी जगह नाम जुड़ना शुरू हो गए। सरपंचगणों और शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस काम को एक मिशन बनाएं और एक आंदोलन बनाएं। घर-घर तक ये बात पहुंचे




जो पात्र हो सारे लोगों के नाम जुड़े। इस बार सरकार ने एक नया काम किया है, कि हम खुद भी इसमें नाम जोड़ सकते है, पोर्टल पर जाकर अपना नाम खुद जोड़ सकते है। जो नहीं जोड़ पा रहे है तो सचिव, सहायक सचिव, सरपंचों के पास जाकर के जुड़वा लें। सरकार ये काम 31 मार्च तक जारी रखने कहा है। यह महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि पिछली बार 2011 के सर्वे सूची के नाम 2018 तक चले और 2018 में फिर से सर्वे हुआ और वो नाम 2025 तक चले, अब आवास प्लस की सूची समाप्त होने वाली है क्योंकि अभी 15 जनवरी को मुख्यमंत्री जी और हमारे पूर्व मुख्यमंत्री जी, केन्द्रीय कृषि मंत्री जो आजकल ग्रामीण विकास मंत्री है श्री शिवराज सिंह चौहान जी, इन्होंने 8,16,000 आवासो की स्वीकृति मध्यप्रदेश को दी है। एक अप्रैल को इतने ही मकान फिर से मध्यप्रदेश को अलॉट किए जाएंगे, लगभग 8 लाख से अधिक, तो चार महीने के अंदर 16 लाख मकान हमारे प्रदेश को मिलने वाले हैं। 8 लाख मिल गए है 8 लाख और मिल जाएंगे।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा मुख्यमंत्री जी लगातार सबके लिए गांव, गरीब, मजदूर, किसान के लिए काम कर रहे हैं। पूरे प्रदेश के किसानों की एक सबसे बड़ी समस्या निराश्रित पशुओं की है यह सरकार के लिए सबसे बड़ा चैलेंज भी है, चैलेंज इसलिए है की इतने बेसहारा पशु है। उन्होंने कहा कल्याणपुरा पथरिया में अभी सीतानगर के यहाँ सर्वे कराकर लगभग 500 एकड़ जमीन आरक्षित भी कर दी और उसकी योजना भी बन चुकी है, बहुत जल्दी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी आकर इसका भूमी पूजन करेंगे और वन विहार बनाने का काम शुरू हो जायेगा। सबसे पहला पथरिया के अंदर होगा, सीतानगर में जो बनना है उसका भूमि पूजन करके उसका काम शुरू करेंगे। इसमें लगभग 15,000 से अधिक गौवंश रहेंगे। जिससे गौवंश बेसहारा नहीं रहेगा। एक ही जगह में किसानों की समस्या समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा फैसला लिया है छोटी-छोटी गौशालाएं एक जगह शिफ्ट कर देंगे, इसकी लागत 50 करोड़ रुपए है, जिसमें खाद और गैस बनाई जाएगी, नस्ल सुधार का काम भी होगा और बिजली उत्पादन का काम भी होगा, इसे मल्टीपरपज बनाया गया है, जिससे आत्मनिर्भर हो सके ऐसी व्यवस्था की है। उन्होंने कहा गौशाला में गोवंश भेजने के बाद यदि गऊ पालक गोवंश लेने आते हैं तो उनसे 1000 की पेनल्टी ली जाएगी, जिससे गोवंश को खुला छोड़ने की समस्या हल होगी। सरकार ने यह तय किया है जो गौशाला बनेगी उनमें निराश्रित गोवंश को सरकार स्वयं पहुंचाएगी, लगभग 2 महीने के बाद सड़कों से सारे निराश्रित गोवंश को उठाकर गौशाला में भेज दिया जायेगा। इन 15 वन विहार में ही पूरे प्रदेश की गोवंश समाहित हो जायेंगी। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा हर साल लगभग 10 करोड़ रुपए गौण खनिज का पैसा आता है, जिले की चारों विधानसभा में लगभग 200 स्कूलों के लिए यह राशि जारी हो चुकी है और काम भी शुरू हो गया है, जितने बचे हुए स्कूल हैं आने वाले समय में पूरे हो जाएंगे, यदि सफलता पूर्वक काम होता रहा तो आने वाले समय में आंगनबाड़ी सुधार कार्य किया जायेगा और नई आंगनवाड़ी बनवाएंगे, इसके बाद फर्नीचर का काम भी करेंगे, लगातार इस राशि का उपयोग हो ऐसा प्लान है। उन्होंने कहा ऐसा कोई गांव नहीं है जहाँ सड़क नहीं बनी है, डामरीकृत सड़क से सारे गांव जुड़ गए है। अभी एक पत्र व्हाट्सएप पर डाला है की अगर कोई मजरा टोला है और 200 से अधिक जनसंख्या है और वो सड़क से नहीं जुड़ा तो आप पत्र भरकर भेज दीजिए, वो सड़क से हम जुड़वा देंगे। इस अवसर पर सुखई दाऊ, नीलेश ठाकुर, सेवा निवृत्त डी.पी.सी. राजेन्द्र पटैल, राघवेन्द्र पटैल, महेश पटैल, श्री ब्रजेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्राम व आसपास के गांवो के निवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्रिजेश पटैल ने किया।

# पटवारी पर राजस्व अभिलेखों में स्वयं के स्तर से संशोधन करने, एमपी एलआरसी के विधि विरुद्ध कार्य करने का आरोप

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

आवेदक की शिकायत पर एसडीएम ने किया तीन सदस्यीय जांच दल गठित,7 दिन में विस्तृत जांच प्रतिवेदन अभिमत के साथ देने का आदेश

जिले की शाढ़ौरा तहसील में पदस्थ पटवारी सुश्री संयोगिता सुमन पर राजस्व अभिलेखों में स्वयं के स्तर से संशोधन करने व एमपी एलआरसी के विधि विरुद्ध कार्य करने के आरोप का मामला सामने आया है। शिकायती आरोप पर से अनुविभागीय अधिकारी अशोक नगर श्रीमती शुभ्रता त्रिपाठी द्वारा तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है, तथा रोहित रघुवंशी तहसीलदार अशोक नगर, बिन्नी रामनरेश राजस्व निरीक्षक शाढ़ौरा, संतोष रघुवंशी पटवारी अशोक नगर को जांच का जिम्मा सौपा गया है। साथ ही पटवारी सुश्री सुमन पर लगे आरोपों की सात दिवस में विस्तृत जांच कर अपने अभिमत के साथ प्रतिवेदन भेजने का आदेश दिया गया है।




**यह पूरा मामला:** गत 24 जनवरी 2025 को शिकायत कर्ता,आवेदक सुधीर मोरे, जिलाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी जिला अशोक नगर द्वारा मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल को शिकायती आवेदन पत्र भेजकर पटवारी पर आरोप लगाया है,कि शाढ़ौरा तहसील में पदस्थ पटवारी सुश्री संयोगिता सुमन लगभग 8 वर्षो से निरंतर पटवारी हल्का काछी बामौरा, करख्या पर पदस्थ हैं। यह नियम विपरीत और जांच योग्य विषय है। पटवारी सुश्री सुमन द्वारा बिना सक्षम अधिकारी के अपने स्वयं के स्तर से शासकीय भूमियों के सर्वे नंबरों व नक्शा में खुर्द-बुर्द कर दिया गया है। साथ ही शासकीय भूमि,अहस्तांतरणीय भूमि को अपने स्तर से भूमि स्वामी बनाकर खसरा आदि में दर्ज कर दिया गया है। अभी हाल ही में पटवारी द्वारा शाढ़ौरा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सालरपुर के सर्वे नंबर 67/3/4 रकवा 1.000 हेक्टेयर का अपने स्तर से भूमि स्वामी का नाम बदलकर खसरा के 12 नंबर कॉलम में फर्जी प्रकरण नंबर दर्ज कर दिया और फिर जनसुनवाई में शिकायत होने पर पुन~खसरा में फर्जी प्रकरण नंबर दर्ज भूमि स्वामी का नाम संशोधन कर दिया यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है, जांच योग्य विषय है। उन्होंने मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल से मांग की थी कि वह स्वयं के स्तर से तीन सदस्य जांच कमेटी नियुक्त कर उक्त पटवारी के रिकॉर्ड, राजस्व अभिलेख जैसे खसरा, नक्शा, हस्तलिखित अभिलेख आदि का परीक्षण कर दोषी पाए जाने पर सेवा से पृथक करने, कूट रचित अनुचित कार्य के अपराध में प्राथमिक दर्ज कराने हेतु आदेश जारी करें।

### इनका कहना है

- जांच प्रतिवेदन अभी प्राप्त नहीं हुआ है,रिपोर्ट प्राप्त होते ही नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

  **-श्रीमती शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीएम अशोक नगर।**

- शाढ़ौरा में पदस्थ पटवारी संयोगिता सुमन ने खसरा में नाम बदलके, जोड़ के-घटा के और किसानों गुमराह करके, कूट रचित जैसा काम किया है, गुमराह करके ही किया है, उनकी खुद की आईडी से, यह कोई अधिकार नहीं है, कि उनकी अपनी खुद की आईडी से किसी का भी नाम जोड़ दे,और घटा दें,उसके संबंध में हमने एसडीएम साहब को आवेदन दिया है।

  **-सुधीर मौर्य, जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी (काशीराम) जिला अशोकनगर।**

# पटवारी पर बिना किसी आदेश के दलित की भूमि को सवर्ण दबंगों के नाम पर धोखाधड़ी पूर्वक खसरे में चढ़ाने का आरोप



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

पटवारी द्वारा बिना किसी आदेश के दलित की कृषि भूमि को सवर्ण दबंगों के नाम पर धोखाधड़ी पूर्वक खसरे में चढ़ाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदक लालाराम पुत्र स्व.सोजी मेहतर(दलित) ने कलेक्टर को शिकायती आवेदन देकर आरोप लगाया है कि आवेदक के पिता स्व.सोजी पुत्र धन्नालाल मेहतर दलित निवासी खेजरा खुर्द, तहसील अशोकनगर की ग्राम खेजरा में कृषि भूमि भू-दान भूमि सर्वे नम्बर 78/2 रकबा 0.627 हैक्टेयर भूमि स्थित थी। यह भूमि आवेदक के पिता को प?ट्टे पर मिली थी, जो वर्ष 2013-2014 तक आवेदक के पिता सोजी के नाम पर रही। वर्ष 2014-2015 में उक्त भूमि पर पटवारी द्वारा महाराज सिंह रघुवंशी और उसके पुत्रों धर्मेन्द्र, अरविन्द, रानू रघुवंशी से मिलकर फर्जी तरीके से बिना किसी आदेश के रामरतीबाई रघुवंशी पत्नि महाराज सिंह का नाम धोखाधड़ी पूर्वक चढ़ा दिया है, जबकि भूमि पट्टे की भूमि है और कलेक्टर की अनुमति के बिना दूसरे के नाम पर नहीं आ सकती है। आवेदक के पिता ने उक्त भूमि को कभी भी रामरती बाई को विक्रय नहीं किया है। पिता बीमार हो गये, इस बीच बीमारी का फायदा उठाकर धोखे से उक्त भूमि को अनावेदक गण ने फर्जकारी करके अवैध रूप से पटवारी से मिलकर रामरती बाई के नाम पर चढवा लिया है। अब रामरती बाई, धर्मेन्द्र, अरविन्द, रानू पुत्र गण महाराज सिंह रघुवंशी आवेदक को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, कहते हैं कि जमीन के बारे में तूने कोई कार्यवाही की और गांव में आकर जमीन पर गया, तो तेरे हाथ-पैर काटकर तुझे जान से खत्म कर देंगे, पता भी नहीं चलने देंगे। आवेदक डर के मारे भागा-भागा छिपा फिर रहा है। जमीन छिन जाने से आवेदक दलित का परिवार भूखों मर रहा है।अतएव अवैध रूप से चढ़वाये गये नाम निरस्त कर आवेदक के पिता के नाम की भूमि सर्वे क्रमांक 78/2 रकबा 0.627 हैक्टेयर आवेदक को वापिस दिलाई जावे।

### इनका कहना है..

खैजरा खुर्द में मेरे पिता के नाम तीन बीघा जमीन थी, उन्होंने करीब 13-14 साल पहले 18 हजार में महाराज सिंह रघुवंशी को गहने रख दी थी। पिताजी ने मुझसे कहा था यह जमीन 18 हजार में गहने रखी है, उठा लेना, मैं पैसे लेकर महाराज सिंह के पास गया, तो उन्होंने कहा तुझे नाज डाल दिया करेंगे। मेरे पिताजी और महाराज सिंह खत्म हो गए। सन 2014 में उनकी घरवाली के नाम जमीन करा ली, क्या पता उनके लड़कों ने कराई या वे ही कराकर चल बसे। उन्होंने मेरी सहमति नहीं ली मुझे तो पता भी नहीं चला कैसे रजिस्ट्री हो गई उस जमीन की तो रजिस्ट्री भी नहीं होती। भू-स्वामी बाली वंटन की जमीन है, राम जाने कैसे रजिस्ट्री हो गई।

**-लालाराम मेहतर (दलित) पुत्र स्व.सोजी,शिकायतकर्ता, निवासी ग्राम खेजरा खुर्द, हाल निवासी वार्ड नंबर 15 बाल्मिक मोहल्ला आरोन जिला गुना।**

# शहीद दिवस पर पुलिस द्वारा मौन धारण कर शहीदों को किया याद



**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

वरिष्ठ कार्यालय द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को समस्त कार्यालयों में मौन धारण करने के निर्देश जारी किये गये थे। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी चौकी प्रभारी को कार्यालय, थानों, चौकी स्तर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रात~ 11 बजे मौन धारण करने हेतु आदेशित किया गया था। इसी क्रम में गुरुवार को प्रात~ 11 बजे समस्त कार्यालयों,थानों एवं चौकी स्तर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में मौन धारण कर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को याद किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 10.59 बजे से 11 बजे तक सायरन बजाया गया तत्पश्चात 11 से 11.02 बजे तक सभी अधिकारी, कर्मचारीयों ने मौन धारण किया एवं 11.02 से 11.03 बजे तक सायरन बजाकर मौन धारण संपन्न हुआ ।पुलिस अधीक्षक श्री जैन द्वारा बताया गया कि हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए卐। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, रक्षित निरीक्षक पु0ला0 अशोकनगर शिवमंगल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# मद्य निषेध संकल्प दिवस कार्यक्रम पर किया गया संगोष्ठी, रैली एवं शपथ संकल्प पत्र भरवाने का कार्यक्रम




**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कल्याण विभाग अशोकनगर के तत्वाधान में संस्था जय श्री प्रेम सागर विद्या मंदिर एवं निर्धन बाल कल्याण समिति अशोक नगर द्वारा मद्य निषेध संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मद्य निषेध हेतू संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजन किया गया इसमें सर्वप्रथम गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। उसके उपरांत नशा मुक्ति भारत अभियान मास्टर ट्रेनर मधु यादव द्वारा नशा मुक्ति हेतु लोगों को जागरूक किया गया एवं नशा न करने हेतु प्रेरित किया गया उसके उपरांत रैली का आयोजन किया गया। जिसमें कुमारी मधु यादव श्री राधे पर्यावरण महिला संचालक मंडल एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। उसके उपरांत उपस्थित लोगों को मध् निषेध हेतु शपथ ग्रहण करवाई गई एवं संकल्प पत्र भरवाये गए। इस अवसर पर संस्था संचालक जगदीश यादव व प्राचार्य, नीलम यादव( शिक्षक ) जगदीश लहरी( मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्र.6 ) संस्था सदस्य, आरती शर्मा,प्रीति उज्जैनी, सविता कुशवाह आंगनवाड़ी सहायिका व शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं व कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

# बार्सिलोना, स्पेन में बोले राज्य मंत्री लोधी- भारत विश्व की प्राचीनतम



**सत्ता सुधार ■ दमोह**

प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास और प्रगति में पर्यटन एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमारा महान देश भारत पर्यटन की दृष्टि से दुनिया का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। हमारे देश में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से वह सब कुछ है जो एक पर्यटक को चाहिए होता है। राज्यमंत्री श्री लोधी बर्सिलोना स्पेन में पर्यटन के रोडशो कार्यक्रम में टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंट्स, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों और मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि भारत के मध्य में स्थित प्रांत हृदय प्रदेश %मध्यप्रदेश% से आता हूँ। जिस तरह हृदय सम्पूर्ण शरीर में ऊर्जा का प्रवाह करता है, उसी तरह भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक संस्कृति का मार्ग भी मध्य प्रदेश से होकर गुज़रता है। मध्य प्रदेश प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्धशाली प्रदेश है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में पर्यटन के क्षेत्र में हमारा देश और मध्यप्रदेश लगातार उच्च मापदंडों को स्पर्श कर रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत के काउंसल जनरल श्री सुंदरामूर्ति और मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक टी इलैयाराजा भी मौजूद थे। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में से एक है। हमारी संस्कृति दुनिया की एक मात्र संस्कृति है, जो वसुधैव कुटुंबकम् की बात करती है और सम्पूर्ण विश्व को अपना परिवार मानती है।

हमारी संस्कृति ना केवल मानव जाति के कल्याण की बात करती है, बल्कि सम्पूर्ण जीवित जगत के कल्याण की बात भी करती है। हमने आज भी अपने सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और दार्शनिक मूल्यों को न केवल अक्षुण बनाये रखा है, बल्कि उसे सम्पूर्ण विश्व में प्रसारित भी किया है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वैश्विक शांति और सहयोग की बात करते है। आज भारत दुनिया में सबसे तेज गति से प्रगति करने वाला देश है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। राज्य मंत्री श्री लोधी ने स्पेन के सभी नागरिकों को मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया।



# प्रकाश यादव बने तुलावट संघ के अध्यक्ष

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

कृषि उपज मण्डी समिति अशोकनगर में गुरुवार को तुलावट संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता किशोर दुबे ने की। बैठक में सर्वसम्मति से प्रकाश सिंह यादव को तुलावट संघ का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष दौलत सिंह धाकड, महामंत्री राकेश बरया,मंत्री ज्ञान सिंह कुशवाह, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद दैलवार को बनाया गया। राकेश शर्मा ने सभी तुलावटों का आभार व्यक्त किया। सभी तुलावटों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने सुनाएं स्कूली बच्चों को शहीदों के प्रसंग

# पढ़ने,देश पर मर मिटने की प्रेरणा हमें भगत सिंह से मिलती हैः उमेश रघुवंशी

**सत्ता सुधार ■ अशोकनगर**

विगत दिवस गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान ईसागढ़ के एशियन पब्लिक स्कूल,कदवाया एवं राजतला के आइडियल कान्वेंट स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामबाबू यादव, रामकुमार यादव खामखेड़ी, जनपद सदस्य राजतला मुनेश चंदेल,शिशुपाल




जाटव वरिष्ठ भाजपा नेता, विद्यालय संचालक देवेंद्र यादव पकरोड़ सहित विद्यालय स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे। उन्होंने आजादी के आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के संस्मरण सुनाए और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। शहीदे आजम भगत सिंह के बारे में बताते हुए कहा कि महज 23 साल की उम्र में उन्होंने देश पर अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी शासन द्वारा उन्हें फांसी की सजा दी गई। वह कैद में अपनी सजा काट रहे थे, तथा एक पुस्तक पढ़ रहे थे, जब जेलर ने आकर उनसे कहा कि सजा का वक्त हो गया, चलो तो वह किसी टॉपिक को पढ़ रहे थे उन्होंने जेलर से कहा कि मुझे दो लाइन और पढ़ लेने दो,यानी किसी को मौत की सजा हो रही हो और वह किताब पढ़ने की लालसा रखें,इससे प्रेरणा मिलती है कि वह पढ़ाई में कितनी दिलचस्पी रखते थे,और उन्होंने देश के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण प्राणों की आहुति दे दी, और देश के लिए मर मिटे, देश के लिए हंसते-हंसते न्योछावर होने की प्रेरणा भी उन्हीं से मिलती है। इसके पूर्व कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के समापन से पूर्व मुख्य अतिथि सहित मंचासीन उपस्थित अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र पुरस्कार वितरण किए गए।

## ब्रीफ न्यूज

### कूड़े-कचरे और मलबे के ढेर में दबी थी 250 साल पुरानी बावड़ी

**इंदौर।** कनाड़िया रोड स्थित प्राधिकरण की योजना टीपीएस-5 में विकास कार्य के दौरान कूड़े-कचरे और मलबे में दबी 250 साल पुरानी बावड़ी मिली। इसका अब जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को जहां नालों में बदल दिया, वहीं तालाबों के आसपास भी अवैध निर्माण-अतिक्रमण के साथ कॉलोनियां कट गई। नतीजतन बारिश में पूरा पानी भी इन तालाबों में जमा नहीं हो पाता है और हर साल तालाबों की गाद निकालने से लेकर कुएं-बावड़ियों की साफ-सफाई के दावे अलग किए जाते हैं। शहर में ही तमाम कुएवं-बावड़ियों को बंद कर उन पर बिल्डिंगें तान दी गई, तो जो ग्रामीण क्षेत्र निगम सीमा में शामिल हुए वहां पर भी कॉलोनियां कट गई। इंदौर विकास प्राधिकरण ने कनाड़िया रोड पर टीपीएस-5 घोषित की है, जिसमें इन दिनों विकास कार्य चल रहा है।

### आर्किटेक्ट के घर चोरी, कर्मचारियों पर शंका

**इंदौर।** शहर में आर्किटेक्ट के घर चोरी की वारदात हो गई। पिता को अस्पताल लाने, ले जाने के दौरान परिवार कामों में व्यस्त रहा। जिसके चलते चोरी की जानकारी ही नहीं लगी। 10 दिन पहले अलमारी में नजर पड़ने के दौरान जेवर गायब मिले। लेकिन परिवार में गमी होने के चलते आर्किटेक्ट ने शिकायत नही की। बुधवार को मामले में केस दर्ज कराया। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक अजय शुक्ला ग्रेटर बृजेश्वरी में रहते है। उनकी पत्नी डॉक्टर है। अजय ने बताया कि उनके पिता का 17 जनवरी को देहांत हो गया। मौत के पहले जब पिता बीमार थे तो मां और उनका पिता को अधिकतर अस्पताल लाना ले जाना होता था। नवंबर माह से एक काम वाली को रखा। परिवार मां और पत्नी-पिता की बीमारी के चलते घर पर ध्यान नही दे रहे थे। पिता की मौत के दो दिन बाद 19 जनवरी को मां का मंगलसूत्र अलमारी में रखने पहुंचे। जब उन्होंने देखा की अलमारी में बेंगल्स, चेन, टॉप्स और महंगी घड़ियां नहीं थी। घर में गमी होने के चलते पुलिस से संपर्क नही किया।

उज्जैन सिंहस्थ के मद्देनजर यह रोड है जरूरी

# अतिक्रमण हटाने के बाद भी एमआर-4 पुलिया के काम में नहीं आई तेजी

सत्ता सुधार ■ इंदौर

बीते कई सालों से एमआर-4 आधा-अधूरा पड़ा है। पिछले सिंहस्थ में इसका निर्माण शुरू किया था और अब 2028 के सिंहस्थ के चलते इसे फोरलेन में परिवर्तित करने के साथ पुलिया को भी चौड़ा किया जा रहा है। पिछले दिनों फैक्ट्रियों सहित अन्य अतिक्रमण तो हटा दिए, मगर फोरलेन और पुलिया का काम अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। जबकि यह एक महत्वपूर्ण रोड है।



इंदौर रेलवे स्टेशन से बाणगंगा रेलवे क्रासिंग तक इसका निर्माण होना है। पूर्व में मौके पर जमीन की कम उपलब्धता के चलते प्राधिकरण ने चार की बजाय दो लेन सड़क ही बनाई थी, जिसे अब चौड़ा किया जा रहा है। फोरलेन में 200 से अधिक बाधाएं कायम रहीं, जिसमें से कुछ को हटाया और पिछले दिनों भी आधा दर्जन उद्योगों के निर्माणों को तोड़ा गया। हालांकि कुछ निर्माण अभी भी बाधक हैं।

सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर अब एमआर-4 पर भी फोकस किया गया है। पोलोग्राउंड क्षेत्र में कान्ह नदी पर बनी पुलिया को भी इसी के मद्देनजर चौड़ा किया जा रहा है। यह पुलिया भी फोरलेन हो जाएगी। भागीरथपुरा बस्ती सहित कई बाधाएं अभी भी कायम है। यह भी महत्वपूर्ण है कि एमआर-4 का निर्माण पिछले 2016 के सिंहस्थ के दौरान इंदौर विकास प्राधिकरण ने शुरू किया था। मगर तब जितनी जमीन मिली उस पर ताबड़तोड़ टू लेन बना दी गई, ताकि कुछ यातायात चल सके। अब यह फोरलेन जब पूरा हो जाएगा तो इसका एक बड़ा लाभ रेलवे स्टेशन से सीधे कुमेर्डी में जो प्राधिकरण ने आईएसबीटी बनाया है उस तक पहुंचने में आसानी होगी और सांवेर रोड से भी यह जुड़ेगा, जिससे उज्जैन जाने वालों को भी फायदा होगा। बाणगंगा से आने वाला यातायात का दबाव भी घटेगा। रेलवे स्टेशन के साथ-साथ मध्य शहर एमआर-10 और कुमेड़ी आईएसबीटी को आपस में जोड़ने के लिए भी यह एमआर-4 अत्यंत महत्वपूर्ण है। भागीरथपुरा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के आगे एमआर-4 बाणगंगा रोड पर आकर खत्म होता है और फिर आगे कुमेर्डी तक इसे मिलाया जाना है। कुमेड़ी तक सड़क बनने के बाद सरवटे बस स्टैंड से भी राजकुमार ब्रिज के नीचे से होते हुए बाणगंगा रेलवे क्रासिंग और फिर आईएसबीटी तक सड़क निर्मित होगी और एमआर-4 सीधे उज्जैन रोड से भी मिल जाएगा। बीते 8 सालों से यह सड़क अधूरी पड़ी है और पूर्व में 20 करोड़ रुपए की राशि इसके लिए मंजूर भी की गई। इस फोरलेन सड़क के अलावा कान्ह नदी पर एक ब्रिज भी बनाया जा रहा है। प्राधिकरण ने निगम को सड़क बनाने के एवज में 18 करोड़ रुपए की राशि भी दी थी। मुख्य रेलवे स्टेशन से स्वदेशी ब्रिज तक की सड़क निगम पहले ही बना चुका है। इस सड़क के पूरा हो जाने से मध्य क्षेत्र तक आना भी आसान रहेगा। हालांकि लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के आसपास भागीरथपुरा बस्ती के चलते भी यह सड़क आगे तक निर्मित नहीं हो पाई, उसी के चलते निगम को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई।

# व्यापारी एसोसिएशन देगा समझाइश दुकानदार जद में रखे डमी-डेकोरेशन की चीजें

ट्रैफिक सुधारने की पहल, कार्रवाई होने पर एसोसिएशन नहीं करेगा सहयोग

सत्ता सुधार ■ इंदौर

सीतला माता बाजार में ट्रैफिक सुधारने के लिए अब व्यापारियों को समझाइश दी जाएगी। श्री सीतला माता बाजार व्यापारी एसोसिएशन व्यापारियों से बात करेगा और उन्हें समझाइश देगा। ये समझाइश इसलिए दी जाएगी ताकि वे अपने दुकान के बाहर डेकोरेशन और डमी को उनकी दुकान की जद में रखे। इससे ग्राहकों की गाड़ियां सही तरीके से खड़ी हो सकेगी और ट्रैफिक जाम की स्थिति नहीं बनेगी।

सराफा बाजार की तरह ही सीतला माता बाजार भी प्रदेश का बड़ा मार्केट है। यहां प्रदेशभर से लोग कपड़े की खरीददारी करने आते है। यहां आ रही ट्रैफिक की समस्या को दूर करने के लिए श्री सीतला माता बाजार व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बीड़ा उठाया है। इसके लिए उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से भी चर्चा कर ली है। एसोसिएशन ने मार्केट के फोटो-वीडियो भी नगर निगम के अधिकारियों के दिए है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमा पंजवानी और महामंत्री अतुल नीमा ने बताया कि मार्केट में जिन दुकानों के बाहर डेकोरेशन और डमी रखे जाते है उन व्यापारियों को समझाइश दी जाएगी कि वे अपने डेकोरेशन की चीजें और डमी को दुकान की जद में रखे। ताकि दुकान पर आने वाले ग्राहकों की गाड़ियां आसानी से खड़ी हो सके। जल्द ही एसोसिएशन व्यापारियों से चर्चा कर उन्हें समझाइश देगी, ताकि व्यापार पर सकारात्मक असर हो



### निगम अधिकारियों से कहेंगे निशान लगवाने को

अध्यक्ष ने बताया कि निगम के अधिकारियों के साथ एक बैठक की जाएगी। बैठक में उन्हें यहां आने वाली समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। साथ ही उनसे निवेदन किया जाएगा कि वे दुकान पर कुछ ऐसे निशान लगा दे, ताकि दुकानदार अपना सामान उस निशान के अंदर ही रखे। उन्होंने यह भी कहा कि इसके बाद भी व्यापारी डमी या डेकोरेशन की चीजों को उस निशान के बाहर रखता है और नगर निगम कार्रवाई करता है तो एसोसिएशन की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी। इसलिए सबसे पहले व्यापारियों को समझाइश दी जाएगी। इसके बाद बैरिकेडिंग का काम किया जाएगा फिर व्यापारियों की गाड़ियों को पार्किंग में लगाने के लिए कहा जाएगा।

### एक फरवरी से बैरिकेडिंग की तैयारी कर रहा एसोसिएशन

अध्यक्ष ने बताया कि 1 फरवरी से मार्केट में बैरिकेडिंग लगाने की तैयारी का जा रही है। इसके लिए बैरिकेड्स बनवाए जा रहे है। जिस पर एसोसिएशन का नाम भी लिखा जाएगा। इसके साथ ही दो गार्ड भी एसोसिएशन की तरफ से लगाए जाएंगे। बैरिकेडिंग होने से मार्केट में ई-रिक्शा, रिक्शा और ठेले वाले अंदर नहीं आ सकेंगे। गौरतलब है कि इंदौर के सराफा बाजार में व्यापार को बढ़ावा देने और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन ने पांच साल बाद एक नई पहल शुरू की है। इस योजना में बड़ा सराफा में सड़क के दोनों और पीली पट्टियां बनाई गई हैं, जहां केवल ग्राहकों की गाड़ियां पार्क करने की अनुमति होगी। ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुबह 11 से रात 9 बजे तक

## सुमित मिश्रा बने इंदौर के भाजपा नगर अध्यक्ष, श्रवण चावड़ा को मिली ग्रामीण की जिम्मेदारी

सत्ता सुधार ■ इंदौर



इंदौर शहर अध्यक्ष के लिए सुमित मिश्रा के अलावा दीपक जैन टीनू भी दौड़ में सबसे आगे थे। सुमित और टीनू दोनों ही कैलाश विजयवर्गीय खेमे से जुड़े हैं। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इंदौर शहर में नगर और जिला अध्यक्ष की घोषणा हो गई। शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा बनाए गए हैं, जबकि जिले की जिम्मेदारी श्रवण चावड़ा को मिली है। दोनों ही युवा हैं। श्रवण पहले जिले के भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं। शहर अध्यक्ष के लिए सुमित के अलावा दीपक जैन टीनू भी दौड़ में सबसे आगे थे। सुमित और टीनू दोनों ही कैलाश विजयवर्गीय खेमे से जुड़े हैं। विजयवर्गीय ग्रामीण में अपने कट्टर समर्थक चिंटू वर्मा को फिर से जिला अध्यक्ष नहीं बनवा सके। उन्हें दो साल पहले ही जिम्मेदारी मिली थी। माना जा रहा था कि वर्मा फिर से रिपीट हो सकते हैं। श्रवण चावड़ा को जिम्मेदारी देने में वीडी शर्मा की खास भूमिका रही।

**कुशल वक्ता हैं सुमितः** सुमित मिश्रा कुशल वक्ता हैं और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में भी सक्रिय भूमिका में रहे हैं। वे भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री भी रह चुके हैं। इंदौर जिले के शहर में ग्रामीण के अध्यक्ष युवा है। सुमित मिश्रा पिछली बार भी नगर अध्यक्ष पद के दावेदार थे और उनका नाम रायशुमारी में भी शामिल था। तब संगठन ने गौरव रणदिवे को भाजपा का नगर अध्यक्ष बनाया था। उनके कार्यकाल में इंदौर जिले की सभी नौ विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार जीते थे। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सबसे बड़ी जीत भी उनके कार्यकाल में रही।

**मिश्रा बोले, संगठन की अपेक्षा पर खरा उतरूंगा :** भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि संगठन और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मुझ पर जो भरोसा जताया है। उस पर खरा उतरूंगा। इंदौर में भाजपा की जड़े काफी मजबूत हैं, क्योंकि वरिष्ठ नेताओं ने इसे अपनी मेहनत से सिंचा है। मैं अपने कार्यकाल में भाजपा को इंदौर में और मजबूत करूंगा और संगठन की रीति नीतियों के हिसाब से फैसले लिए जाएंगे।

# इंदौर-मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट से 30 लाख लोगों को मिलेगा फायदा

सत्ता सुधार ■ इंदौर

इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन प्रोजेक्ट की निगरानी अब प्रधानमंत्री कार्यालय से की जा रही है। इस परियोजना के लिए 18,036 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिससे इंदौर से मुंबई की दूरी 830 किमी से घटकर 568 किमी रह जाएगी।

इस परियोजना के तहत इंदौर जिले में भूमि अधिग्रहण के आदेश जारी हो चुके हैं। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इस परियोजना के तहत कुल 13 जिलों की भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। महू के गांवों के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को गति देने हेतु अधिकारी की नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी किया गया है, जिससे यह प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके। इस परियोजना की कुल लंबाई 309 किलोमीटर होगी और यह इंदौर से मुंबई को जोड़ने के लिए बनाई जा रही है। सरकार ने सितंबर में इस प्रोजेक्ट के लिए 18,036 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी। इस नई रेल लाइन से यात्री सुविधाओं में सुधार होगा और औद्योगिक क्षेत्रों को मजबूत कनेक्टिविटी मिलेगी।



### 59 गांवों की भूमि अधिग्रहण होगी

परियोजना का 170.56 किलोमीटर हिस्सा मध्य प्रदेश में आएगा, जिसमें 905 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है। इस परियोजना के तहत मध्य प्रदेश में 18 रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें महू, केलोद, कमदपुर, झाड़ी बरोदा और अन्य स्टेशन प्रमुख हैं। इसके अलावा, इंदौर और धुलिया जिले के कुल 59 गांवों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। इनमें इंदौर जिले के 22 गांव और धुलिया जिले के 37 गांव शामिल हैं। इंदौर-मनमाड़ रेलवे संघर्ष समिति के मनोज मराठे के अनुसार, रेल मंत्रालय द्वारा मध्य रेलवे के तहत इन गांवों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### बजट भी जारी

इंदौर-मनमाड़ रेल प्रोजेक्ट की योजना पर पिछले कई वर्षों से काम चल रहा है। 2022 में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं मिल सकी थी, लेकिन 2023 में इसे 2 करोड़ रुपये की टोकन राशि जारी की गई। मध्य प्रदेश के हिस्से में डीपीआर और सर्वे का काम पूरा किया गया। 2024 के बजट में भी इस प्रोजेक्ट के लिए 1 हजार रुपये की टोकन राशि दी गई थी, लेकिन अब इसे 18,036 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल गई है। यह राशि आगामी बजट में उपलब्ध कराई जाएगी। 309 किलोमीटर लंबी यह रेल लाइन इंदौर से महाराष्ट्र के मनमाड़ तक बिछाई जाएगी, जिससे करीब 30 लाख की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। रेलवे ने भूमि स्वामियों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर 16 जोड़ी यात्री ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

### रिक्शा ड्राइवर को लूटने वाले तीनों पकड़ाए

**इंदौर।** तुकोगंज में नशेड़ी युवती और उसके दो साथी युवकों ने मिलकर एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर के साथ लूट की वारदात की। ऑटो ड्रायवर थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने कुछ ही देर में फुटेज के आधार पर तीनों को पकड़ लिया। उन्होंने वारदात करना कबूल किया है। तुकोगंज पुलिस ने सुरेन्द्र सोलंकी निवासी कृष्णबाग कॉलोनी की शिकायत पर गोलू, आकाश और वंशिका पर लूट का केस दर्ज किया है। सुरेन्द्र ने बताया कि वह सुबह करीब 5:30 बजे रेलवे स्टेशन से सवारी छोड़कर विजयनगर जा रहा था। सुबह जब वह राजकुमार ब्रिज के यहां सांई होटल वल्लभ नगर के पास पहुंचा तो वहां तीनों एक्टिवा से सामने आए और ऑटो रिक्शा रोक ली। इसके बाद तीनों धमकाते हुए जेब में हाथ डालकर रुपए निकाल लिए। आरोपी रुपए निकालने के बाद सिर पर हमला कर फरार हो गए। सुरेन्द्र ने पुलिस को एक्टिवा के नंबर बताए। इसके बाद पुलिस ने इलाके के फुटेज देखे ओर तीनों को पकड़

## शहर में अब हाथ ठेले पर भी दो डस्टबिन अनिवार्य

### निगम की टीम ने एनजीओ के साथ मिलकर दी समझाइश

सत्ता सुधार ■ इंदौर

देश में स्वच्छता के पर्याय बन चुके इंदौर शहर में अब हाथ ठेले पर भी दो डस्टबिन रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नियम का उल्लंघन करने वाले ठेला चालकों को चेतावनी देने का कार्य शुरू हो गया है। अब जो ठेले पर दो डस्टबिन नहीं मिलेगी तो उसका चालान बनाकर उससे जुर्माने की राशि वसूल की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि इंदौर शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में नए कार्य करते हुए बेहतर परिणाम देने की कोशिश लगातार जारी है। इस बार इंदौर लगातार आठवें वर्ष स्वच्छता में सिरमौर बनने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहा है। इसके तहत अब यह प्रावधान कर दिया गया है कि शहर में जगह-जगह खड़े रहकर अथवा घूम कर सामान बेचने वाले हाथ ठेला पर भी दो डस्टबिन होना आवश्यक है। डस्टबिन एक सूखे कचरे और एक गीले कचरे की होगी। इस नियम का पालन नहीं करने वाले हाथ ठेला चालकों का चालान बनाकर उनसे जुर्माना वसूल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिशा में कार्रवाई करने के पहले नगर निगम के द्वारा जनजागरण का अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत निगम की टीम और निगम से जुड़े हुए स्वयंसेवी संगठन बेसिक्स की टीम के द्वारा वार्ड क्रमांक 12 और 17 में जन जागरण अभियान चलाया गया। इन वार्ड में खड़े रहने वाले हाथ ठेला पर जाकर इस ठेला के संचालक को यह समझाइश दी गई कि अब वह दो डस्टबिन रखना शुरू कर दें। इस अभियान के दौरान कुशवाहा नगर की सब्जी मंडी में भी समझाइश दी गई। इसके बाद भी यदि ठेला चालकों के द्वारा इस नियम का पालन करने में तत्परता नहीं दिखाई जाएगी तो फिर आगे की कार्रवाई होगी।



अमावस्या पर इंदौर के शिविर से बांटा गया केसरिया भात

# इंदौर से प्रयागराज गए हजारों श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित

सत्ता सुधार ■ इंदौर

प्रयागराज के कुंभ में इस समय भारी भीड़ उमड़ी हुई है। पूरे कुंभ क्षेत्र में वाहनों का चलना पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। सड़क पर इतनी भीड़ है कि पैर रखने की भी जगह नहीं है। लोगों के लिए सड़क पर चल पाना भी मुश्किल हो गया है। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला अभी भी बरकरार है। इंदौर से इस कुंभ में भाग लेने के लिए गए सभी हजारों नागरिक सुरक्षित हैं।

मौनी अमावस्या के मौके पर इस कुंभ में इंदौर के शिविर से श्रद्धालुओं को 30 क्विंटल केसरिया भात बांटा गया। मंगलवार और बुधवार के दरमियानी रात में आधी रात के बाद कुंभ क्षेत्र में भगदड़ मचने से 30 की मौत हो गई। इसके साथ ही सरकार के द्वारा यह भी जानकारी दी गई है कि मौनी अमावस्या के दिन बुधवार को कुंभ क्षेत्र में स्नान कर पुण्य पाने के लिए 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु देशभर से पहुंचे हैं।

कुंभ क्षेत्र में साधु संतों के सैकड़ों शिविर लगे हुए हैं। इन शिविर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु ठहरे हुए हैं। इसके अतिरिक्त लॉज, होटल में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठहरे हुए हैं। इसके साथ ही लाखों लोग सड़क के किनारे ही डेरा डाले हुए है। इंदौर के एयरपोर्ट रोड पर स्थित विद्या धाम मंदिर का भी शिविर इस कुंभ क्षेत्र में लगा हुआ है। वहां पर 1500 नागरिक ठहरे हुए हैं। इस शिविर की व्यवस्था को संभाल रहे पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि शिविर में पहुंचे इंदौर के हजारों नागरिक पूरी तरह से सुरक्षित है। किसी भी नागरिक को कोई क्षति नहीं पहुंची है। महाकुंभ के दौरान आधी रात के बाद भगदड़ मचने की स्थिति बनी थी। इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि रोड पर बड़ी संख्या में लोग सोए हुए थे। उस समय पर लाखों लोग स्नान करने के लिए जाने लगे। इस दौरान भगदड़ मच गई तो उससे सड़क और सड़क के किनारे के बीच में लगाई हुई रेलिंग टूट गई। इस रेलिंग के टूट जाने से सोए हुए लोगों पर पैदल चलने वाले लोग चढ़ गए, जिसके चलते लोगों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि अखाड़े के द्वारा शाही स्नान नहीं करने का जो फैसला लिया गया वह जनता के हित में लिया गया है। इस फैसले का परिणाम यह हुआ कि बुधवार के दिन देर रात तक प्रयागराज के कुंभ के क्षेत्र में लोगों की खूब भीड़ बनी हुई थी और लोग स्नान कर पुण्य हासिल कर रहे थे। श्री विद्या धाम के शिविर से इस कुंभ में पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए केसरिया भात यानी मीठे चावल का वितरण किया गया। एक क्विंटल केसरिया भात का वितरण मात्र 45 मिनट में हो रहा था। कल दिन भर में इस शिविर के बाहर से 30 क्विंटल केसरिया भात का वितरण किया गया। इसके साथ ही खिचड़ी, हलवा और सब्जी-पूड़ी का भी वितरण किया गया।



## कचरा गाड़ी ने सेवानिवृत कर्मचारी को टक्कर मारी, 2 घायल

### गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन में साथियों से मिलने पहुंचे थे, सीसीटीवी फुटेज आए सामने

**इंदौर।** आजाद नगर में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर बुधवार दोपहर हादसे में एक सेवानिवृत कर्मचारी की मौत हो गई। जबकि यहां काम करने वाले दो कर्मचारी घायल हो गए। अफसरों ने हेल्पर द्वारा गाड़ी रिवर्स किए जाने को लेकर हादसे की बात कही। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए है। जिसमें कचरा गाड़ी तेजी से अंदर जाने के बाद टक्कर मारते हुए दिख रही है। आजाद नगर पुलिस नगर निगम के कचरा स्टेशन पर हुए हादसे को लेकर जांच कर रही है। इस हादसे में सेवानिवृत कर्मचारी हबीब पुत्र सफी शाह निवासी मीना पैलेस आजाद नगर की स्टेशन के अंदर मौत हो गई। जबकि विक्रम और वीरेंद्र घायल हुए है। पुलिस ने जब हादसे के फुटेज देखे तो उसमें कचरा गाड़ी तेजी से अंदर की तरफ आते हुए दिखी है। इसके बाद उसने वहां साथियों के साथ बात कर रहे हबीब और अन्य को टक्कर मारी है। मृतक यहां अपने साथियों से मिलने पहुंचे थे। हादसे के बाद नगर निगम के अफसर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने कचरा गाड़ी प्लांट पर खड़ी की थी। जिसमें हेल्पर विकास ने रिवर्स करने के दौरान एक्सीलेटर दबाया और हादसा हो गया। जबकि पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में तेजी से कचरा गाडी अंदर आते हुए दिखी है। इसके बाद उसने यहां खड़े कर्मचारियों को टक्कर मारी।

# शहर में किसी भी मार्ग पर नहीं है पार्किंग की व्यवस्था, आए दिन लगता है जाम

## शहर से अतिक्रमण हटाने में जिला प्रशासन, नगर निगम हुई फेल, बेसमेंट फिर से हुए गुलजार

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिला प्रशासन एवं नगर निगम की लापरवाही के कारण शहर के सभी व्यस्ततम मार्गों पर भयंकर अतिक्रमण पसरा हुआ है और कहीं भी पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, जिस कारण शहर के मार्गों पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। प्रशासन द्वारा सड़कों पर गलत तरीके से खड़े किए जा रहे वाहनों पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। शहर के शिक्षा नगर मार्ग पर बाइक मरम्मत करने वालों ने पूरे मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है, जिससे यहां भी दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। हाल ही में शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन वह भी फे ल हो गई और निगम प्रशासन ने एक महीने की मोहलत देकर छोड़ दिया, अब कोई सुध नहीं ले रहा है। इधर शहर की बिल्डिंग में संचालित बेसमेंट भी फिर से खुल गए हैं और उनमें गोदाम और कारोबार संचालित हो रहा है।

शहर की यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। एमएस रोड हो अथवा हाईवे या शहर के अन्य व्यस्ततम मार्ग सभी पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखे हैं, तो वहीं मुख्य एमएस रोड पर तमाम शासकीय, अशासकीय दफ्तर, बैंक मौजूद है, जिनके पास पार्किंग के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। तमाम कमर्शियल बिल्डिंगों में पार्किंग के लिए बेसमेंट दिए गए हैं, लेकिन इन बेसमेंट में पार्किंग ना होकर व्यापार चल रहा है तो कहीं गोदाम बनाए हुए हैं। पिछले वर्ष जब दिल्ली में बेसमेंट के अंदर हादसा हुआ था, तब उसके बाद मध्य प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में जिला प्रशासन के आदेश पर नगर निगम ने सभी बेसमेंट को सील किया था और उन्हें रैंप बनाकर पार्किंग करने को कहा। कुछ दिन तक यह मामला चला और बाद में ठंड पड़ गया। एक बार फिर से बेसमेंट खुल गए हैं और उनमें वही पुराना कारोबार चल रहा है। पार्किंग व्यवस्था न होने से लोग सड़कों पर वाहन पार्किंग कर रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है और दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। शहर के प्रमुख बाजारों सदर बाजार, स्टेशन रोड, झंडा चौक में हाथ खेल एवं फुटपाथ वालों को हटाने के लिए नगर निगम प्रशासन ने एक महापूर्व कार्रवाई की थी, लेकिन हाथ ठेले वालों के प्रदर्शन के आगे तथा सर्दी के माल का बहाना बनाकर ठेले फिर से स्थापित कर दिए गए, तब भी निगम प्रशासन ने कहा था कि एक माह बाद उन्हें हॉकर्स जोन में शिफ्ट किया जाएगा, लेकिन लगता है कि निगम प्रशासन अब अपने वादे को भूल गया है। शहर के बाजार फिर से पुरानी स्थिति में है, यहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। शहर के सभी मार्गों पर दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण किए गए हैं, जिससे यातायात व्यवस्था सुधारने का काम नहीं हो पा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### जिला कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि




**मुरैना।** जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि सदर बाजार स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण संगठन मंत्री सुभाष सिंह सिकरवार एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर उनको याद किया। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण संगठन मंत्री सुभाष सिंह सिकरवार ने गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन हमारे लिए स्वाधीनता आंदोलन के मूल्यों को स्मरण करने और उनके प्रति अपना संकल्प दोहराने का दिन है। महात्मा गांधी जी के प्रेरणास्पद नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश को आजाद कराया था और सर्व धर्म सम भाव का मंत्र दिया था।


### शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट में दो मिनिट का मौन धारण किया गया

**मुरैना।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में गुरूवार को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्टर अंकित अस्थाना, अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद की उपस्थिति में 2 मिनिट का मौन रखा गया। शहीदों की स्मृति के सम्मान में सभी कार्य और गतिविधियां रोककर 2 मिनिट का मौन रखा गया। दो मिनिट का मौन शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर दी गई। जहाँ सायरन उपलब्ध नहीं था वहाँ कार्य विधि अपनाई गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर शुभम शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मेघा तिवारी, अतिरिक्त जिला सीईओ आरके गोस्वामी, आबकारी अधिकारी जितेन्द्र सिंह गुर्जर, अतिरिक्त जिला कोषालय अधिकारी सूर्यवंशी सहित मत्स्य, भू-अभिलेख के अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### गम्भीर बीमारी का होगाा ईलाज, सबलगढ में लगेगा वृहद स्वास्थ्य शिविर

**सबलगढ़।** रोटरी में मेडिकल मिशन राहत- 2 के तहत के तहत मध्य प्रदेश शासन रोटरी डिस्ट्रिक्ट व राजकृष्ण तनखा फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य शिविर सबलगढ़ में 31 जनवरी और 1 फरवरी व 6 फरवरी टेंटरा व 7 फरवरी को रामपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा, जिसमें बाहर से आए हुए डॉक्टर हॉस्पिटल में मरीजों का इलाज किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष बसंत बंसल का कहना है कि इस शिविर में सबलगढ़ के अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठायें। इस फाउंडेशन का उद्देश्य है कि जो गरीब लोग है उन्हें उचित इलाज मिल सके। इस संस्थान के जरिए लोगों को गम्भीर बीमारी का इलाज भी किया जाएगा, जिसमें मैडिसन, सर्जरी, नेत्र रोग, स्त्री रोग, ईएनटी, बाल रोग, हड्डी रोग, दंत रोग, कैंसर, बच्चों के दिल में छेद, कटे-फटे होठ एवं तातू के ऑपरेशन भी किये जाएंगे। रोटरी मेडिकल मिशन के शिविरों के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष बसंत बंसल को लोकल कॉर्डिनेटर एवं डॉ रेवानंद शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में हेलीकॉप्टर से होगी रत्न और पुष्पवर्षा



### आयोजन कमेटी ने जारी किया कार्यक्रमों का कैलेंडर

सत्ता सुधार ■ मुरैना

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के कार्यक्रमों का केलेंडर जारी कर दिया गया है। इसमें 05 से 10 फरवरी तक होने वाले 6 दिवसीय आयोजन की रुपरेखा दर्शाई गई है। इसमें लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पांडुकशिला पर श्रीजी का 1008 कलशों से अभिषेक किया जाएगा और हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएंगी, साथ ही 31 फुट की भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी।

श्री दिगंबर जैन तीर्थ अतिशय क्षेत्र सिहोनिया में श्री मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव में 07 फरवरी को तीर्थंकर भगवान का जन्म कल्याणक मनाया जायेगा। इस दिन पांडुकशिला पर श्रीजी का 1008 कलशों से अभिषेक किया जाएगा और हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएंगी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व राजस्थान से जैन समाज के लोग शामिल होंगे। जैन समाज अम्बाह के अध्यक्ष एवं अतिशय क्षेत्र सिहोनियां के परम संरक्षक द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा व रत्नों की वर्षा होगी. फूलों की पंखुड़ियां को हेलिकॉप्टर के माध्यम से मेला क्षेत्र के श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। महोत्सव की सभी क्रियाएं प्रतिष्ठाचार्य मनोज जैन शास्त्री अहारजी के मार्गदर्शन में संपन्न होंगी। मुख्य प्रतिष्ठाचार्य के साथ 11 अन्य विद्वानों की टीम भी सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेगी। संगीतकार के रूप में ऋषभ जैन सरस दिल्ली अपनी प्रस्तुति देगें। छः दिवसीय आयोजन में 05 फरवरी को ध्वजारोहण के साथ गर्भ कल्याणक पूर्व रूप, 06 फरवरी को गर्भ कल्याणक उत्तर क्रिया, 07 फरवरी को जन्म कल्याणक, 08 फरवरी को तप कल्याणक, 09 फरवरी को ज्ञान कल्याणक, 10 फरवरी को मोक्ष कल्याणक के संस्कार किए जायेगें।

### भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी

यह आयोजन भगवान के जन्म कल्याणक के दिन किया जाएगा। जैन ने बताया कि आचार्य श्री वसुनंदीजी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में होने जा रहे श्री मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक महोत्सव में कमल मंदिर, पंच मानस्तंभ, सहित 31 फुट की भगवान शांतिनाथ की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस महोत्सव को संपन्न कराने हेतु पूज्य आचार्यश्री वसुनंदीजी महाराज का अपने 26 शिष्यों के साथ जैन तीर्थ सिहोनिया जी में जल्द आगमन होगा।

# पुरस्कार वितरण के साथ आनंद उत्सव का समापन सोल्जर स्कूल के बच्चों ने किया का उत्कृष्ट प्रदर्शन



सत्ता सुधार ■ जौरा

नगर परिषद जौरा द्वारा आयोजित आनंद उत्सव का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ गुरूवार को संपन्न हुआ। नगर परिषद जौरा द्वारा 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमो की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो स्कूली बच्चों के साथ हर आयु वर्ग के महिला-पुरुषों ने भाग लिया। इस दौरान नपा अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी मुख्य रूप से मौजूद रहें। कार्यक्रम में मौजूद नपा अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के साथ खेल कूद भी जिंदगी का हिस्सा है, खेल कूद गतिविधियों से ना सिर्फ मानसिक विकास होता है बल्कि खेल हमें शारीरिक रूप से फिट रखने में मदद करते हैं। इसलिए बच्चों को इस प्रकार के आयोजनों में बड़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम में सोल्जर अकैडमी स्कूल ने समूह नृत्य में प्रथम, खो-खो प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं ने प्रथम, पिट्ठू सितोलिया प्रतियोगिता में बालक और बालिकाओं ने प्रथम तथा कबड्डी प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रस्सा कसी प्रतियोगिता में बालक प्रथम एवं बालिकाएं द्वितीय स्थान पर रही। नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी व सीएमओ वीरेंद्र रावत द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नगर परिषद जौरा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डी.के. शर्मा ,ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी श्रीराम त्यागी सोल्जर्स अकैडमी हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक दिनेश सिंह जादौन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोना गुप्ता सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### भाजपा जिलाध्यक्ष कुशवाह के आगमन पर नपा अध्यक्ष माहेश्वरी ने किया स्वागत

**जौरा।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कमलेश कुशवाह के जौरा आगमन पर नपा अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने पार्षदों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पहार पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष का पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार रजौधा, नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी, मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, भाजपा नेता कैलाश मित्तल, मनोज सिंह सिकरवार गुर्जा, भाजपा नेता भानुप्रताप सिंह सिकरवार, अनुज सिंह सिकरवार, पूर्व मंडल अध्यक्ष शगुन चंद्र जैन, पार्षद विनोद बंटी रावत, कदम सिंह कुशवाह, डॉ रवीन्द्र त्यागी, बीरबल सिंह जाटव, शिवदयाल सिंह गौर, सुनीता पंजाब सिंह जाटव, संगीता अनिल वर्मा, डॉ.आशाराम कुशवाह सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# जेएसी मुरैना जागृति ने बसंत पंचमी पर किए कार्यक्रम




सत्ता सुधार ■ मुरैना

जेएसी मुरैना जागृति की सदस्यों ने बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में खास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने मां सरस्वती की पूजा की और गीत-संगीत के साथ बसंत ऋतु का स्वागत किया। कार्यक्रम में बसंती थीम पर आधारित गेम्स भी खेले गए, जिनमें सभी सदस्यों ने उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी की।

जेएसी मुरैना जागृति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संगठन की सभी मेम्बर्स बसंती परिधान पहनकर पहुंचीं थीं। सबसे पहले उन्होंने मां वीणापाणि की आराधना की और एक-दूसरे को बसंत पंचमी पर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद संगठन की अध्यक्ष भावना जैन ने कहा कि बसंती रंग सात्विक प्रवृत्ति का प्रतीक माना जाता है, साथ ही सादगी और निर्मलता को भी दर्शाता है। इस रंग का संबंध आध्यात्मिकता से भी है। सचिव भारती मोदी और कोषाध्यक्ष नीता बांदिल ने भी बंसत पंचमी के बारे में खास जानकारियां जेएसी मेम्बर्स को दीं। इसके बाद कार्यक्रम की संयोजक ललिता गोयल और अनुराधा गर्ग ने खुलजा सिम-सिम और तंबोला आदि गेम्स कराए। खास बात यह कि इन गेम्स में जो प्रश्न पूछे गए, वे बसन्त पंचमी पर ही आधारित थे। गेम्स में जिन मेम्बर्स ने बेहतर प्रदर्शन किया, उन्हें पुरस्कार दिए गए। गेम्स के अलावा संगठन की सदस्यों ने बसंत पंचमी के गीत गाये और पारंपरिक नृत्य भी किया। अन्त में सभी ने भोजन किया। मेन्यू में अधिकांश चीजें पीले रंग की रखी गई थीं। जेएसी मुरैना जागृति के इस पहले सामूहिक कार्यक्रम में कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

#### तय की सेवा कार्यों की रूपरेखा

बसंत पंचमी के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में जेएसी मुरैना जागृति की सदस्यों ने सालभर चलने वाले सेवा कार्यों की रूपरेखा भी तय की। संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि अब हमें इस तरह के काम करने हैं, जो जरूरतमंदों के लिए सीधे मददगार साबित हों। खासकर महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों की हेल्प से जुड़ी एक्टिविटीज पर हमारा फोकस रहेगा। इसके अलावा हर साल आयोजित किये जाने वाले रूटीन कार्यक्रमों पर भी संगठन की सदस्यों ने चर्चा की। सभी ने संकल्प लिया कि बीते 15 वर्षों की तरह आगे भी जनहित के कार्यों को जारी रखा जाएगा।

### गौ सेवक हरेंद्र मंसूरिया बने गौ रक्षा दल के नगर अध्यक्ष



**मुरैना।** गौरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश प्रधान व प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह सिसोदिया के निर्देशन में प्रदेश महामंत्री व गौ सांसद रुद्रप्रताप सिंह की अनुशंसा पर संभागीय अध्यक्ष सौरभ कुशवाह के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष राहुल राठौर के द्वारा गौसेवक हरेंद्र मंसूरिया को उनकी गौ भक्ति विचारधारा को देखकर गौ रक्षा दल मुरैना के नगर अध्यक्ष के दायित्व पर नियक्त किया गया।हरेंद्र मंसूरिया की नियुक्ति पर गौसेवकों ने डांग वाले हनुमान मंदिर पर पहुंचकर मंदिर के महंत शिवचरण गिरी से आशीर्वाद लिया व नवनियुक्त नगर अध्यक्ष हरेंद्र का पुष्प मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में किशोर मंसूरिया, दीपक, प्रमोद, विनोद, मुनेंद्र, अजय सिंह, गोलू सिंह, बंटी सेंगर, प्रिंस बंसल आदि मौजूद रहे।

# मान्यता के लिए रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट नियम का विरोध, बंद रहे शहर के सभी निजी स्कूल

### प्रायवेट स्कूल एसोशिएशन के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ जौरा



शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों की मान्यता रिनुअल करने के नियमों में किए गए बदलाव के विरोध में गुरूवार को निजी स्कूल संचालकों ने प्रायवेट स्कूल एसोशियन के आव्हान पर विधालयों में छात्र-छात्राओं का अवकाश घोषित कर स्कूल बंद रखकर विरोध जताया है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विद्याराम प्रजापति ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों की मान्यताओं को लेकर कई नियमों में बदलाव कर दिया है, ऐसे में निजी स्कूल संचालक उन्हें पूरा करने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों की मान्यताओं को लेकर किए गए बदलाव के विरोध में गुरुवार को प्रदेश भर में निजी स्कूल संचालकों ने स्कूल बंद रखकर ना सिर्फ शिक्षा विभाग का विरोध जताया बल्कि जिला स्तर पर कलेक्टर एवं ब्लॉक स्तर पर अनुविभागीय अधिकारीयों को ज्ञापन सौंपे। प्राइवेट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्षप्रजापति ने कहा कि संपूर्ण मध्य प्रदेश में संयुक्त निजी स्कूल संचालक संघ के आवाहन पर निजी विद्यालयों को बंद रखा गया। इसी क्रम में मुरैना जिले के विभिन्न विकास खंडों एवं जिले मुख्यालय पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारीयों के नेतृत्व में सैकड़ो स्कूल संचालकों ने विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर निजी विद्यालयों की मान्यता के नवीनीकरण में उत्पन्न हो रही समस्याओं के समाधान हेतु एवं आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने हेतु एक वर्ष का समय मांगते हुए एक वर्ष तक सभी विद्यालयों की मान्यता वृद्धि की जाए। इस दौरान सैकड़ो निजी स्कूल संचालक मौजूद रहे।



## ब्रीफ न्यूज

### नवागत जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने पदभार ग्रहण किया



**सीहोर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2018 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ नेहा जैन ने सीहोर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया । आईएएस अधिकारी डॉ नेहा जैन सीहोर पदस्थापना से पहले अशोक नगर में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर पदस्थ थीं। पदभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने कलेक्टर बालागुरू के. से भेंट की। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद डॉ नेहा जैन ने जिला पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर सभी से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में चल रहे पंचायत तथा ग्रामीण विकास के कार्यो की जानकारी ली।

### कचहरी परिसर के सामने जय स्तंभ का हुआ जीणोद्धार

**हरदा।** आजादी के जश्न के रूप में स्थापित 1947 में नगर के मध्य स्थित कचहरी परिसर के सामने एबीएम ग्राउंड पर जय स्तंभ का निर्माण किया गया था जो कई वर्षों से क्षतिग्रस्त हालत में था समाजसेवी एवं कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि संजय कमलचंद जैन द्वारा लगातार इस और जिला प्रशासन जनप्रतिनिधि नगर पालिका नगर परिषद को बार-बार इसका जीणोद्धार एवं सुंदरीकरण हेतु कहा जा रहा था लिखा जा रहा था और उनकी वर्षो पुरानी मांग को जिला कलेक्टर आदित्य प्रताप सिंह जी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद के तत्व दहन में विधायक डॉक्टर आर के दोगने के मार्गदर्शन में एवं नगर पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में इस आजादी के जसन के रूप में स्थापित जय स्तंभ का जीणोद्धार का कुछ हद तक सौंदर्य करण का कार्य किया गया। शेष भी शीघ्रता से किया जाए इसकी मांग रखता हूं साथ ही सभी पत्रकार साथी यो और जनप्रतिनिधियों एवं मेरे से एवं मेरे साथ जुड़ी हुई संस्थाओं का आभार।

### डैम के डूब क्षेत्र में आई किसानो की भूमि का मुआवजा राशि प्रदान करने ज्ञापन सौंपा



**सीहोर।** सेवादल कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले ने साथियों सहित जिले के कलेक्टर वालागुरु के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत से भेंट कर ज्ञापन सोपा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीताराम भारती द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। इस अवसर पर खंगराले ने बताया कि जावर तहसील में सन 2021 से कन्या खेड़ी डैम का निमाज़्ण किया जा रहा है डैम के डूब क्षेत्र में आई सिंचित भूमि के कृषिको को मुआवजा राशि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भू अर्जन अधिकारी आष्टा द्वारा कई वास्तविक किसानों के नाम नहीं जोड़े गए हैं जिनकी खेती, कुआं, फलदार वृक्ष, एवं मकान आदि डूब क्षेत्र में आ गए है। तथा उन किसानों की निजी भूमि है। कई कृषकों को मुआवजा राशि का भुगतान किया जा चुका है किंतु वास्तविक पीडित हकदार किसान कार्यालय के आज भी चक्कर काट रहे हैं।

---

शुरूआत सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था सेस का उड़ानोत्सव 2025 संपन्न

**आलोक अग्रवाल, भारत झंवर, संदीप कुमार शर्मा और सुनील जैन के साथ ही विकास संवाद समिति भोपाल और कर्मवीर विद्यापीठ खंडवा को मिला गणतंत्र के रक्षक अवार्ड**

# दुनिया में अपनी तरह का इकलौता है भारत का गणतंत्र

सत्ता सुधार ■ खंडवा

हमारे संविधान की जो भूमिका है उसकी शुरूआत में ही लिखा है हम भारत के लोग। दुनिया में कहीं भी ऐसा गणतंत्र नहीं है जो खुद के द्वारा बनाया हुआ हो, खुद अपने आपको अर्पित किया हो और खुद ने संकल्प लिया हो कि हम अपने गणतंत्र को किस तरह चलाएंगे। यह बात गणतंत्र के रक्षक अवार्ड समारोह में ख्यात पत्रकार और लेखक राजेश बादल ने कही। वे शुरूआत सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था सेस द्वारा आयोजित उड़ानोत्सव 2025 के तहत गौरीकुंज सभागृह में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा राजा रानियों और अंग्रेजों ने इस देश को हजारों साल तक लूटा। राजा के मुंह से जो निकल जाए वही संविधान हो जाता था किसी से नाराज हो गए तो उसका सिर काट दिया जाता। यही काम अंग्रेजों ने भी किया। इंग्लैंड में फांसी देने के सबसे क्रूर तरीके अपनाए ऐसा ही उन्होंने भारत में भी किया। कटनी के पास मुडवारा गांव का नाम ही इसलिए पड़ा कि वहां एक पेड़ था जिसपर 150 लाशें कई दिन तक लटकती रहीं। ऐसी गुलामी के बाद संविधान में हमें सबसे पहले क्या चाहिए था सभी नागरिकों में समानता। हमें समानता का हक हमारा संविधान देता है अफसोस की बात यह है कि संविधान अदालतों के उपयोग की चीज बनकर रहा



गया है। महापौर अमृता अमर यादव ने कहा जब संविधान की बात आती है तो आम भारतीय की बात आती है। जनता को उनके अधिकार मिले यही संविधान की मूल भावना है। हम संविधान के प्रकाश में ही काम कर रहे हैं और गणतंत्र की रक्षा के लिए सभी कटिबद्ध हैं। श्री राजेश बादल, महापौर श्रीम?ती अमृता अमर यादव, शहर काजी सैयद निसार अली, गुरुद्वारा के प्रमुख ग्रंथी ज्ञानी जसबीरसिंह राणा के साथ ही गणतंत्र के रक्षक अवार्ड के निर्णायक श्री प्रमोद चतुर्वेदी, श्री प्रकाश माइकल, श्रीमती सीमा माइकल और सेस की अध्यक्ष श्रीमती शबीना शेख सिद्दीकी ने अवार्ड वितरित किए। कार्यक्रम संयोजक आसिफ सिद्दीकी ने बताया कि इस साल यह अवार्ड नर्मदा बचाओ आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता श्री आलोक अग्रवाल, रेडक्रास सोसायटी के स्टेट वाइस चयरमैन श्री भारत झंवर, पर्यावरण संरक्षण पर लगातार लेखन करने वाले पत्रकार श्री संदीप शर्मा और त्यागे गए बच्चों की देखरेख व लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने वाले श्री सुनील जैन को दिया गया। पहली बार दो संस्थाओं को भी यह अवार्ड दिया गया। इनमें कुपोषण और संविधान पर करने वाली भोपाल की संस्था विकास संवाद समिति और पिछले 25 वर्षों से खंडवा में पत्रकारिता की शिक्षा देने वाले संस्थान कर्मवीर विद्यापीठ शामिल हैं। विकास संवाद की ओर से श्री राकेश मालवीय और कर्मवीर विद्यापीठ की ओर से डायरेक्टर प्रो. डॉ. मनोज निवारिया ने अपनी टीम के साथ यह अवार्ड ग्रहण किया, आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल मंडलोई ने किया एवं आभार आसिफ सबीना सिद्दीकी ने माना।

---

# समृद्धी खुशियाली के लिए सड़कों का दुरूस्त होना जरूरीः विधायक राय

## गांवों को जोडने़ वाली सड़के चोड़ी और गुणवत्तापूर्ण बनेंगी

सत्ता सुधार ■ सीहोर

विधायक सुदेश राय ने गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र के चार गांवों में बुजुर्गो से पांच करोड़ रूपये से अधिक की लागत राशि से बनने वाली चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन संपन्न कराया। भूमिपूजन कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमुह को विधायक सुदेश राय ने संबोधित किया उन्होने कहा की गांवों को जोडने़ वाली चारों सड़के चोड़ी और गुणवत्तापूर्ण बनेंगी,गांवों की समृद्धी खुशियाली के लिए सड़कों का दुरूस्त होना जरूरी है। जनपद सदस्यों सरपंचों पंचों क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्षों पदाधिकारियों ग्रामीणों के द्वारा गांवों में पहुंचने पर विधायक सुदेश राय का जोरदार ढोल ढमाकों के साथ पुष्प मालाऐं पहनाकर पगड़ी बांधकर अतिशबाजी चलाकर भव्य स्वागत किया गया।

विधायक सुदेश राय ने स्वयं सड़कों का भूमि पूजन नहीं करते हुए विधिविधान से ग्राम कतपोन क्रेशर से हालियाभील तक एक करोड़ 11 लाख .94 हजार रूपयें से बनने वाली 1.40 किलो मीटर सड़क और मोतीपुरा



से मगरदा तक एक करोड़ 21 लाख 44 हजार रूपये से बनने वाली 2 किलोमीटर की सड़क एवं सौंठी से सोंठीपुरा तक एक करोड़ 60 लाख 30 हजार रूपये से बनने वाली 1.50 किलोमीटर सड़क और घाटपलासी से सोंडा तक एक करोड़ 68 लाख 43 हजार रूपये की लागत से बनने वाली की 2.20 किलो मीटर डामर सड़क का भूमि पूजन गांव के ही बुजुर्गो से मंत्रोंउचार के मध्य सम्पन्न कराया और फूल मालाऐं पहनाकर बुजुर्गो का सम्मान भी किया।

**पीएम ने दी दो हजार करोड़ की योजनाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सासंद आलोक शर्मा क्षेत्र की तरक्की में बड़ी सहभागीता निभा रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने क्षेत्र के लिए दो हजार पांच सौ करोड़ की बड़ी सिंचाई योजना की सौगात दी है। क्षेत्र में लाखों करोड़ों नहीं खरवों के रूपये के निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों में हो रहे है गांवों में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए लगातार हम कार्य कर रहे है। नई डामर सड़कों से ग्रामीणों को आवागमन में भी बड़ी राहत मिलेगी और रहवासियों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।तत्पश्चात विधायक सुदेश राय के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों से विभिन्न विकास कार्यो को लेकर चर्चा की गई गांवों में कुछ ग्रामीणों के द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए विधायक राय को आवेदन भी दिए गए। उन्होने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन आवेदनकताओं को दिया।

### किसानों की परेशानियों को समझता हूं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा की आपका में सेवक हूं गांव की समृद्धी खुशियाली मेरे लिए प्रथम है, गांव मेरे हदृय में बसता है में भी किसान हूं किसानों की परेशानियों को समझता हूं अनाज को मंडी या खरीदी केंदों तक ले जाने में सड़कों का दुरूस्त होना बहुत जरूरी है यह सभी सड़के चोड़ी और गुणवत्तापूर्ण बनेंगी बारिश में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होने कहा की पंद्रह वर्ष पहले गांव कैसे थे और अब कैसे है पहले के गांवों में मौजूद सड़कों स्कूलों को देखों और अब देखों तस्वीर बदली नजर आएगी यह सब भारतीय जनता पार्टी का कमाल है।

---

कथा के साथ किया जाएगा पार्थिव शिव पूजन

## नदियों में नर्मदा सर्वश्रेष्ठ है जिसका पुराण और परिक्रमा होती हैः उपाध्याय



सत्ता सुधार ■ सीहोर

मां नर्मदा सभी नदियों में सर्वश्रेष्ठ है। जिसका पुराण और परिक्रमा होती है। इसके तट पर हर रोज हजारों की संख्या में संत-महात्मा ध्यान करते है। उक्त विचार शहर के ब्रह्मपुरी कालोनी स्थित चमत्कालेश्वर महादेव मंदिर में जारी संगीतमय नर्मदा पुराण के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। उन्होंने कहा कि नर्मदा का हर कंकर शिव के रूप में वंदनीय है। समस्त महिला मंडल ब्रह्मपुरी कालोनी के तत्वाधान जारी सात दिवसीय कथा में तीन दिवसीय शिव पार्थिव पूजन का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 31 से तीन फरवरी तक पूजन का आयोजन किया जाएगा। कथा दोपहर एक बजे से चार बजे तक जारी रहती है। उन्होंने गुरुवार को माता सती और भगवान शिव का प्रसंग बताते हुए कहा कि शक एक ऐसी बीमारी है, जो अच्छे से अच्छे रिश्ते को भी तोड़ देती है। इस बीमारी का ना तो कोई इलाज है और ना ही कोई दवा। परंतु ऐसा नहीं कि संशय केवल मनुष्यों को होता है। इस बीमारी से तो देवी-देवता और दिव्य पुरुष भी अछूते नहीं हैं।

इस पर भगवान शिव ने उत्तर दिया, मैं अपने इष्ट प्रभु राम को प्रणाम कर रहा हूं, जिनकी कथा अभी अभी आप और मैं श्रवण करके आ रहे हैं। तब माता सती ने भगवान राम को देखा और उन्हें सीता जी के वियोग में ऐसे रोता-बिलखता और दर-दर भटकता देख उन्हें उनपर संदेह हो गया कि सच में वह भगवान हैं भी या नहीं। यह संदेह उन्होंने भगवान शिव के सामने प्रस्तुत किया जिसे सुन बाबा भोलेनाथ ने उन्हें समझाने की बहुत कोशिश की लेकिन उन्हें कुछ समझ ना आया, तब भोलेनाथ ने माता सती को उनके विश्वास के लिए भगवान राम की परीक्षा लेने को कहा, और साथ ही हिदायत दी कि परीक्षा विवेकपूर्ण तरीके से ही लें अन्यथा नहीं।

---

कैलाश नगर में श्री शिवमहापुराण ज्ञान गंगा यज्ञ कथा का तीसरा दिन

## शास्त्रों में सनातन हैं शिव साधनाः कैलाशचंद्र डोंगरे

**खंडवा।** वैदिक सनातन संस्कृति में प्रथम आराध्य गणेश , दुर्गा, सूर्य और परमात्मा विष्णु के अतिरिक्त पंच देवों में देवाधिदेव भगवान शिव शंकर सम्मिलित हैं। इन पांच देवताओं के पूजन-अर्चन का विधान पुरातन है। वेदों से लेकर आधुनिक संस्कृत साहित्य तक पंचदेवों पर शास्त्रों में उल्लेख है। सनातन को बांटने में कई पंथ अलग अलग हुए पर शिव की भक्ति की शक्ति ही है की सनातन को एक सूत्र में पिरोये हुए है। सभी पंथ का अंतिम मिलान भोले नाथ की शरण में है। यही कारण है कि सनातन धर्म सभी पंथों को भी जोड़ता है। यह उदगार पंडित कैलाश चंद्र डोंगरे ने कैलाशनगर में शिवमहापुराण कथा के वाचन के तीसरे दिन व्यक्त किये। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शिव महापुराण की कथा का वाचन करते हुए श्री डोंगरे ने कहा ऋग्वेद मैं लिखा है समस्त देवता और मनुष्य इसी मार्ग से अवतरित हुए हैं तथा सृष्टि को दिशा दी है । हे मनुष्यों आप अपने उत्पन्न होने की आधाररूपा अपनी माता को विनष्ट न करें अर्थात सनातन को बिसरावोगे तो अपने धर्म विरुद्ध कहलावोगे।

### जब अशांत हो मन तो इष्ट का मनन करो

पंडित श्री डोंगरे ने कहा जब आपका मन अशांत हो तो अपने इष्ट का मनन करो। जब कोई कार्यो न बने तो भैरव के पास पंहुच जावो। भरोसा रखो जब कोई भी राह ना मिले तो शयन के समय भोले और इष्ट का ध्यान करे और प्रभु से प्रार्थना करे की अशांत मन को राह दिखाए आप प्रभु श्री राम और हनुमान जी का शयन करने से पहले स्मरण करें। आपका अशांत मन शांत होगा और अगले दिन सारे काम बनेंगे। सुनील जैन ने बताया कि कथा के तीसरे दिन अमवास्या के अवसर पंडितजी ने पवित्र नदियों के स्नान के महत्व को भी बताया। साथ ही अमावस्या पर बड़ी संख्या में महिला शक्ति ने पार्थिव शिवलिंग का निर्माण भी किया।

### शहीदों की स्मृति में मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



**हरदा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में गुरूवार को सुबह 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में मौन धारण कार्यक्रम आयोजित हुए। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व सुश्री रजनी वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने मौन धारण कर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

**सराफा जैन धर्मशाला में प्रतिदिन होंगे माताजी के प्रवचन**

## सुनयमति माताजी संघ सहित बोरगांव से विहार कर खंडवा पहुंची

सत्ता सुधार ■ खंडवा

साधु संत चलते-फिरते तीर्थ के समान होते हैं जब भी अपने नगर में साधु संतों का आगमन हो तो उनके सानिध्य का लाभ हमें प्राप्त करना चाहिए, जैन संत 24 घंटे में सिर्फ एक समय भोजन कर पदयात्रा करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचते हैं एवं गांव या शहरों में रुक कर धर्म की प्रभावना करते हैं, समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि धर्म नगरी खंडवा में लगभग 20 दिनों पूर्व आचार्य श्री 108 सुंदर सागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका 105 श्री सुनयमति



माताजी ससंघ का आगमन नवकार नगर में हुआ था ,उसके उपरांत माताजी ससंघ का विहार दयोदय तीर्थ बोरगांव में हुआ ,धर्म प्रभावना करते हुए माताजी ससंघ बुधवार को खंडवा शहर के मध्य श्री महावीर जिनालय घासपुरा होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सराफा बाजार प्रवेश किया ,जैन धर्मशाला में माता जी के मंगल प्रवचन हुए, प्रतिदिन माताजी के मंगल प्रवचन प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ होंगे, दोपहर में 3.30 से धार्मिक कक्षा लगेगी।

### गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किए प्रतिमा पर पुष्प अर्पित

**सीहोर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आज कुछ लोग अपना आइकॉन मानते हैं यह हमारा बड़ा दुर्भाग्य है। देश को आजादी दिलाने के लिए गांधी ने कई आंदोलन किए थे। गांधी कई बार जेल भी गए। और उन्होंने अंग्रेजों की यातनाएं सही थी उक्त बात महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष निशांत वमाज़् ने कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के बताए हुए अहिंसा के मार्ग पर चल कर देश की सेवा करना ही उन के लिए सच्ची पुष्पांजलि होगी। तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में जिला कांग्रेस के तत्वाधान में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नगर निगम के पास महापौर ने आरंभ श्री अन्न व्यंजन स्टॉल का किया शुभारंभ

स्टॉल पर स्वादिष्ट स्वास्थ्य वर्धक कुटकी डोसा, कुटकी खीर, रागी इडली, कंगनी डोसा मिलेगा

**खंडवा।** मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता हैं, उसी को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोटे अनाज को बढ़ावा दे रहे हैं,जिसे कहीं ना कहीं जनता को इसका लाभ भी मिल रहा है, मोटे अनाज के सेवन से स्वास्थ्य ठीक रहता है, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर भी कार्य किया जा रहा है योजना अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की और भी लगातार सरकार पहल कर रही है,




प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भी मोटे अनाज की पैदावार को लेकर किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की नगर निगम महापौर अमर यादव द्वारा भी सभी का स्वास्थ्य ठीक रहे इस हेतू कार्य किया जा रहे हैं।

---

**निर्देश** निर्माण एजेंसी को कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले 3 माह में भवन निर्माण का शेष कार्य पूर्ण किया जाए

# कलेक्टर सिंह ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया

सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरुवार सुबह 7.30 बजे से जिला अस्पताल हरदा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में निमार्णाधीन नए भवन का भी निर्माण कार्य देखा और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि अगले 3 माह में भवन निर्माण का शेष कार्य पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच पी सिंह और पी आई यू के कार्यपालन यंत्री भी उनके साथ थे। कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पताल निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला प्रबंधक की अनुपस्थिति पर नाराजगी प्रकट



की और उनका वेतन काटने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के इंजीनियर के विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पताल के प्रबंधक का वेतन काटने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पताल के बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से डॉक्टर्स एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे और रात्रि की शिफ्ट की रात्रि 8.30 बजे तक प्रतिदिन भिजवाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई का कार्य प्रतिदिन सुबह जल्दी शुरू करवाने के निर्देश भी अस्पताल के जिला प्रबंधक को दिए । कलेक्टर सिंह ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सुविधा के लिए नए वाटर फिल्टर और वाटर कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल के सीसीटीवी कंट्रोल रुम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पब्लिक एनाउंसिंग सिस्टम हमेशा चालू रहे, ताकि कोई भी सूचना तत्काल अस्पताल परिसर के प्रत्येक क्षेत्र में तुरंत पहुंचाई जा सके।

कलेक्टर सिंह ने अस्पताल भवन के सभी वार्डो और अन्य सभी कमरों की खिड़कियों में मच्छरों से बचाव के लिए जाली लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रामा सेंटर और आई सी यू वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आई सी यू वार्ड में 2 वेंटिलेटर की सुविधा भी उपलब्ध है। कलेक्टर सिंह ने अस्पताल परिसर में मरीजों के परिजनों के रुकने के लिए रेन बसेरा की व्यवस्था हेतु प्लानिंग करने के निर्देश भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए।

## नवांकुर संस्था मद्धपान निषेध दिवस मनाया



**टिमरनी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था विकासखंड टिमरनी जिला हरदा द्वारा शासन के निदेशानुसार मद्धपान निषेध दिवस पर सेक्टर करताना के आदर्श ग्राम छिपानेर जलोदा में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत युवाओं स्कूली बच्चों के द्वारा रेली निकाली साथ ही मध्यपान नशीले पेय पदार्थो से दूर रहने की अपील की गई। सामाजिक कार्यकर्ता ललित मालवीय द्वारा नशा न करने की शपथ दिलाई गई एवं परामर्शदाता अभिलेश गुर्जर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। नशा मुक्त समाज निर्माण नशा मुक्ति आदर्श ग्राम बनाने के लिए संकल्प दिलवाया गया एवं उपस्थित लोगों को नशा से दूर रहने की समझाइस दी गई। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य गौरव मालवीय (बी.एस.डब्लू.)छात्र एवं स्कूल के छात्र-छात्रा शाला प्रभारी सुश्री हेमलता ठाकुर शिक्षक जयेंद्र सिंह राजपूत अति. मनोज काजले ईश्वर सिंह साहित 143 लोग उपस्थित रहे।

# उम्मीदें : क्या सांसद वानखेड़े बीना रेलवे की खोई प्रतिष्ठा को पुन : स्थापित कराएंगी

- क्या सांसद रेल बजट में क्षेत्र को सौगात दिलाने में कामयाब होगी?
- सांसद लता वानखेड़े से अनेक उम्मीदें, क्या वह उन पर खरी उतरेंगी

राकेश सेन ■ बीना(सागर)

सेंट्रल रेलवे की महत्वपूर्ण जंक्शन के रूप में बीना जंक्शन ने अपना एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया था। किंतु उपेक्षाओं के चलते बीना से बहुत कुछ छीना गया है।अब बीना एक औद्योगिक नगरी के रूप में अपनी पहचान भारत के मानचित्र पर बना चुका है किंतु जिस तरह से रेलवे प्रशासन से जो अपेक्षाएं थीं वह अपेक्षा पूरी नहीं हुई किंतु बीना से बहुत कुछ छिना गया। जिसका मुख्य कारण विकासात्मक सोच की कमी।

### जानते हैं बीना का इतिहास-

ब्रिटिश शासन के दौरान बीना जंक्शन को इटावा जंक्शन के रूप में खोला गया था। उस समय आगरा से भोपाल रूट की मुख्य लाइन का निर्माण किया गया था।

बीना स्टेशन का निर्माण ईंटों और रेल शिलाओं के परिवहन के लिए किया गया था; मालगाड़ी में, उन्हें झांसी,भोपाल रेलवे के पास के क्षेत्र और गुना और अशोकनगर में रेलवे तक पहुँचाया जाता है। बीना में एक पुराने रेलवे स्टेशन को 1930 और 1935 के बीच छोड़ दिया गया था।उत्तर प्रदेश के इटावा शहर के नाम से बचने के लिए 1905 में बीना इटावा स्टेशन का नाम बीना रेलवे जंक्शन कर दिया गया था।किंतु बुंदेलखंड में राजनीतिक सोच की कमी के चलते बहुत कुछ छीना गया। बीना में आरटीएस अर्थात रेलवे ट्रेनिंग सेंटर हुआ करता था किंतु इसे बीना से हटाकर भुसावल स्थापित कर दिया गया। इसी तरह आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर भी बीना में हुआ करता था जिसे बीना से हटाकर मुंबई और पुणे में भेज दिया गया। रेलवे का लोकों सेट भी काफी फेमस था जिसे अच्छे कार्यों के लिए कई बार पुरस्कृत भी किया जा चुका। डीजल के चलते लोकों सेट की जगह डीजल सेट बीना में होना था किंतु वह भी अन्य जगह स्थापित कर दिया गया।

बीना में स्थापित तेल शोधक कारखाना ताप विद्युत परियोजना एशिया का सबसे बड़ा पावर ग्रिड और अब पेट्रोकेमिकल्स हब बनने जा रहा है ऐसे में अधिकारी कर्मचारी एवं मजदूर क्लास के लोगों के लिए आने जाने के लिए अनेक गाड़ियों के स्टॉपेज न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

संसद से अपेक्षा है कि वह बीना में संपर्क क्रांति पुष्पक गोवा एक्सप्रेस, तमिलनाडु एक्सप्रेस, हिमसागर, दूरंतो सुपरफास्ट, राजधानी एक्सप्रेस ऐसी अनेक गाड़ियां हैं जिनका स्टॉपेज बीना में होना अति आवश्यक है संसद से पूर्ण अपेक्षा है कि वह संसद में पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करेंगी।




### रेलवे अस्पताल को डिस्पेंसरी के रूप में तब्दील कर दिया गया

सेंट्रल रेलवे की महत्वपूर्ण रेलवे अस्पताल बीना में स्थापित हुआ करती थी। जहां पर बीना और आसपास के रेलवे क्षेत्र के लोग इलाज के लिए बीना आया करते थे किंतु आज रेलवे अस्पताल को डिस्पेंसरी के रूप में देखा जा रहा है जहां पर संविदा के डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। रेलवे में इन सब के होते हुए बीना की छोटी बजरिया बड़ी बजरिया और इटावा क्षेत्र की रौनक देखते ही बनती थी जिससे यहां पर लोगों को आसानी से रोजगार उपलब्ध हुआ करते थे। यहां का जूता उद्योग भी काफी फेमस था। यहां के बनाए हुए जूते लोग बाग बाहर से आकर खरीद कर ले जाते थे, किंतु राजनीतिक सोच की कमी के चलते हमेशा बीना रेलवे क्षेत्र का दोहन किया गया।



### बीना जंक्शन का हमेशा दोहन किया गया

देखा जाए तो बीना भोपाल, इटारसी, झांसी, जबलपुर से भी ज्यादा रेलवे एरिया में फैला हुआ है। वैसे तो ब्रिटिश शासन काल से बीना रेलवे जंक्शन को सेंट्रल रेलवे का एक महत्वपूर्ण जंक्शन के रूप में देखा गया बीना में एक वक्त रेलवे ट्रेनिंग सेंटर, आर पी एफ ट्रेनिंग सेंटर, और सेंट्रल रेलवे का लोकों सेंटर, और सेंट्रल रेलवे की महत्वपूर्ण रेलवे चिकित्सालय जहां पर पूरे मध्य क्षेत्र से लोग इलाज करने के लिए बीना आते थे। रेलवे द्वारा एक समय राष्ट्रीय स्तर का सी एस परमेश्वरम हॉकी टूर्नामेंट हुआ करता था और यहां की सेंट्रल रेलवे की हॉकी टीम काफी फेमस थी जिसने राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई से ट्रॉफी जीतकर बीना का नाम रोशन किया था।

### नई संसद से कई अपेक्षाएं

गांव की पगडंडी से संसद तक का सफर तय करने वाली सागर की जुझारू सांसद लता वानखेड़े से कई अपेक्षाएं हैं कि वह बीना से कुरवाई सिरोंज लटेरी रेलवे लाइन कार्य कब शुरू होगा। क्या बीना में पड़ी हजारों एकड़ जमीन पर युवा बेरोजगारों को रेलवे का कल कारखाना स्थापित करवाने की पहल करेंगी। बीना की रेलवे की पड़ी खाली जमीन पर स्टेडियम का क्या होगा निर्माण।बीना के मालखेड़ी जंक्शन का कब विस्तार किया जाएगा। यहां आने जाने के लिए रास्ता कब तक बनवाया जाएगा एवं मालखेड़ी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी, आरपीएफ थाने की स्थापना भी होनी चाहिए ।

# एल.के.स्टार एवं बुन्देली टाईगर्स के मध्य हुआ फायनल मैच, जिसमें बुन्देलखण्ड टाईगर उप-विजेता रही

### उप-विजेता बुन्देली टाईगर्स की टीम ने ट्राफी को संयोजक रिशांक तिवारी के साथ महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी को सौंपी

सत्ता सुधार ■ सागर

'वीरबाल दिवस के उपलक्ष्य में कजलीवन मैदान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन 19 जनवरी से 29 जनवरी तक किया गया। जिसमें सागर संभाग की 32 टीमों ने भाग लिया। बुन्देली टाईगर्स क्रिकेट टीम के संयोजक रिशांक तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता का फायनल मुकाबला एल.के.स्टार एवं बुन्देलखण्ड टाईगर के मध्य हुआ जिसमें बुन्देलखण्ड टाईगर उप-विजेता रही। उपविजेता टीम को ट्राफी एवं 1 लाख रूपये की राषि का पुरूस्कार दिया गया।गुरूवार को बुन्देलखण्ड टाईगर्स टीम के संयोजक रिशांक तिवारी एवं कैप्टन सचिन पंडित एवं खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में मिली ट्राफी महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी को सौंपी।टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुन्देलखण्ड टाईगर क्लब के नीरज रजक को मैन आफ द सीरिज के पुरूस्कार के रूप में स्कूटी 125 सी.सी.दी गई। शिवा पांडेय को मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने व फायनल मुकाबले में शतक लगाने पर बेस्ट बल्लेबाज का पुरूस्कार दिया गया।

इस अवसर पर महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी ने बुन्देलखण्ड टाईगर क्लब के संयोजक रिशांक तिवारी कैप्टन सचिन पंडित को बधाई देते हुये कहा कि खेलों के प्रति अब जागरूकता आ रही है, शहर में अच्छे खेल के मैदान होने से आये दिन प्रतियोगितायें आयोजित हो रही है तथा बुन्देलखण्ड के खिलाड़ियो को अपनी प्रतिभा के प्रदर्षन करने के अवसर मिल रहे हैं। उन्होने कहा कि आने वाले समय में बुन्देलखण्ड की खेल प्रतिभायें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्षन कर बुन्देलखण्ड का नाम रोषन कर सकेंगे।

इस अवसर पर महापौर परिषद सदस्य पं.विनोद तिवारी, पार्षद शैलेन्द्र ठाकुर, श्री महेष जाटव, पार्षद प्रतिनिधि श्री नरेष यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, पूर्व बी.डी.ए.उपाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद डालचंद पटैल,बुन्देलखण्ड टाईगर के कैप्टन सचिन पंडित, संकेत जैन, आदित्य पांडेय, शिवा पांडेय,शुभम नामदेव सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।




## निगमायुक्त ने स्वसहायता समूह की महिलाओं को जल गुणवत्ता जांचने किट एवं आवश्यक सामग्री प्रदान की



सत्ता सुधार ■ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में अमृत मित्र योजना के तहत नगर निगम के स्व सहायता समूह की महिलाओं को जल गुणवत्ता जांचने हेतु नगर निगम सभाकक्ष में पुनः प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर स्वसहायता समूह की महिलाओं ने जल के सभी पैरामीटर को जांचने के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं अमृत मित्र की कार्यवाही में होने वाले कार्यो का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दौरान निगमायुक्त राजकुमार खत्री द्वारा स्वसहायता समूह की सदस्यों को जल परीक्षण हेतु आवश्यक किट और अन्य सामग्री प्रदान की गई। उन्होंने सभी स्वसहायता समूह की सदस्यों से कहा कि जल गुणवत्ता की जांच के दौरान लोगों को पानी की बचत करने के लिए भी जागरूक करें, अगर किसी भी वार्ड में सड़कों पर पानी व्यर्थ बहता हुआ पाया जाए तो उसकी सूचना दें तथा पानी का अपव्यय करने वाले नागरिकों को समझाइश दें।प्रशिक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री विजय दुबे,एन यू एल एम के सिटी मैनेजर विक्रम जैन,कौतुकेय सिंह,नगर निगम के लैब केमिस्ट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सिर पर पत्थर पटक-कर हत्या करने वाले आरोपीगण को आजीवन सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**सागर।** सिर पर पत्थर पटक-कर हत्या करने वाले आरोपीगण कृष्णा बाधवानी एवं अज्जू उर्फ अजय यादव को भा.द.वि. की धारा- 302/34 के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं दो-दो हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से अपर-सत्र न्यायाधीष/विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) प्रषांत सक्सेना जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया । मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) श्री धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विषेष लोक अभियोजक सौरभ डिम्हा ने की।जिला अभियोजन सागर के मीडिया प्रभारी सौरभ डिम्हा ने बताया कि दिनॉक 07.01.2023 को फरियादी निवासी-सिंघी कालोनी थाना मोतीनगर में सूचना दी कि उसके चाचा जिसकी शादी नहीं हुई है जो नित्ती उर्फ विजय लोधी के साथ उसी के घर पर पिछले डेढ़ वर्ष से रह रहे थे आज दिनॉक को सुबह 9:00 बजे उसके दोस्त दीपक मनवानी ने उसे फोन कर सूचना दी कि उसके चाचा सुदामा मनवानी इंद्रजीत दुबे के प्लाट पर मृत अवस्था में पड़े है उसके सिर मे कान के पास घाव है खून निकल रहा है गले में नायलोन की रस्सी लिपटी हुई है मोहल्ले के कृष्णा सिंधी और अज्जू उर्फ अजय से सुदामा मनवानी एवं नित्ती उर्फ विजय की पुरानी बुराई चल रही है उसे शक है कि इसी बुराई के चलते कृष्णा एवं अज्जू उर्फ अजय ने 06 एवं 07/01/2023 की दरमयानी रात को उसके चाचा की हत्या कर दी । सूचना पर थाना मोतीनगर में मर्ग पंजीबद्ध किया गया।घटना स्थल पर मौजूद साक्षियों के समक्ष घटना स्थल का निरीक्षण किया गया मृतक सुदामा के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला चिकित्सालय, सागर भेजा गया, घटना स्थल से फिंगर प्रिंट एफएलसएल की टीम द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित की गई।घटना स्थल से जप्ती की कार्यवाही की गई। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला होने पर आरोपी कृष्णा एवं अज्जू के विरूद्ध धारा-302/34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख कर मामला विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गये, आरोपीगण को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की गई।घटना स्थल से जप्त वस्तुओं को एफएसएल शाखा सागर भेजा गया।फिंगर प्रिंट की टीम द्वारा भी अपनी रिपोर्ट भेजी गई।थाना-मोतीनगर द्वारा धारा 302/34, भा.दं.सं. के अंतर्गत आरोपी कृष्णा बाधवानी तथा अज्जू उर्फ अजय यादव के विरूद्ध विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा मामले में 20 अभियोजन साक्षियों को परीक्षित कराया गया एवं दस्तावेजों को प्रदर्षित एवं विवेचना के दौरान जप्तषुदा सामग्री को भी आर्टिकल कराया गया व तर्क प्रस्तुत किये गये।अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहॉ विचारण उपरांत अपर-सत्र न्यायाधीष/विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) श्रीमान प्रषांत सक्सेना जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपीगण को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव के नेतृत्व में गुरुवार को गांधी तरह पर पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा कि इतिहास में 30 जनवरी का दिन बेहद खास है। इस दिन प्रतिवर्ष देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। महात्मा गांधी जी ने देश को आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोलकर कई आंदोलन चलाये। आंदोलनों के चलते उन्हें कई बार जेल में भी रहना पड़ा। उनके द्वारा देश की आजादी के लिए किये गए कार्यो को देखते हुए ही 30 जनवरी के दिन उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाई जाती है।श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह यादव युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शालू बिलगाईयां सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पंजाबी, शहर अध्यक्ष प्रमोद राय, पीयूष तिवारी, रामकिशन अहिरवार, सुखलाल अहिरवार,सी पी तिवारी, हरि नारायण कुशवाहा, मोतीलाल अहिरवार, विक्रांत गोलंदाज, अशोक परिहार, शालिकराम यादव, झन्नू राय,शेर सिंह अहिरवार, रमेश अहिरवार, भूरेलाल अहिरवार, खुशी लाल अहिरवार, पार्षद प्रकाश बजाज, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील यादव, शिवानी बौद्ध, सुभाष सिंघई, लक्ष्मण सिंह चढ़ार कृष्ण कैथोरिया आदेश समैया आदि उपस्थित थे।



# मप्र प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच बीना के तत्वावधान में निजी स्कूल संचालकों ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

मप्र प्राइवेट स्कूल वेलफेयर संचालक मंच बीना के तत्वावधान में निजी स्कूल संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम नो सूत्रीय ज्ञापन तहसीदार को सोपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई की रजिस्टर्ड किरायानामा सामाप्त किया जायें।,फीस अधिनियम पर अर्थदंड वापस लिया जायें। 30 जून 2025 तक सभी जिलों में ब्लॉक स्तरीय प्रशीक्षण किया जायें।,2015 से 2022 तक जिन स्कूलों के तकनीकी समस्या के कारण प्रपोजल लॉक नहीं हो पायें उन स्कूलों को 30 मार्च 2025 तक समय देकर उनका आर टी ई का भुगतान किया जाए।,2016 से 2022 तक जो बच्चें तकनीकी समस्या के कारण या स्कूल छोडकर चले जाने व सहयोग नहीं करने के कारण प्रपोजल में नहीं जुड़ पाये या नहीं जुड़ पा रहे हैं उनका भौतिक सत्यापन कराकर उनका आर टी ई का भुगतान स्कूलों का किया जाए।,सत्र 2021 22 एवं 2022 23 में जो आर टी ई के बच्चें 5वीं व हवीं बोर्ड परीक्षा में अनुर्तीण हुए। उन बच्चों का आर टी ई का भुगतान स्कूलों का किया जाए।,सम्मपूर्ण ग050 में एक सिलेबस का निर्धारण किया जाए।,सम्मपूर्ण म0प्र0 में चार से पांच स्कूल ड्रेस का निर्धारण किया जाए।,सम्मपूर्ण म.प्र.में, क्र ष्ट ग्रेड में मान्यता का प्रावधान रखा जायें।सभी शुल्क को सामाप्त कर सिर्फ स्कूल स्तर और क्षेत्र मापदंड अनुसार स्कूल की प्रवेश संख्या को देखकर एक वार्षिक का निर्धारण किया जाए।मान्यता नवीनीकरण के नए नियमों का जताया विरोध, अधिकांश पांचवी से आठवीं तक निजी स्कूल रहे बंद।




# महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन

सत्ता सुधार ■ देवरी(सागर)

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी में 30 जनवरी 2025 को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मौन धारण एवं महात्मा गांधी जी लघुफिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु आव्हान किया। मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रिजवान खान ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं से संबंधित रूपरेखा प्रस्तुत की। महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष संतोष मिश्र ने गांधी जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। एनएसएस अधिकारी शिवलाल अहिरवार ने अंहिसा की उपयोगिता बताई। सर्वप्रथम भाषण प्रतियोगिता में कु. रक्षा यादव ने प्रथम, अभिषेक राजपूत ने द्वितीय व कु. रजनी यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कु. जागृति लोधी ने प्रथम, कु. विभा सेन ने द्वितीय एवं कु. सौम्या अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का आभार डॉ. अनामिका पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पी.डी. राजपूत, डॉ. जी.आर. चौहान, डॉ. कलम सिंह डुडवे, भगवत सिंह पटेल, धर्मेन्द्र अलावा, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. राजेन्द्र नागेश, डॉ. किरण ठाकुर, श्रीमती ज्योति तिवारी एवं समस्त स्टॉफ सहित अधिक संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## पुलिस ने शिवाजी वार्ड से 45 हजार की अवैध शराब जब्त, पुलिस को देखकर भागा आरोपी



**बीना(सागर)।** प्रदेश भर में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए चल रहे अभियान के तहत बड़ी मात्रा में अवैध शराब की सूचना मिलने पर पुलिस ने बुधवार सुबह 7.45 बजे शिवाजी वार्ड में एक घर में दबिश देकर 45 हजार कीमत की 81 लीटर देशी शराब जब्त की है। अवैध शराब रखने वाला आरोपी पुलिस को आते देख घर से भाग गया।थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी थी कि शिवाजी वार्ड निवासी राजकुमार पिता शंकर सोनकर अवैध रूप से शराब बेचता है। बुधवार को उसके घर में बड़ी मात्रा में शराब रखी हुई है। मुखबिर की सूचना की पुष्टि कर पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को आते देख आरोपी मौके से भाग गया। प्रधान आरक्षक सुरेंद्र सिंह ने अन्य पुलिस कर्मियों की मदद से घर की तलाशी ली। इसमें पुलिस को अंदर से देशी शराब की 9 पेटियां मिली। इन सभी पेटियों में 432 पाव शराब मिली। जब्त की गई 81 लीटर शराब की कीमत 45 हजार रुपए है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर तलाश शुरू कर दी है।

### महाविद्यालय में एक दिवसीय बेवीनार का आयोजन

## पौध आधारित भोजन : स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए एक बेहतर विकल्प : आस्था गुप्ता

सत्ता सुधार ■ देवरी(सागर)

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देवरी के राष्ट्रीय सेवा योजना और वीगन आउटरीच संस्था के सहयोग से फूड-प्लैनेट-हेल्थ विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार से कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश दुबे के अनुमति से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी शिवलाल अहिरवार उपस्थित रहे। वीगन आउटरीच संस्था की आस्था गुप्ता ने वेबिनार के विषय पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि पशु आधारित भोजन आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य, और पशुओं के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए पौध आधारित भोजन की ओर लौटने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने सभी से पौध आधारित वीगन भोजन को अपनाकर पर्यावरण, स्वास्थ्य, और पशुओं की रक्षा करने की अपील की। इस अवसर समस्त शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टॉफ एवं अधिक संख्या में विद्यार्थी कार्यक्रम से जुड़े।



## ब्रीफ न्यूज

### 38 की उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बने ख्वाजा

**गाले।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने यहां श्रीलंका के खिलाफ जारी पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन दोहरा शतक लगाया है। इसी के साथ ही ख्वाजा 38 साल या उससे अधिक उम्र में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले ये उपलब्धि महान बल्लेबाज डोनाल्ड ब्रैडमैन के नाम थी। ख्वाजा श्रीलंका में दोहरा शतक लगाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने कोलंबो में 2004 में जस्टिन लैंगर द्वारा बनाए गए 166 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था, जो अब तक श्रीलंका में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा बनाया गया सबसे अधिक स्कोर था। वह साल 2006 में बांग्लादेश के खिलाफ जेसन गिलेस्पी के 201 नाबाद रनों के बाद एशिया में दोहरा शतक बनाने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई बन गए है। ऑस्ट्रेलिया ने ख्वाजा की इस पारी से अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 482 रन बना लिए थे। ख्वाजा 208 और डेब्यू करने वाले जोश इंगलिस 47 रनों पर खेल रहे थे।

### शार्दुल ने रणजी में शतक लगाने के बाद हैट्रिक लगायी

**मुंबई।** पिछले कुछ समय से भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में गेंद ओर बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। शार्दुल ने जम्मू के खिलाफ छठे राउंड के मुकाबले में पहले शतक लगाया और इसके बाद हैट्रिक ली। मेघालय के खिलाफ शरद पवार क्रिकेट अकादमी बीकेसी में अपने दूसरे ही ओवर में उन्होंने लगातार तीन विकेट लिए। मेघायल की पारी के तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर शार्दुल ने अनिरुद्ध बी को आउट किया। वह बोल्ड हुए। इसके बाद सुमित कुमार का कैच शम्स मुलानी ने पकड़ा। वहीं ओवर की अंतिम गेंद पर शार्दुल ने जसकीरत सिंह को बोल्ड कर पेवेलियन भेजा। शार्दुल ने अपने पहले ओवर में भी विकेट लिया था। उन्होंने मेघालय के सलामी बल्लेबाज निशांत चक्रवर्ती को शून्य पर ही आउट कर दिया। वहीं दूसरे ओवर में मोहित अवस्थी ने किशन लिंगदोह को आउट किया। तीसरे ओवर की अंतिम तीन गेंद पर विकेट के बाद चौथे ओवर की पहली गेंद पर मोहित ने अर्पित सुभाष भटेवरा भी आउट हो गए।

### सलीमा और निक्की को झारखंड सरकार ने जमीन दी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महिला हॉकी खिलाड़ियों सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को खेल में उनके योगदान के लिए एक कार्यक्रम में रांची के हरमू स्थित आवासीय कॉलोनी में घर बनाने के लिए भूखंड दिये हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। राज्य की दो होनहार हॉकी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया है। हमारी इन बेटियों ने अपने हुनर और योग्यता से राज्य का ही नहीं बल्कि पूरे देश का नाम भी रोशन किया है। सीएम ने कहा अपने प्रदर्शन की बदौलत कई बार हमारी बेटियों ने लोगों को अपनी प्रतिभा से दिखाया है।



फ्रांस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलते हुए रियल मैड्रिड और ब्रेस्ट के खिलाड़ी।

# जब स्मिथ बना रहे थे रिकार्ड, पत्नी डेनी सांता क्लॉज के इलाके से भेज रही थी तस्वीरें

**एजेंसी ■ सिडनी**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ ने जिस समय श्रीलंका के खिलाफ गॉल के मैदान पर टेस्ट में अपने 10 हजार रन पूरे कर एक अहम उपलब्धि हासिल की थी। ठीक उसी समय उनकी पत्नी डेनी विल्स ने फिनलैंड के लैपलैंड क्षेत्र से अपनी सुंदर तस्वीरें साझा की है। लैपलैंड को सांता क्लॉज का क्षेत्र माना जाता है।






कहा जाता है इसी क्षेत्र के रोवनमी गांव में सांता क्लॉज का घर भी है। लोग क्रिसमस मनाने के लिए यहां विशेष तौर पर आते हैं। यहां चारों ओर बर्फ बिछी रहती हैं, यहां आप रेनडियर की सवारी कर सकते हैं। बता दें कि फिनलैंड में 6 महीने दिन और 6 महीने रात रहती हैं। यही नहीं यह गांव 12 महीने बर्फ की चादर से ढका रहता है, जोकि किसी अजूबे से कम नहीं लगता। इसी गांव में लंबी सफेद दाढ़ी, लाल रंग का आउटफिट पहने हुए एक व?यक्ति रहता है, जिसे सांता क?लॉज कहा जाता है। इस गांव में लकड़ी से सांता क्लॉज की झोपड़ी भी बनाई गई है, जोकि लाल और सफेद कलर से रंगी गई है। यहां पर सांता के नाम लिखे गए कई बच्चों के पत्र भी रखे गए है। इसे सांता का ऑफिस भी कहा जाता है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए स्टेडियमों का तय समय तक तैयार होना दिख रहा असंभव

## बोर्ड 31 जनवरी की समयसीमा तक पुनर्निर्मित स्थलों को अपनी निगरानी में ले लेगा

**एजेंसी ■ लाहौर**

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मुकाबले शुरु होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं पर अभी तक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) स्टेडियमों को ही तैयार नहीं करा पाया है। जिस प्रकार से काम चल रहा है उससे तय समय तक स्टेडियम के नवीनीकरण का काम पूरा होना संभव नजर नहीं आता। कमा पूरा होने के लिए जो समय सीमा थी पर पूरी हो गयी है। आठ साल बाद देश में हो रहे इस आईसीसी टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार समय सीमा के भीतर नवीनीकरण कार्य पूरा होने की कल्पना करना असंभव लगता है हालांकि जिन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। कराची, लाहौर और रावलपिंडी तीन स्थल हैं, जहां चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेले जाएंगे। वहीं भारतीय टीम हाइब्रिड मॉडल के अनुसार दुबई में अपने मैच खेलेगी। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण किया और जोर देकर कहा कि बोर्ड 31 जनवरी की समयसीमा तक पुनर्निर्मित स्थलों को अपनी निगरानी में ले लेगा। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान 8 फरवरी से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी भी करेगा। पहले दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे, जबकि फाइनल सहित दो मैच कराची में खेले जाएंगे।



वहीं कहा जा रहा है कि स्टेडियम मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार हो जाएंगे पर सवाल यह है कि पीसीबी ने त्रिकोणीय श्रृंखला और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इन पुनर्निर्मित स्थलों पर सभी को विश्व स्तरीय अनुभव देने का जो वादा किया है और क्या वे उस वादे पर खरे उतरेंगे। नवीनीकरण कार्य देख रहे बिलाल चौहान कराची में काम पूरा करने के लिए समय पर जरूरी उपकरण और मंजूरी न मिलने की शिकायत कर रहे हैं। नई इमारत पर लगाए जाने वाले पैनल रविवार रात को ही कराची बंदरगाह से रिलीज किए जाने थे, जबकि इसे अगली सुबह लगाना था। चौहान ने कहा, हम इस तरह की चीजों से निपट रहे हैं, इसके बाद भी लोगों को हमारी आलोचना करते देखना दुखद होता है। पीसीबी ने लाहौर और कराची में तीनों स्थलों पर नवीनीकरण, निर्माण और उपकरणों को इंस्टाल करने पर लगभग 12 बिलियन पाकिस्तानी रुपए खर्च किए हैं। टिकटें पहले ही बिक चुकी हैं पर जब तक पीसीबी यह घोषणा नहीं कर देता कि उन्हें नए स्टेडियम मिल गए हैं, तब तक चिंता बनी रहेगी। ये भी कहा जा रहा है कि आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस को भी इसी कारण इस्तीफा देना पड़ा क्योंकि पीसीबी तय समय तक स्टेडियम पूरे नहीं कर पाया।

### पूर्व विकेटकीपर क्रिस्टीना ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की पूर्व विकेटकीपर क्रिस्टीना मैथ्यूज को यहां हुए एक समारोह में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज़्यादा टेस्ट खेलने वाली क्रिस्टीना हॉल ऑफ फेम में शामिल की जाने वाली 65वीं खिलाड़ी हैं। क्रिस्टीना हॉल ऑफ फेम सम्मान मिलने पर बेहद खुश और सम्मानित अनुभव कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रति आभार भी जताया है। क्रिस्टीना ने कहा, यह अविश्वसनीय है। एक युवा लड़की के रूप में, आप केवल पुरुष क्रिकेटरों को देखकर बड़ी होती हैं, और वे आपके हीरो बन जाते हैं। फिर आपको एहसास होने लगता है कि एक ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम भी है। इसलिए पिछले 10 सालों में हॉल ऑफ फेम ने जो काम किया है, जिसमें ज़्यादातर महिलाओं को शामिल किया गया है, वह शानदार है। उन्होंने आगे कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे यह पहचान मिलेगी। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो आप अपने द्वारा किए गए काम को कमतर आंकते हैं, और इसलिए पहचाने जाने पर बहुत अच्छा लगता है। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली को कोचिंग देने के अलावा मैथ्यूज़ ने भविष्य के सितारों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# वॉन ने दी सूर्यकुमार को सलाह हर गेंद पर शॉट न लगायें



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को अपना फार्म हासिल करने के लिए विकेट पर टिककर खेलने की सलाह दी है। वॉन ने कहा कि हर गेंद पर शॉट नहीं लगाया जा सकता और ये बात सूर्यकुमार को समझनी होगी। वान ने कहा कि उन्हें अपनी बल्लेबाजी में संतुलित रवैया अपनाना होगा। सूर्यकुमार इंग्लैंड के खिलाफ तीनों ही टी20 मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। इसी को लेकर वॉन ने कहा कि सूर्यकुमार मैदान पर उतरते ही चौके , छक्के लगाने के प्रयास में लग जाते हैं जिससे उन्हें नुकसान हो रहा है। इसलिए उन्हें शॉट लगाने से पहले क्रीज पर कुछ समय बिताना चाहिये। सूर्यकुमार अब तक इस सीरीज में बल्लेबाजी के दौरान एक बार भी 20 रन तक नहीं बना पाये हैं। उसके आउट होने का मुख्य कारण गलत समय पर आक्रामक शॉट लगाना रहा है, या तो गेंद को पीछे की तरफ ले जाना या फिर हवा में गलत तरीके से मारना। वॉन ने कहा कि भारतीय टीम पावरप्ले में अधिक से अधिक रन बनाना चाहती है पर सूर्यकुमार को टीम में अपना पूरा योगदान देने के लिए अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से निभाना चाहिये। वॉन ने कहा, लगातार कुछ मौकों पर वह काफी आसानी से आउट हो रहे हैं। जब आप कहते हैं कि हर समय आक्रामक रहें, तो इसका मतलब है कि सही गेंद का चयन करके आक्रामक होना चाहिये। आप हर गेंद को बाउंड्री पर नहीं मार सकते पर इस युग के कुछ खिलाड़ियों में इतना कौशल और प्रतिभा है कि उन्हें लगता है कि वे ऐसा कर सकते हैं जबकि संभव नहीं है। उन्होंने कहा, भारत के वापस आने के लिए और मुझे भरोसा है कि वे ऐसा करेंगे। इसके लिए सूर्यकुमार को यह कहने की ज़रूरत होगी, ठीक है, मुझे बस 15 गेंदें खेलनी हैं, खुद को तैयार करना है, मैदान के आयामों को देखना है।

# सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन समारोह में निदेशक के तौर पर शामिल हुई सारा

**एजेंसी ■ सिडनी**

सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन की ओर से बीते दिनों मुंबई के बॉम्बे क्लब में एक सामूहिक समारोह आयोजित किया गया था। इसमें सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर फाउंडेशन में निदेशक की भूमिका में पहली बार शामिल हुई। इसमें सारा युवाओं से जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में उनकी मदद करने पर केंद्रित नया एक नया दृष्टिकोण लेकर आई हैं। समारोह खत्म होने के कुछ दिन बाद सारा ने सोशल मीडिया पर समारोह की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें उनकी एक तस्वीर मां और पिता के साथ है। फाऊंडेशन समारोह को सचिन तेंदुलकर की पत्नी अंजलि तेंदुलकर ने भी संबोधित किया और भविष्य की योजनाओं पर बात की। समारोह में कई दिग्गज हस्तियां भी पहुंचीं थीं। मशहूर गायक शंकर महादेवन भी विशेष तौर पर पहुंचे।

समारोह में सारा तेंदुलकर की दोस्त भी पहुंची थीं। सारा फाऊंडेशन समारोह के दौरान बेहद खुश दिखीं। फाऊंडेशन समारोह के अंत में सचिन ने फाऊंडेशन से जुड़ी एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ तस्वीरें भी शेयर की। सचिन ने फाऊंडेशन शुरू करने के कार्य और भविष्य की योजनाओं पर भी खुली बात की। बहरहाल, समारोह में कोल्डप्ले के मुख्य गायिक क्रिस मार्टिन विशेष तौर पर पहुंचे थे। फाऊंडेशन की यात्रा पर विचार करते हुए सचिन ने कहा कि जब मैं आखिरी बार पवेलियन की ओर लौटा, तो मेरे मन में यह भाव था कि मेरी पारी अभी खत्म नहीं हुई है। अंजलि और मेरा यह सपना था कि जरुरतमंदों के लिए कुछ आसान किया जाए और युवा सपने देखने वालों को खुद पर विश्वास करने और उड़ान भरने में मदद की जाए।



नीदरलैंड में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में लीवरपूल की अमारा नेलो को लाल कार्ड दिखाते हुए रैफरी।

**चैम्पियंस ट्रॉफी**

## भले ही हमारी टीम मजबूत है पर एक मैच भी हार जाएं, तो बाहर हो जाएगी

# चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रोमो में बर्फीली हवाओं के बीच बैठे दिखे धोनी

**एजेंसी ■ मुम्बई**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के प्रोमो में एक नये अंदाज में नजर आये हैं। इस प्रोमो को देखकर प्रशंसक उत्साहित हैं। प्रोमो जब खुलता है तो दर्शक पाते हैं कि कैसे धोनी बर्फीली हवाओं के बीच बैठे हैं और चैम्पियंस ट्रॉफी पर बात करते नजर आते हैं। विज्ञापन में धोनी कहते हैं, जब मैं कप्तान था तो कूल रहना आसान था पर प्रशंसक बनकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी देखना आसान नहीं है। भले ही हमारी टीम मजबूत है पर एक मैच भी हार जाएं, तो बाहर हो जाएगी, ऐसे में तनाव होना ही है। इस तनाव ने तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हर मैच करो या मरो का हो गया है।

इस प्रोमो के दौरान दौरान धोनी को रैफरल लेते हुए भी दिखाया जाता है। तभी एक ट्रक आता है और बहुत सारी बर्फ धोनी पर डालकर चला जाता है। उक्त प्रोमो पर जमकर प्रशंसकों की काफी प्रतिक्रियाएं भी आयी हैं।





जहां कई प्रशंसकों ने प्रोमो पर कैप्टन कूल लिखा तो कईयों ने धोनी की इस अदा की सराहना की है। वहीं एक प्रशंसक ने लिखा, चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रचार वीडियो में महान धोनी अपने ब्रांड और कौशल का प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं, दूसरे ने लिखा, मैदान पर कैप्टन कूल, प्रशंसक बनकर बहा रहे पसीना। यहां तक कि चैम्पियंस ट्रॉफी में भी धोनी रेफ्रिजरेशन सिस्टम की जरूरत है। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा, धोनी को इस रूप में देखकर आनंद आ गया। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में उतरेगी। ये टूर्नामेंट पाक में रखा गया है पर भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में होंगे। भारतीय टीम ने अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी धोनी की कप्तानी में साल 2013 में जीती थी। अब रोहित का लक्ष्य एक बार फिर ये ट्रॉफी जीतना रहेगा।

### तेजी के मामले में भी सचिन के सामने नहीं टिकते स्मिथ

**गाले।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बुधवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरु हुए पहले टेस्ट मैच में अपने 10 हजार रन पूरे किये। स्मिथ ने ये रन 115 वे मैच में बनाये। इसी के बाद से ही ये दावा किया जा रहा है कि उन्होंने तेजी से रन बनाने के मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है क्योंकि सचिन ने अपने 10 हजार रन 122वें मैच में पूरे किये थे। वहीं कुल मिलाकर देखा जाये तो सचिन के सामने किसी भी मामले में स्मिथ नहीं टिकते। 10 हजार टेस्ट रन बनाने में सचिन तेंदुलकर ने स्मिथ से कम पारी खेली थीं। स्मिथ ने अपने 205वीं टेस्ट पारी में 10 हजार रन बनाए हैं। वहीं सचिन ने केवल 195 पारियों में ही ये रन बना लिए थे। सचिन के अलावा वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा और श्रीलंका के कुमार संगकारा ने भी 195 पारियों में 10 हजार रन पूरे किए थे। सचिन का घरेलू धरती पर औसत 58.82 जबकि विदेश में 56.58 का था। वहीं स्मिथ का घरेलू धरती पर औसल 59.70 जबकि विदेशों में 54.85 रहा है।

### चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में नजर आ रहे विराट के पोस्टर

**लाहौर।** अगले माह 19 फरवरी से आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी होने वाली है। इसको लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। इससे पहले यहां भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली चर्चाओं में हैं। यहां की गलियों में विराट के पोस्टर लगे हुए हैं। यह चैम्पियंस ट्रॉफी के प्रमोशनल पोस्टर हैं, जो स्थानीय प्रसारक टैपमैड ने लगवाए हैं। इन पोस्टरों को पाकिस्तान की मीडिया में साझा किया है। प्रमोशनल पोस्टर में विराट के अलावा अन्य टीमों के स्टार खिलाड़ियों की भी तस्वीरें हैं पर इसमें विराट को बीच में और बड़ा करके दिखाया गया है।

दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



सत्ता सुधार

**मथुरा।** मथुरा के 2363 आंगनबाड़ी केंद्रों से हर महीने करीब 35 हजार गर्भवतियों समेत 2.98 लाख पांच वर्ष तक के बच्चों को पुष्टाहार का वितरण किया जाता है। प्रत्येक बच्चे को 1.5 किलो गेहूं व दलिया, 1.5 किला चावल, 2 किलो चना और 500 ग्राम सोयाबीन का तेल व अन्य खाद्य सामग्री बांटी जाती है।

## ब्रीफ न्यूज

### मछली-मीट कारोबारियों ने किया पथराव-लाठीचार्ज



**देवरिया।** मछली और मीट विक्रेताओं की जांच के दौरान पुलिस से कहासुनी हो गई। बात इस कदर बिगड़ गई कि पथराव शुरू हो गया और पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। इससे अफरा-तफरी मच गई। पथराव में दो महिलाओं के घायल होने की बात कही जा रही है। शहर में इन दिनों नपा अभियान चलाकर बिना लाइसेंस व एनओसी के खुले में सड़क के किनारे खुले में मीट व मछली बेचने वाले व्यापारियों व विक्रेताओं पर नकेल कसा जा रहा है। पहले नगर पालिका के ईओ के नेतृत्व में स्टेशन रोड में खुले या फिर सड़क के किनारे मछली व मीट व्यापारियों के लाइसेंस की जांच की जा रही है। अभियान के दूसरे दिन स्टेशन रोड पर रेलवे की जमीन पर मछली बेच रहे लोगों से पुलिस ने अन्यत्र मछली बेचने की बात कही तो वे उलझ गए।

### एजेंसी की वजह से स्मार्ट सिटी को 6 लाख का नुकसान

**वाराणसी।** वाराणसी शहर के दो पार्किंग से हर महीने 10 लाख रुपए कमाने वाली संस्था श्रेया एजेंसी की वजह से स्मार्ट सिटी को छह लाख का चूना लग रहा था। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने अनुबंध निरस्त करने का नोटिस दिया था। एजेंसी प्रतिमाह चार लाख का भुगतान कर रही थी, लेकिन खुद 10 लाख की वसूली पार्किंग से कर रही थी। साथ ही नियमों को दरकिनार करने का आरोप एजेंसी पर लगा है। अब दूसरी एजेंसी से अनुबंध किया जाएगा। इसके पूर्व की कार्रवाई को अमली जामा पहनाया जा रहा है। चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे बने नाइट मार्केट, शहर की दो पार्किंग बेनियाबाग, टाउनहॉल और एक टाउनहॉल पार्क का संचालन करने वाली श्रेया एजेंसी का अनुबंध निरस्त करने के लिए प्राथमिक नोटिस दिया गया है।

### पाक मौलाना से वीडियो कॉल पर बात करने वाला गिरफ्तार

**संभल।** सोशल मीडिया से जुड़े पाकिस्तानी मौलाना से वीडियो कॉल पर बातचीत करने वाले संभल जिला निवासी आकिल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। युवक से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। युवक ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा था कि पुलिस ने बवाल में गोली चलाई थी। युवक का वीडियो 15 जनवरी को वायरल हुआ था। जिसमें युवक ने खुद को संभल का रहने वाला बताया था और 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान हुए बवाल का जिम्मेदार पुलिस-प्रशासन को बताया था। युवक ने मौलाना से पूछा था कि जिन पांच लोगों की बवाल में जान गई है उनको शहीद कहा जाएगा या नहीं।

# कल्याण मंडपम में गूंजेगी शहनाई

## गोरखपुर को आज मिलेगी सौगात...सीएम योगी करेंगे लोकार्पण

## 300 लोगों के बैठने की क्षमता, हॉल आठ कमरे गेस्ट रूम पार्किंग

### जीडीए की खोराबार टाउनशिप परियोजना का करेंगे निरीक्षण



सत्ता सुधार ■ गोरखपुर

नगर निगम की ओर से खोराबार में बनवाए जा रहे कल्याण मंडपम का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब जल्द ही वहां गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बेटे-बेटियों की शादी हो सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 31 जनवरी को इसका लोकार्पण करेंगे। इस दौरान वह 21.60 करोड़ की लागत वाली कुछ अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण और 100 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा वह जीडीए की खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी परियोजना का निरीक्षण करने के साथ ही निर्माणाधीन ग्रुप हाउसिंग मिनी एमआईजी के सेम्पल फ्लैट भी देखेंगे।

लोकार्पण-शिलान्यास समारोह के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के साथ ही नगर निगम और जीडीए समेत अन्य संबंधित विभाग तैयारियों में जुटा है। खोराबार में 4.25 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए कल्याण मंडपम में बहुत कम खर्च पर गरीब व जरूरतमंद परिवार मांगलिक कार्यक्रम कर सकेंगे। यहां 300 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक मल्टीपरपज हाल, आठ कमरे, गेस्ट रूम, पार्किंग, कांफ्रेंस हाल बनाया गया है।

इस कल्याण मंडपम में एक साथ दो मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। गोरखपुर विकास प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने कार्यक्रम स्थल स्थल समेत प्राधिकरण के निर्माणाधीन खोराबार टाउनशिप एवं मेडिसिटी परियोजना के निर्माण कार्यों का भी जाएजा लिया।

### सीएम की सराहनीय पहल: बेटियों के खाते में आएंगे 35 हजार

**प्रतापगढ़।** अगर आप मत्स्य पालक हैं तो आपके लिए एक राहत भरी खबर है। इनकी बेटियों के विवाह के लिए अब रुपए की दिक्कत नहीं आएगी। शादी आपको करनी है, लेकिन 51 हजार रुपए शगुन के रूप में मत्स्य पालक विभाग देगा। इससे पैसे के अभाव में मत्स्य पालकों की बेटियों की शादी नहीं रुकेगी। जनपद में तीन हजार से अधिक मत्सय पालक पंजीकृत है। यह मत्स्य पालक एक बीघे से लेकर आठ बीघे तक के तालाब में मछली पालन करते हैं। इसमें ज्यादातर मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। अब ऐसे लोगों को बेटियों की शादी करने के लिए पैसे की चिंता नहीं सताएगी। शासन से उनको मदद मिलेगी। प्रत्येक बेटियों के हाथ पीले करने के लिए मत्स्य विभाग 51 हजार खर्च करेगा। इसमें 35,000 रुपए कन्या के खाते में और 16,000 रुपए विवाह खर्चों के लिए दिए जाएंगे। यह सुविधा दो लाख से कम आय वाले एक वर्ष से अधिक समय से मस्त्य पालन करने वाले पालकों को मिलेगी।

### शादी के खर्च की टेंशन खत्म! विवाह के लिए 51000 रुपए देगी सरकार

बताय जाता है कि इस योजना का लाभ केवट, आखेटक, मल्लाह, निषाद, बिंद समेत 13 जातियों को मिलेगा। इससे उनको काफी सहूलियत मिलेगी। समाज कल्याण विभाग की तरह मत्स्य पालन विभाग भी सामूहिक विवाह करने जा रहा है। विभाग को जल्द लक्ष्य मिल जाएगा। मत्स्य पालन विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास कुमार दीपांकर ने बताया कि मत्स्य पालकों की बेटियों की शादी के लिए 51 हजार शासन स्तर से खर्च होगा। विवाह में उपहार दिया जाएगा। साथ ही उनके खाते में भी पैसा भेजा जाएगा।

### इनका होगा शिलान्यास

- 2.60 करोड़ की लागत से गुलरिहा के बजरंगपुरम कालोनी में पार्क का निर्माण
- 2.35 करोड़ की लागत से तेनुहिया पोखरे के निकट पार्क का निर्माण
- 15.74 करोड़ की लागत से नव-सृजित वार्डों के 15 सड़क एवं नाला निर्माण कार्य
- 03 करोड़ की लागत से नव-सृजित वार्डों के विभिन्न 07 पार्कों का शिलान्यास
- 80 लाख की लागत से रिक्त भूमि पर पौधरोपण, पार्क फाउंडेशन एवं पेविंग निर्माण
- 6.50 करोड़ की लागत से डोमेस्टिक हजार्डस वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण
- 01 करोड़ की लागत से घंटाघर का सुंदरीकरण कार्य
- 50 लाख की लागत से 05 वार्ड कार्यालय का कार्य
- 23.88 करोड़ की लागत से विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली एवं अन्य कार्य
- 02.83 करोड की लागत से वाहन पार्किंग स्थलों पर सुविधाओं का विकास कार्य
- 02 करोड़ की लागत से प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य
- 24 करोड़ से महानगर के प्रत्येक वार्डों में सड़क, नाली एवं अन्य निर्माण कार्य
- 14.89 करोड़ से वार्डों, चौरीचौरा, नगर पंचायत में सड़क, नाली निर्माण कार्य

### इनका होगा लोकार्पण

- 67.55 की लागत से एकला बन्धा से कारकस प्लांट तक सड़क निर्माण
- 04.55 करोड़ की लागत से गैस आधारित पशु शवदाहगृह का निर्माण
- 12.94 करोड़ से महानगर के वार्डों, चिल्लूपार, सहजनवां एवं सड़क-नाली निर्माण
- 02.46 करोड़ की लागत से प्रस्तावित फेज-2 (पंपिंग स्टेशन) तक नाला निर्माण
- 96.94 लाख की लागत से महेवा स्थित कान्हा उपवन गोशाला में शेड निर्माण।

# महाकुंभ से लौट रहे तीन लोगों की मौत, तीन घायल



### जौनपुर में बस की टक्कर से कार के उड़े परखच्चे

सत्ता सुधार ■ जौनपुर

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और बस में आमने- सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि कार सवार तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। एक सप्ताह पूर्व वैगनआर कार से छह लोग प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या का स्नान करने निकले थे। स्नान के बाद श्रद्धालु अपनी कार में सवार होकर अपने घर जा रहे थे।

कार को संजय सिंह चला रहा थे। उसमें उनका परिवार व उनके करीबी दोस्त का परिवार भी था। रात करीब 11 बजे कार सवार श्रद्धालु प्रयागराज से अपने घर के लिए निकले। करीब तीन बजे सतहरिया पुलिस चौकी के पास पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही खाली रोडवेज बस से आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार सभी लोग बुरी तरह से फंस गए।

### कार में फंसे लोगों को निकाला

तेज आवाज और चीख-पुकार सुनकर सतहरिया चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्रा मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर कार में फंसे लोगों को कटर की मदद से किसी तरह बाहर निकाला। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने कार ड्राइवर संजय सिंह (55) निवासी महाराजगंज, बिंदु सिंह (45) निवासी गोरखपुर, विमला देवी (58) निवासी गोरखपुर को मृत घोषित कर दिया।

### गंभीर घायल रेफर

हादसे में कार सवार विधावती निवासी महाराजगंज, किरन देवी तिवारी निवासी महाराजगंज, महेश तिवारी गंभीर रूप घायल हो गए। जिन्हें डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। हादसे के बाद करीब घंटों जाम लगा रहा। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र के मुताबिक रोडवेज व श्रद्धालुओं से भरी कार की आमने- सामने की टक्कर हुई। जिसमें तीन की मौत व तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रूस के पर्यटकों ने स्वच्छता के लिए किया जागरूक




### दशाश्वमेध घाट पर चलाया अभियान

सत्ता सुधार ■ वाराणसी

नमामि गंगे के स्वच्छता अभियान से जुड़कर रूसी पर्यटकों ने स्वच्छता की अलख जगाई। गुरुवार को नमामि गंगे द्वारा दशाश्वमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अभियान में रुस से पधारे विदेशी पर्यटकों ने भागीदारी की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वच्छता स्लोगन लिखी तख्तियां उठाई। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक व नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर राजेश शुक्ला के संयोजन में विदेशी पर्यटकों ने हम नहीं रुकेंगे- हम स्वच्छ करेंगे, हर हर महादेव, हर हर गंगे, नमामि गंगे के उद्घोष से वातावरण को स्वच्छ और भक्तिमय बना दिया। इस दौरान घाट पर स्वच्छता की गूंज रही। वहीं सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने की अपील की गई। गंगा सेवक राजेश शुक्ला ने कहा कि सभ्यता और संस्कृति की पोषक गंगा की रक्षा का सबसे सशक्त जरिया जनजागरण है। लिहाजा गंगा के साथ संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण जरूरी है।

### राष्ट्र पिता के जीवन से मिलता विश्व शांति का मार्ग, सीएम योगी ने बापू को दी स्वरांजलि, बोले

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम हजरतगंज चौराहे पर स्थापित बापू की प्रतिमा पर पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों ने बापू की पुण्यतिथि पर स्वरांजलि दी। सीएम योगी भी बच्चों के साथ स्वरांजलि में हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों 'रघुपति राघव राजाराम...', वैष्णव जन तो तेने




कहिये जे पीड़ परायी जाणे रे...' जैसे गीतों को मधुर स्वर में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद सीएम योगी ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचाई। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लाल जी प्रसाद निर्मल आदि गणमान्य लोगों ने भी बापू को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की है।

### दुष्कर्मी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में गुरुवार को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया है। सदर विधानसभा क्षेत्र की महिला ने सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर यौन शोषण का आरोप लगाकर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। सांसद को को शहर कोतवाली पुलिस ने उनको लोहरबाग स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। सांसद के परिजनों की मानें तो सांसद एक प्रेस कांफ्रेंस कर सरेंडर करने वाले थे। इस दौरान पुलिस पहुंच गई और गिरफ्तार किया। दुष्कर्म के आरोपी कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह की कोर्ट ने की। सांसद की ओर से अधिवक्ता अतुल वर्मा, सोमेश त्रिपाठी व अरविंद वर्मा ने पक्ष रखा। वहीं, पीड़िता की ओर से शासकीय अधिवक्ता ने बहस की।

# रामनगरी में चार श्रद्धालुओं की मौत, 12 अस्पताल में भर्ती

## मेडिकल कॉलेज में बढ़ाए गए 80 और बेड

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

रामनगरी में चार श्रद्धालुओं की तबियत विभिन्न कारणों से खराब हो गई है। उन्हें इलाज के मेडिकल कॉलेज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा 12 अन्य श्रद्धालु घायल होकर अस्पताल में भर्ती हुए हैं। दोपहर तक 14 श्रद्धालु मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं। इनमें श्रावस्ती के कैलाशपुर निवासी संगम (80) व बस्ती के बांसा निवासी आलोक को पहुंचते ही मृत घोषित कर दिया गया।

मृतक संगम के परिजनों ने बताया कि वह दर्शन करने जा रहे थे। इस बीच अचानक रक्तचाप बढ़ने से उनकी हालत खराब हो गई। वहीं, मृतक आलोक कुमार किसी दुर्घटना में घायल होकर पहुंचे थे। उन्हें ने मृत घोषित कर दिया गया। हैदरगंज थाना क्षेत्र के रमवाकला निवासी सोना देवी (50) शाम को प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए परिजनों और गांव के कुछ लोगों के साथ खजुरहट रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं। ट्रेन आने के दौरान भीड़ होने से ट्रेन पर नहीं बैठ पाई। इस बीच अचानक चक्कर आने से उनकी हालत खराब हो गई और वह बेहोश हो गईं। साथ में मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया। जांच-पड़ताल के बाद डॉ. धर्मेंद्र रंजन ने मृत घोषित कर दिया।



### भोपाल की महिला ने तोड़ा दम

अयोध्या दर्शन करने आ रहीं भोपाल निवासी रुक्मणी (45) की बुधवार सुबह चौरे बाजार के पास अचानक तबियत खराब हो गई। उनको इलाज के लिए परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया। जांच-पड़ताल के बाद चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा 48 वर्षीय एक अज्ञात, मध्य प्रदेश के अशोक नगर निवासी गायत्री, यहीं की पिंकी (25) व बैजंती (40), मध्य प्रदेश के बल्लापुर निवासी आयुष (81), रचना (30), डेन (12), सुगना (42) व खेरिया निवासी मान सिंह (54) आदि घायल होकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे हैं।

**आरक्षित किए 80 और बेड-** जिले में लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इंतजाम पुख्ता किए हैं। 50 बेड के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में सात आईसीयू बेड लगाए गए हैं। साथ ही बर्न वार्ड व पुराने बिल्डिंग में 80 और बेड आरक्षित किए गए हैं।

### महाकुंभ का हादसा दुर्भाग्यपूर्ण, बढ़ाया जाए मुआवजा: डिंपल

**अयोध्या।** यूपी के अयोध्या में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सियासत गर्म है। इसी कड़ी में गुरुवार को समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक सांसद डिंपल यादव रोड शो करने अयोध्या पहुंची। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरकर मीडिया से बातचीत की। इस मौके पर सांसद डिंपल यादव ने कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल है। हम वहां पर भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ हादसे पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी संवेदना उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपनों को खोया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि जो घायल हैं वे जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने प्रदेश की योगी सरकार से कहा कि मुआवजे की राशि बढ़ाई जाए। जिनकी मौत हुई है, उनके शव परिजनों को जल्द सौंप दिए जाएं। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर सपा सांसद का पूर्व मंत्री पवन पांडेय, जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव और सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सपा सांसद एयरपोर्ट से रोड शो के लिए मिल्कीपुर रवाना हो गई हैं।

## पहल | जागरूकता अभियान में केंद्रीय युवा मंत्रालय और आकार आईएएस का अहम योगदान, निबंध प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया गया

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत



सत्ता सुधार ■ लखनऊ

केंद्रीय युवा मंत्रालय के समन्वय से आकार आईएएस लखनऊ द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के लिए निबंध प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया गया। यह अभियान देशभर में सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने और लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। सड़क दुर्घटनाएं आज के समय में एक गंभीर समस्या बन चुकी हैं, और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं, जो समाज और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी हैं। दुर्घटनाओं के कारण न केवल अनगिनत लोगों की जान जाती है, बल्कि परिवारों का जीवन भी बुरी तरह प्रभावित होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों का आंकड़ा दुनिया में सबसे अधिक है। स्थिति को सुधारने के लिए सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता और जिम्मेदार व्यवहार की आवश्यकता है।






### युवाओं की सोच भी होगी सशक्त

आकार आईएएस की संस्थापक पल्लवी सिंह ने बताया कि इस निबंध प्रतियोगिता और रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों और युवाओं को न केवल सड़क सुरक्षा के अहम पहलुओं पर विचार करने का मौका मिलता है, बल्कि वे यह भी समझ पाते हैं कि यह समस्या समाज के प्रत्येक वर्ग को प्रभावित करती है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने से युवा अपनी रचनात्मकता और सोच को भी सशक्त बना सकते हैं।

### सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा

निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। जब हम सड़क पर चलते हैं, तो हमें अपनी और दूसरों की सुरक्षा के प्रति सचेत रहना चाहिए। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से न केवल युवा वर्ग को, बल्कि पूरे समाज को यह समझने की जरूरत है कि सड़क सुरक्षा सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समुदाय का मुद्दा है। निबंध प्रतियोगिता और रैली जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

### दिखेगा सकारात्मक बदलाव

पल्लवी सिंह ने कहा कि मुझे पूर्ण भरोसा है कि इस तरह की पहल से हम एक सुरक्षित और जिम्मेदार समाज की ओर कदम बढ़ा सकेंगे, जहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। हर किसी को सड़क पर चलने या वाहन चलाने का सुरक्षित अनुभव होगा। सड़क सुरक्षा पर यह जागरूकता अभियान और निबंध प्रतियोगिता युवा पीढ़ी को न केवल सोचने के लिए प्रेरित करती है, बल्कि उन्हें सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने और उसे बढ़ावा देने के लिए जागरूक भी करती है। यह समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

**स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव** के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुरुद्वारा चौराहा, शिवपुरी से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। **मोबाईल न.** 9893126900, 7869966100, फोन- 403553 । **स्थानीय संपादक दीपक अरोरा***।
आर.एन.आई. नं. एम पी एच आई एन/2000/2530 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, **शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें**-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* **समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।**